सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 18 जुलाई, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 11, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 965 अंकों की उछाल

रिलायंस इंडस्ट्रीज, बैंक और आईटी शेयरों में खरीदारी आने से शेयर बाजार जोरदार तेजी से सेंसेक्स 965 अंक उछल गया जबकि निफ्टी ने 262 अंक की छलांग लगाई। } 10

## सीतारमण ने 3216 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किये

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के ऋण पहुंच कार्यक्रम के दौरान केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत एक लाख से अधिक लाभार्थियों को 3,216 करोड़ रुपये के कर्ज वितरित किए। } 12



## चढ़ावा चोरी : एसआईटी सोमवार को सौंपेगी रिपोर्ट

### ट्रस्ट ने प्रायश्चित के लिए शुरू किया 10 दिवसीय शुद्धिकरण अनुष्ठान

जिला संवाददाता



लखनऊ। अयोध्या में राम मंदिर में दान के कथित गबन की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में सोमवार को सीधे शीर्ष अदालत को अंतरिम रिपोर्ट सौंप सकती है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह बात कही। सूत्रों ने यह भी कहा कि एसआईटी श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को प्राप्त दान से संबंधित कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच को अंतिम रूप देने के लिए राज्य सरकार से अतरिक्त समय मांग सकती है। अयोध्या में धार्मिक अनुष्ठानों की परंपरा नयी नहीं है, लेकिन श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा शुरू किया गया 10 दिवसीय शुद्धिकरण अनुष्ठान इसलिए विशेष माना जा रहा है क्योंकि इसका उद्देश्य हाल में सामने आए कथित चढ़ावा चोरी प्रकरण के लिए प्रायश्चित करना और भगवान से क्षमा याचना करना है। यह घटनाक्रम कथित दान गबन की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच का अनुरोध करने वाली याचिकाओं ...शेष पृष्ठ 10 पर

## 10 साल पहले आतंक व भय का प्रतीक था शामली : योगी

### कांवड़ यात्रा में अनुशासनहीनता स्वीकार नहीं, उपद्रव का प्रयास करने वाले को कान पकड़कर बाहर कर दें : सीएम

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी व कांग्रेस पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि जिन्ना के उपासक लोग डेमोग्राफी बदल रहे थे और इसीलिए कैराना व कांधला से पलायन हो रहा था। उन्होंने स्थानीय नागरिकों को चेताया कि जिन्ना के अनुयायियों को जब भी मौका मिलेगा, वे आपको क्षेत्र व जाति के नाम पर बांटेंगे। विकास कार्यों में लूट-खसोट करेंगे। बेटी-व्यापारी की सुरक्षा में सेंध लगाएंगे। इनसे लगातार सतर्क रहना है। सीएम ने कांवड़ संघों से अपील करते हुए कहा कि हम सभी श्रीराम के वंशज, श्रीकृष्ण के अनुयायी व भोले शंकर के भक्त हैं। राम की मयार्दा, कृष्ण की लीला व शंकर की समरसता/जीवंतता आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। अनुशासन व धैर्य जीवन की पूंजी है। अनुशासनहीनता करने वालों को सीएम ने चेताया कि छोटी बातों को लेकर हुड़दंग नहीं होना



चाहिए। विरोधी लोग अनुशासनहीनता पर कांवड़ यात्रा को पहले की तरह बंद कराने के लिए दबाव बनाने का प्रयास करेंगे। किसी गलत व्यक्ति ने उपद्रव करने का प्रयास किया तो उसे कान पकड़कर बाहर करने की आवश्यकता है। अनुशासनहीनता कतई ...शेष पृष्ठ 10 पर

### गुंडा व माफियाराज चाहने वालों को जिन्ना पसंद

बिजनौर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 से पहले मुख्यमंत्री बिजनौर आने से बचते थे और इसे अपशकुन मानते थे। दरअसल, वह स्वयं अपशकुन थे, इसलिए बिजनौर उन्हें स्वीकार नहीं करता था। जिस धरती पर भगवान श्रीकृष्ण महात्मा विदुर के घर साग खाने आए हों और जहां मां गंगा का पावन सानिध्य प्राप्त होता हो, उस पवित्र भूमि पर आने से कोई कैसे मना कर सकता है। आज बिजनौर विकास की नई पहचान बन चुका है। जनपद में हाईवे, रेलवे, मेडिकल कॉलेज जैसी सुविधाएं विकसित हुई हैं और गन्ना किसानों ...शेष पृष्ठ 10 पर

## पीएम मोदी ने पहली हाइड्रोजन ट्रेन को दिखायी हरी झंडी

### ❍ मेक इन इंडिया का सफल उदाहरण है ट्रेन ❍ दो घंटे में तय होगी जींद से सोनीपत की दूरी




एजेंसी

जींद (हरियाणा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को हरियाणा के जींद और सोनीपत के बीच चलने वाली भारत की पहली हाइड्रोजन चालित ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और इसे मेक इन इंडिया अभियान का एक सफल उदाहरण बताया।

इसके साथ ही भारत उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में शामिल हो गया है, जहां हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेनें परिचालन में हैं। यह रेलवे क्षेत्र में स्वच्छ और टिकाऊ परिवहन व्यवस्था को अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। जींद और सोनीपत के बीच 89 किलोमीटर की दूरी यह ट्रेन दो घंटे में तय करेगी। इस दौरान यह 12 स्टेशनों पर रुकेगी। ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के बाद प्रधानमंत्री ने 14,700 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित कीं और उनकी आधारशिला भी रखी। इसके बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने हाइड्रोजन चालित ट्रेन को मेक इन इंडिया अभियान का एक सफल उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि आज भारतीय रेलवे ने एक बड़ा कदम उठाया है और जींद से सोनीपत के बीच चलने वाली यह हाइड्रोजन ट्रेन दुनिया की सबसे शक्तिशाली हाइड्रोजन चालित ट्रेन है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते बड़ी मात्रा में पेट्रोल, ...शेष पृष्ठ 10 पर

### जालंधर में 5,470 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन



जालंधर (पंजाब)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को जालंधर में 5,470 करोड़ रुपये की रेलवे और सड़क बुनियादी ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इनमें 75 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन भी शामिल हैं। इन परियोजनाओं का उद्देश्य संपर्क (कनेक्टिविटी) को मजबूत करना, यात्रियों की सुविधाओं में सुधार करना और क्षेत्र में आर्थिक विकास को गति देना है। प्रधानमंत्री मोदी ने अमृतसर (छेहरटा)-वाराणसी के बीच चलने वाली संत रविदास एक्सप्रेस ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### नीट-यूजी परिणाम घोषित, आर्यन व पांशुल को मिला सर्वोच्च स्थान

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी)-2026 के परिणाम घोषित किए, जिसमें पंजाब के आर्यन गुप्ता और हरियाणा के पांशुल बंसल ने शीर्ष स्थान (दोनों के 715 अंक) हासिल किया जबकि कुल 11.21 लाख अभ्यर्थी सफल (अर्ह) घोषित किए गए। अर्हता प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों में 58 फीसदी से अधिक महिलाएं हैं। एनटीए के अनुसार, जहां गुप्ता और बंसल ने 720 में से 715-715 अंक हासिल किए, वहीं 19 अभ्यर्थियों ने 700 अंक और 138 अभ्यर्थियों ने 690 अंक प्राप्त किए। इसके अलवा कुल।,492 अभ्यर्थियों ने 650 या उससे अधिक अंक अर्जित किए, जबकि 10,160 अभ्यर्थियों ने 600 या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए नौ मई को आयोजित यह परीक्षा प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों के बीच 12 मई को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा रद्द कर दी गई थी।

### मगरमच्छ के हमले में बालक की मौत

बहराइच (उप्र)। बहराइच जिले के बौंडी थाना क्षेत्र में घाघरा नदी में मगरमच्छ के हमले में 12 वर्षीय बालक की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बौंडी थाना प्रभारी टी.एन. मौर्य ने बताया कि टिकुरी गांव निवासी सुनील (12) बृहस्पतिवार शाम अपने चाचा विजय राज सिंह के साथ खेत में धान की रोपाई कराने के बाद घाघरा नदी के किनारे शौच के लिए गया था। इसी दौरान नदी से निकले मगरमच्छ ने उस पर हमला कर उसे जबड़ों में दबोच लिया। उन्होंने बताया कि बच्चे के चाचा और आसपास मौजूद ग्रामीणों ने शोर मचाकर तथा ईंट-पत्थर फेंककर उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन मगरमच्छ उसे गहरे पानी में खींच ले गया।

## फिरोजाबाद : दो इनामी बदमाश मुठभेड़ में ढेर

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले में इटावा के विशेष अभियान दल (एसओजी) और पुलिस की संयुक्त टीम के साथ शुक्रवार को हुई मुठभेड़ में दो कथित इनामी बदमाश मारे गए। इस दौरान गोली लगने से दो पुलिसकर्मी भी घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यह मुठभेड़ दोपहर के आसपास शिकोहाबाद थाना क्षेत्र के नीम खरिया गांव के निकट हुई। दोनों आरोपी तीन जुलाई को इटावा में हुई झपटमारी की एक वारदात में वांछित थे और पुलिस का पीछा किए जाने पर उन्होंने कथित तौर पर पुलिस टीम पर गोलीबारी कर दी। आगरा के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) एस. के. भगत ने बताया कि इटावा एसओजी और निगरानी (सर्विलांस) टीम को सूचना मिली थी कि दोनों वांछित अपराधी गाजियाबाद से झारखंड जा रही संबलपुर एक्सप्रेस में सवार हैं। उन्होंने बताया कि फिरोजाबाद पुलिस के साथ संयुक्त टीम ने शिकोहाबाद रेलवे स्टेशन पर ट्रेन रुकने के बाद उसकी तलाशी शुरू की। भगत के अनुसार, दोनों आरोपी ट्रेन से उतरकर पास ...शेष पृष्ठ 10 पर

## गुजरात में आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार

एजेंसी

अहमदाबाद। गुजरात में आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के मॉड्यूल से कथित तौर पर संबंध के आरोप में दो दिन पहले गिरफ्तार किये गए पांच संदिग्ध बम बनाने की तकनीक सीख रहे थे और बम धमाके करने की तैयारी कर रहे थे। राज्य आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

❍ संदिग्ध आईईडी बनाने की कर रहे थे कोशिश

गुजरात एटीएस द्वारा कथित जैश मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने के कुछ दिनों बाद, 15 जुलाई को राज्य के अलग-अलग जिलों से पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया था। मेहसाणा जिले की काडी अदालत ने बृहस्पतिवार को पांच संदिग्धों को आठ दिन के लिए एटीएस की हिरासत में भेज दिया। एटीएस के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) सुनील जोशी ने संवाददाताओं को बताया, इस महीने की शुरुआत में गिरफ्तार किए गए मोहम्मद अमीन शेरा से पूछताछ के दौरान चौंकाने वाला खुलासा हुआ। उसने बताया कि धमाके की तैयारी में लोगों का एक और समूह उसके साथ काम कर रहा था। गुजरात एटीएस ने बुधवार को अहमदाबाद निवासी और साबरकांठा में जमीयत-उल-उलूम मदरसा में शिक्षित बिलाल शेरा (24), पाटन निवासी और खदियासन में जामिया अबुल हसन मदरसा में छात्र ...शेष पृष्ठ 10 पर

## अग्निवीरों के भविष्य को नयी दिशा देगा उत्तराखंड

### सेना से लौटने वाले युवाओं के लिए रोजगार, उद्यमिता व पुनर्वास की होगी व्यवस्था

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड सरकार सैन्य सेवा के बाद अग्निवीरों के सुरक्षित और सम्मानजनक भविष्य के लिए व्यापक नीति पर कार्य कर रही है। इसी क्रम में राज्य में एक विशेष 'अग्निवीर सेल' स्थापित किया जाएगा, जो सेवा पूरी कर लौटने वाले अग्निवीरों को रोजगार के अवसर, स्वरोजगार, कौशल उन्नयन, पुनर्वास तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए एक समन्वित मंच के रूप में कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि इस पहल से उत्तराखंड अग्निवीरों के लिए समर्पित संस्थागत सहायता प्रणाली विकसित करने वाला देश का अग्रणी राज्य बनेगा।




देहरादून के कुआंवाला स्थित यूथ फाउंडेशन प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित 'युवा अग्निवीर संवाद' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की पहचान देश को सर्वाधिक वीर सैनिक देने वाले राज्यों में रही है इसलिए सैनिकों, पूर्व सैनिकों, शहीद परिवारों और अग्निवीरों के हितों की रक्षा तथा उनके कल्याण को राज्य सरकार अपनी सर्वोच्च जिम्मेदारी मानती है। उन्होंने कहा कि सैन्य सेवा पूरी करने वाले ...शेष पृष्ठ 10 पर

## अमेरिकी सीनेट में 100 प्रतिशत शुल्क लगाने वाला विधेयक पेश

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के उच्च सदन सीनेट में 60 से अधिक सदस्यों के समर्थन से एक विधेयक पेश किया गया है जिसमें रूसी तेल खरीदने पर भारत और चीन समेत पांच देशों पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने का प्रावधान है। हालांकि, इस विधेयक में रूसी प्राकृतिक गैस खरीदने वाले यूरोपीय देशों को छूट दी गई है।

सदन में बृहस्पतिवार को पेश इस विधेयक का मसौदा डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्य रिचर्ड ब्लूमेंथल और रिपब्लिकन पार्टी के दिवंगत सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने मिलकर तैयार किया था। इस विधेयक को रूस के राजनीतिक नेतृत्व, वित्तीय संस्थानों, ऊर्जा क्षेत्र और प्रतिबंधों से बचने वाले नेटवर्क पर अनिवार्य प्रतिबंध लगाकर, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के लिए इस्तेमाल होने वाली कमाई से वंचित करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

ब्लूमेंथल ने मंगलवार को कहा था कि प्रस्तावित विधेयक का उद्देश्य रूसी तेल के पांच बड़े खरीदारों चीन, भारत, स्लोवाकिया, हंगरी और अजरबैजान पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाना है। सीनेट में बृहस्पतिवार को पेश किये गए विधेयक में उन देशों से होने वाले आयात पर शुल्क लगाने का प्रावधान है जो रूसी कच्चे तेल या प्राकृतिक गैस के दुनिया के शीर्ष पांच खरीदार हैं, या जो रूसी तेल पर लगे प्रतिबंधों से बचने में मदद करने ...शेष पृष्ठ 10 पर

**विशेष खबर** आरओ से निकले खराब पानी को बचाने की तकनीक पर होगा शोध

## सहजन के बीज व ज्वालामुखीय पत्थर से बचेगा लाखों लीटर पानी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। योगी सरकार जल संरक्षण और भूजल संवर्धन को जनभागीदारी से जोड़ते हुए प्रदेश में 'भूजल सप्ताह-2026' के माध्यम से व्यापक जनजागरूकता अभियान चला रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को भूगर्भ जल विभाग की ओर से 'जल-संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जल संरक्षण के लिए घरेलू आरओ से फिल्टर के बाद खराब होने वाले पानी को बचाने पर जोर दिया गया। इसमें सामने आया कि मोरिंगा सीड्स (सहजन के बीज) और स्कोरिया वॉल्केनिक रॉक (छिद्रयुक्त ज्वालामुखीय पत्थर) मददगार साबित हो सकता है। जल्द ही इस पर और शोध कर प्रोटोटाइप तैयार करने व उसकी टेस्टिंग, प्रक्रिया के तहत करने की सहमति भी बनी। 'भूजल सप्ताह-2026' के तहत 'जल-संवाद' कार्यक्रम की अध्यक्षता भूगर्भ जल विभाग के निदेशक डॉ. राजेश कुमार प्रजापति ने की। इस दौरान




प्राकृतिक और कम लागत वाली जल शोधन तकनीकों पर भी चर्चा हुई। जहां सहजन के बीज और छिद्रयुक्त ज्वालामुखीय पत्थर के उपयोग से पानी शुद्ध करने की तकनीक प्रस्तुत की गई। इसके जरिए आरओ सिस्टम से खराब होने वाला लाखों लीटर पानी बचाया जा सकेगा। भूगर्भ जल विभाग ने इस विजन का स्वागत करते हुए आगे शोध व आगामी संभावनाओं में दिलचस्पी ...शेष पृष्ठ 10 पर

## बीबीडी यूनिवर्सिटी परिसर में आज मनाया जायेगा जस्टिस डीपी गुप्ता का जन्म शताब्दी समारोह

विशेष संवाददाता

लखनऊ। जस्टिस डीपी गुप्ता पूर्व मुख्य न्यायाधीश उच्च न्यायालय राजस्थान, पूर्व कार्यवाहक राज्यपाल व पूर्व कार्यवाहक लोकायुक्त राजस्थान की जन्म शताब्दी के अवसर पर बीबीडी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज के तत्वावधान में प्रथम जस्टिस डीपी गुप्ता मूट कोर्ट प्रतियोगिता 2026 का आयोजन शुक्रवार को किया गया। यह खास

❍ बीबीडी यूनिवर्सिटी में प्रथम जस्टिस डीपी गुप्ता मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन




मौका जस्टिस डीपी गुप्ता के जीवन, उनकी विरासत और उनके बहुमूल्य योगदान को याद करने के लिए है। न्यायपालिका और समाज के लिए उनकी शानदार सेवा पीढ़ियों को प्रेरित करती रही है। इस कार्यक्रम का मकसद एकेडमिक जगत, न्यायपालिका ...शेष पृष्ठ 10 पर

### जस्टिस डीपी गुप्ता के जीवन पर आधारित किताब का होगा विमोचन

जस्टिस डीपी गुप्ता पूर्व मुख्य न्यायाधीश उच्च न्यायालय राजस्थान एवं पूर्व राज्यपाल राजस्थान की जन्म शताब्दी के अवसर पर उनके जीवन और विरासत पर आधारित यादगार किताब का विमोचन किया जायेगा। साथ ही प्रतियोगिता का समापन 18 जुलाई को फाइनल राउंड के साथ होगा। इसमें विजयी प्रतिभागियों को बतौर मुख्य अतिथि जस्टिस दिनेश माहेश्वरी, पूर्व ...शेष पृष्ठ 10 पर

C M Y K

# पीएम सूर्य घर योजना: देश में दूसरे स्थान पर पहुंचा यूपी

## 6.74 लाख से अधिक घरेलू रूफटॉप सोलर स्थापित

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने स्वच्छ ऊर्जा और ऊर्जा आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचा है। प्रधानमंत्री सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत घरेलू रूफटॉप सोलर स्थापना में उत्तर प्रदेश ने महाराष्ट्र को पीछे छोड़ते हुए देश में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। प्रदेश में अब तक 6,74,393 घरेलू रूफटॉप सोलर संयंत्रों की स्थापना हो चुकी है। पीएम सूर्य घर योजना की राष्ट्रीय रैंकिंग में गुजरात 7,49,839 स्थापनाओं के साथ पहले स्थान पर, जबकि उत्तर प्रदेश 6,74,393 स्थापनाओं के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। महाराष्ट्र 6,73,717 स्थापनाओं के साथ तीसरे स्थान पर है।

उत्तर प्रदेश की यह उपलब्धि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, उच्चस्तरीय मॉनिटरिंग, विभागीय समन्वय और मिशन मोड में किए गए प्रयासों का परिणाम है। प्रदेश सरकार द्वारा उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ने से लेकर सोलर संयंत्रों की स्थापना, बैंक ऋण, डिस्कॉम निरीक्षण और सब्सिडी प्रक्रिया को गति देने के लिए विभिन्न स्तरों पर लगातार प्रयास किए गए हैं। इस दौरान यूपी नेडा डायरेक्टर रविन्द्र सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में घरेलू रूफटॉप सोलर के तेजी से विस्तार के परिणामस्वरूप अब तक लगभग 2,283.8 मेगावाट यानी 2.28 गीगावाट सौर ऊर्जा क्षमता स्थापित की जा चुकी है। इससे प्रदेश के लाखों घर अपनी छतों पर स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि रूफटॉप सोलर से उपभोक्ताओं की पारंपरिक ग्रिड बिजली पर निर्भरता कम होने के साथ-साथ उनके मासिक बिजली बिल में भी उल्लेखनीय कमी आई है। प्रदेश के लाखों परिवारों को प्रतिदिन लगभग 6.5 करोड़ रुपये की निःशुल्क सौर बिजली का लाभ प्राप्त हो रहा है। यह परिवर्तन उत्तर प्रदेश को केवल बिजली उपभोग करने वाली व्यवस्था से आगे बढ़ाकर विशेष आर्थिक दिशा में ले जा रहा है, जहां उपभोक्ता स्वयं अपने घर की छत पर बिजली का उत्पादन कर अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के साथ अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में भेजने में भी सक्षम हो रहे हैं। पीएम सूर्य घर योजना के व्यापक विस्तार ने उत्तर प्रदेश में एक मजबूत सोलर इकोनॉमी इकोसिस्टम विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रदेश में सोलर सेक्टर से जुड़ी 7,000 से अधिक कंपनियां एवं व्यावसायिक इकाइयां सक्रिय हैं, जिनके माध्यम से 85,000 से अधिक लोगों के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं।

## सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, मिर्जापुर की 18 छात्राओं ने नीट में लहराया परचम

**लखनऊ/मिर्जापुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय, मड़िहान, मिर्जापुर की छात्राओं ने नीट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया है। संस्थान की 18 छात्राओं ने परीक्षा उत्तीर्ण कर सफलता हासिल की। समाज कल्याण विभाग के निदेशक संजीव सिंह ने जानकारी दी कि प्रदेश की प्रतिभावान बालिकाओं को प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं जैसे खएए और टएएळ की निःशुल्क तैयारी के लिए मिर्जापुर के सर्वोदय विद्यालय मड़िहान को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया गया है। यह पहल एक्स नवोदयन फाउंडेशन, वाराणसी एवं टाटा एआईजी के सहयोग से संचालित की जा रही है। कुल 34 छात्राओं को टएएळ की निःशुल्क आवासीय कोचिंग प्रदान की गई। इनमें से 31 छात्राओं ने नीट परीक्षा में भाग लिया, जिनमें 18 छात्राओं ने सफलता प्राप्त की है। इनमें पूजा रंजन, श्वेता पाल, खुशबू, लक्ष्मी रावत, मालती, अंकिता, अनीता, मनीषा, प्रेमलता, अंकिता कुमारी, कोमल, सपना, अंशिका, प्रियंका, फूल कुमारी, अनुराधा, खुशी और आंचल ने सफलता अर्जित की है। बता दें कि समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश भर में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के छात्र-छात्राओं के लिए कक्षा 6 से 12 तक आवासीय सुविधा से युक्त 103 सर्वोदय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इन विद्यालयों में गुणवत्तापरक शिक्षा के साथ-साथ खएए और टएएळ जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग की सुविधा भी प्रदान की जा रही है, जिससे वंचित वर्ग के प्रतिभावान विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का सशक्त अवसर मिल रहा है। समाज कल्याण विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, मिर्जापुर की छात्राओं की सफलता उनकी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और विभाग की गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क आवासीय कोचिंग व्यवस्था का उत्कृष्ट परिणाम है।

# विकसित भारत के लिए संस्कारवान पीढ़ी तैयार करना जरूरी : राजेश्वर

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि विकसित भारत का सपना केवल आधुनिक सड़कों, डिजिटल तकनीक और मजबूत अर्थव्यवस्था से पूरा नहीं होगा, बल्कि इसके लिए संस्कारवान, सक्षम, स्वस्थ और राष्ट्रप्रथम सोच वाले नागरिकों का निर्माण भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल क्रांति, नवाचार और तकनीकी विकास के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है, लेकिन इस प्रगति को स्थायी बनाने के लिए नई पीढ़ी को मूल्यों और ज्ञान से सशक्त करना होगा।

डॉ. सिंह ने कहा कि बच्चों में ईमानदारी, अनुशासन, करुणा, राष्ट्रभक्ति, कर्तव्यबोध और दूसरों के प्रति सम्मान जैसे गुण विकसित करना केवल परिवार या विद्यालय की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का सामूहिक दायित्व है। मूल्य आधारित शिक्षा को समाज का सबसे बड़ा निवेश बताते हुए उन्होंने कहा कि मजबूत चरित्र और आधुनिक विकास एक-दूसरे के पूरक हैं। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि विकसित भारत के लिए मूल्य, ज्ञान, तकनीक और फिटनेस का मजबूत आधार तैयार करना समय की मांग है। स्मार्ट क्लास, डिजिटल लाइब्रेरी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जागरूकता, साइबर सुरक्षा और खेल गतिविधियों के माध्यम से बच्चों और युवाओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि सरोजनीनगर में संचालित 15 आरबीएस डिजिटल एम्पावरमेंट सेंटर युवाओं को तकनीकी और डिजिटल कौशल प्रदान कर रहे हैं। अब तक 1,001 विद्यार्थी प्रशिक्षण पूरा कर चुके हैं, जबकि 481 विद्यार्थी वर्तमान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। खेलों के महत्व पर जोर देते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व, टीमवर्क, दृढ़ता और आत्मविश्वास विकसित करने का सशक्त साधन है। उन्होंने बताया कि सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग के नौ संस्करणों में अब तक 10 हजार से अधिक युवा प्रतिभाग कर चुके हैं, 1,500 से अधिक स्पोर्ट्स किट वितरित की गई हैं तथा 11 लाख रुपये से अधिक की पुरस्कार राशि दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का निर्माण आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, मजबूत अर्थव्यवस्था और तकनीकी प्रगति के साथ-साथ सशक्त मानव संसाधन और मजबूत चरित्र से होगा।

# डीरेग्युलेशन 2.0 की समीक्षा, यूपी में कारोबार सुगमता बढ़ाने पर जोर

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में निवेश और उद्योगों के लिए अधिक अनुकूल वातावरण तैयार करने की दिशा में सरकार ने एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। 'कम्प्लायंस रिडक्शन एवं डीरेग्युलेशन 2.0' के तहत शुक्रवार को लोक भवन में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में नियमों और प्रक्रियाओं को सरल, तेज और पारदर्शी बनाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य सचिव एस.पी. गोयल ने की, जबकि भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय के सचिव भारत हरबंसलाल खेरा सहित केंद्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में राजस्व, स्वास्थ्य, पर्यटन, ऊर्जा, अग्निशमन, शहरी विकास, पर्यावरण, श्रम और औद्योगिक विकास समेत 23 प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में चल रहे सुधारों की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने अनावश्यक अनुपालनों को समाप्त करने, अनुमोदन प्रक्रियाओं को सरल बनाने और उद्योगों व नागरिकों को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने पर चर्चा की। मुख्य सचिव एस.पी. गोयल ने कहा कि डीरेग्युलेशन 2.0 के तहत सभी विभागों को तेजी से कार्य करना होगा। उन्होंने निर्देश दिया कि अनुमोदन प्रक्रियाओं को सरल बनाया जाए, अनावश्यक नियमों को हटाया जाए और सरकारी सेवाओं को अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि कारोबार सुगमता का लाभ निवेशकों और आम नागरिकों तक प्रत्यक्ष रूप से पहुंचना चाहिए। गौरतलब है कि कम्प्लायंस रिडक्शन एवं डीरेग्युलेशन के पहले चरण में उत्तर प्रदेश ने देश में प्रथम स्थान हासिल किया था। राज्य सरकार ने भूमि प्रशासन, भवन निर्माण स्वीकृति, श्रम कानूनों और उपयोगिता सेवाओं से जुड़ी प्रक्रियाओं में व्यापक सुधार कर कारोबार सुगमता को बढ़ावा दिया है।

# नकली दूध, पनीर व मसाला कारोबारियों पर कड़ी कार्रवाई

## 11.66 करोड़ रुपये की खाद्य सामग्री जब्त, 6 एफआईआर दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ योगी सरकार ने अब तक का सबसे व्यापक अभियान चलाते हुए बड़े पैमाने पर कार्रवाई की है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की ओर से चलाए गए विशेष अभियान में 11.66 करोड़ रुपये मूल्य की 2,929.86 कुंतल खाद्य सामग्री जब्त की गई, जबकि 63.17 लाख रुपये मूल्य की 551.71 कुंतल असुरक्षित एवं अपमिश्रित खाद्य सामग्री को मौके पर ही नष्ट कराया गया। अभियान के दौरान 6 जिलों में एफआईआर दर्ज की गई और 2,965 खाद्य नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशालाओं में भेजा गया।

विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस (7 जून) पर लिए गए संकल्प के अनुरूप चलाए गए इस अभियान के तहत प्रदेशभर में 3,537 निरीक्षण और 2,075 छापेमारी की गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत मिलावटखोरों और खाद्य सुरक्षा कानूनों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ यह कार्रवाई की गई। एफएसडीए की आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बताया कि अभियान का उद्देश्य केवल कार्रवाई करना नहीं, बल्कि उपभोक्ताओं का सुरक्षित खाद्य पदार्थों पर भरोसा मजबूत करना भी है। अभियान के दौरान खुले एवं पैक्ड मसाले, दूध एवं दुग्ध उत्पाद, पनीर, घी, खाद्य तेल, पैकेज्ड पेयजल, जैम, जेली, सॉस, मेयोनेज, अचार और चटनी जैसे उत्पादों की व्यापक जांच की गई। मसालों के विशेष अभियान में 1,055 नमूने लिए गए। जांच के दौरान 419.7 क्विंटल मसाले जब्त किए गए, जबकि 80.47 क्विंटल अनुपयुक्त मसालों को नष्ट कराया गया। अचार, सॉस, जैम, जेली, मेयोनेज और चटनी की श्रेणी में 801 नमूने लिए गए। इस दौरान 338.6 क्विंटल खाद्य सामग्री जब्त की गई तथा 259.28 क्विंटल असुरक्षित सामग्री को नष्ट कराया गया। दूध एवं दुग्ध उत्पादों के खिलाफ अभियान सबसे व्यापक रहा। 572 छापों के दौरान 885 नमूने लिए गए। जांच में 1,876.66 क्विंटल दूध एवं दुग्ध उत्पाद (करीब 10.66 करोड़ रुपये) जब्त किए गए। वहीं 211.96 क्विंटल असुरक्षित एवं अपमिश्रित उत्पादों को बाजार तक पहुंचने से पहले ही नष्ट कर दिया गया। पैकेज्ड पेयजल निर्माण इकाइयों पर हुई कार्रवाई में 212 छापों के दौरान 224 नमूने लिए गए। जांच में अनियमितताएं मिलने पर 57 इकाइयों को सील, 41 लाइसेंस निलंबित तथा 37 इकाइयों का उत्पादन बंद कराया गया। प्रदेश की 520 पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर एवं मिनरल वाटर इकाइयों के निरीक्षण में 397 नमूनों की जांच के दौरान 119 नमूने असुरक्षित और 194 नमूने अधोमानक पाए गए। इसके बाद संबंधित ब्रांडों पर सुधार होने तक प्रतिबंध लगाने की कार्रवाई की गई। खाद्य तेलों की गुणवत्ता जांच के लिए गठित 58 विशेष टीमों ने 64 निर्माण इकाइयों का निरीक्षण किया।

# खाद्य प्रसंस्करण में निवेश से किसानों की आय बढ़ेगी : केशव मौर्य

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को नई गति देने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग किसानों की आय बढ़ाने, कृषि उत्पादों का मूल्य संवर्धन करने और युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित करने वाला महत्वपूर्ण क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश के लक्ष्य को प्राप्त करने में यह क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार औद्योगिक विकास और हरित ऊर्जा को समान प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रही है। सौर ऊर्जा आधारित औद्योगिक मॉडल भविष्य की आवश्यकता है, जो उद्योगों को लागत में राहत देने के साथ आत्मनिर्भर और प्रतिस्पर्धी बनाने में मदद करेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के तहत उपलब्ध प्रोत्साहनों, अनुदानों और निवेश सुविधाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक उद्यमी निवेश के लिए आगे आएं। इसी क्रम में अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग बी.एल. मीणा की अध्यक्षता में आयोजित एप्रेजल समिति की बैठक में प्राप्त 11 निवेश प्रस्तावों की समीक्षा की गई। इनमें से 70 करोड़ रुपये की लागत वाली 9 परियोजनाओं को सशर्त स्वीकृति के लिए संस्तुत किया गया। प्रस्ताव बरेली, कानपुर नगर, ललितपुर, गोरखपुर, बदायूं, लखनऊ और हापुड़ जनपदों से संबंधित हैं। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना के तहत 99 प्रतिशत लोन डिस्बर्समेंट के साथ उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। साथ ही खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के अंतर्गत लेटर ऑफ कम्फर्ट औसतन 20 दिनों में जारी किए जा रहे हैं, जबकि स्वीकृत इकाइयां अब औसतन 200 दिनों में क्रियाशील हो रही हैं, जो पहले लगभग 500 दिन लेती थीं।

बैंकर्स के साथ हुई समीक्षा बैठक में जुलाई माह के अंत तक 31 हजार स्वीकृत परियोजनाओं के लक्ष्य को प्राप्त करने पर जोर दिया गया। समीक्षा में विभिन्न बैंकों के स्तर पर 6,208 आवेदन लंबित पाए गए, जिनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए।

# भाजपा सरकार में हर स्तर पर मुनाफाखोरी का खेल चल रहा

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा कि भ्रष्ट भाजपा राज में अब नोटों का भी प्राइवेटाइजेशन हो जाएगा क्या? उन्होंने कहा कि कमीशनखोरी का मॉडल इस हद तक गिर जाएगा, देश की जनता ने सोचा न था। जब देश की मुद्रा ही आत्मनिर्भर नहीं होगी तो अर्थव्यवस्था और देश आत्मनिर्भर कैसे होगा? अब क्या सरकार भी आउटसोर्सिंग पर दे दी जाएगी?



अखिलेश यादव ने कहा इतने बड़े और संवेदनशील कार्य के लिए इतना छोटा कंजूसी भरा टेंडर निकालने के पीछे, कहीं चुपके से औपचारिकता पूरा करने का कोई गलत मंसूबा तो नहीं है। लगता है सेटिंग पहले ही हो चुकी है, दिखाने को खानापूर्ति की जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार नही, मुनाफाखोरों की भागीदार है। भाजपा सरकार में हर स्तर पर भ्रष्टाचार मुनाफाखोरी का खेल चल रहा है।

# ऐशबाग जंक्शन का पीएम मोदी ने किया वर्चुअल शुभारंभ

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, सुदृढ़ संपर्क से हमारा भारत समृद्ध हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य को हम अवश्य प्राप्त करेंगे। वो दिन दूर नहीं कि जब हमारा देश दुनिया के अन्य विकसित देशों की अर्थव्यवस्था के आंकड़े को प्राप्त करेगा। यह कहना है प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का।

वे शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकसित ऐशबाग जंक्शन रेलवे स्टेशन सहित देशभर के 75 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों के उद्घाटन समारोह में वर्चुअल रूप से सम्मिलित होकर, समारोह को बतौर मुख्य अतिथि लखनऊ के पुनर्विकसित ऐशबाग जंक्शन रेलवे स्टेशन से संबोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हरियाणा के जींद जंक्शन से भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। विकसित भारत के सपने को साकार करती यह ट्रेन जींद और सोनीपत रेलवे स्टेशनों के बीच 89 किलोमीटर के रूट पर चलाई जा रही है। इस ट्रेन के संचालन के लिए जींद में ही हाइड्रोजन स्टोरेज और रीफ्यूलिंग की स्वदेशी सुविधा भी विकसित की गई है।

उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार हर वर्ग के लिए कार्य कर रही है। इंफ्रास्ट्रक्चर और सुगम यातायात पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए हमारी केंद्र और प्रदेश की सरकार विकास कार्य कर रही है। डिप्टी सीएम ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित जंक्शनों या रेलवे स्टेशनों को दीर्घकालिक मास्टर प्लान के तहत हवाई अड्डे जैसी आधुनिक सुविधाओं, बेहतर सुरक्षा और सुगम आवागमन (मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी) के साथ नए सिरे से तैयार और अपग्रेड किया गया है। इन पुनर्विकसित स्टेशनों की विशेषताएं मुख्य रूप से विरासत और आधुनिकता का संगम हैं। स्टेशनों के डिजाइन में स्थानीय कला, संस्कृति और वास्तुकला को आधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ जोड़ा गया है। इनमें चौड़े सकुर्लेटिंग एरिया, अलग आगमन/प्रस्थान द्वार, लिफ्ट और एस्केलेटर, आधुनिक प्रतीक्षालय, मुफ्त वाई-फाई और दिव्यांगों के अनुकूल सुविधाएं शामिल हैं।

इस अवसर पर सदस्यगण, विधान परिषद लाल जी प्रसाद निर्मल, मुकेश शर्मा, महानगर अध्यक्ष, भाजपा आनंद द्विवेदी, महानगर उपाध्यक्ष, भाजपा विनायक पाण्डेय, उपाध्यक्ष, राज्य महिला आयोग अपर्णा यादव, मंडल रेल प्रबंधक, (एनईआर) पूर्वोत्तर रेलवे गौरव अग्रवाल, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अरिजीत सिंह, दिवाकर त्रिपाठी, टिंकू सोनकर, सत्येंद्र सिंह, मानवेंद्र सिंह, अंजनी श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# योगी सरकार शिक्षा के मंदिर को ध्वस्त करने का काम कर रही है : अजय राय

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने शुक्रवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में प्रेसवार्ता में कहा कि मौलाना मो. अली जौहर विश्वविद्यालय, रामपुर को तोड़ने का आदेश श्री राम जन्मभूमि मंदिर में हुई चंदा चोरी से ध्यान हटाने के लिए किया गया है। उन्होंने प्रेसवार्ता में रामपुर विकास प्राधिकरण के दस्तावेज दिखाते हुए कहा कि सक्षम अधिकारी द्वारा 15 जुलाई को पूर्वान्ह 11.00 बजे सुनवाई की जाती है और उसी दिन दोपहर 4.00 बजे मौलाना मो. अली जौहर विश्वविद्यालय के 38 भवनों के ध्वस्तीकरण का आदेश पारित किया जाता है, यह आश्चर्यजनक है और इससे सरकार की मंशा साफ जाहिर होती है। उन्होंने कहा कि रामपुर के सिंघनखेड़ा गांव में मौलाना मो. अली जौहर विश्वविद्यालय मो. आजम खान ने वर्ष 2005 में बनवाया उस समय यह गांव रामपुर विकास प्राधिकरण में नहीं था, वर्ष 2024 में यह गांव रामपुर विकास प्राधिकरण में समाहित हुआ। उन्होंने प्रदेश सरकार से पूछा कि जब यह गांव विकास प्राधिकरण में था ही नहीं तो नक्शा कैसे पास होता। सच्चाई तो यह है कि योगी सरकार द्वारा सिर्फ चंदा और चढ़ावा चोरी से ध्यान हटाने के लिए इस तरह का झूठा आदेश पारित किया गया है। मौलाना मो. अली जौहर विवि, विश्वविद्यालय एक्ट के अन्तर्गत बना है पूरे मानक पूरे करके बना है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा निर्माण नहीं बल्कि विध्वंश की पार्टी है। शिक्षा के मंदिर को गिराने का काम कर रही है। लाखों स्कूलों को बंद कर दिया। 53-54 इंजीनियरिंग कालेज इस वर्ष बंद कर दिए गए। जो मेडिकल कालेज बनाया भी तो उसमें न तो पैरामेडिकल स्टाफ है और डाक्टर हैं। सिर्फ गुजरात की निर्माण कंपनी ने निर्माण के नाम पर पैसा कमाया और वह भाग गई। उन्होंने कहा कि जहां कांग्रेस सरकार में विश्वविद्यालय, एमबीए और इंजीनियरिंग के नये नये स्कूल खुलते जा रहे थे भाजपा सरकार में डेढ़ लाख से ज्यादा सरकारी स्कूल बंद और आये दिन एमबीए और इंजीनियरिंग कालेज बंद होते जा रहे।



उन्होने कहा कि पहले जम्मू में श्री माता वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज को बंद किया। अब उत्तर प्रदेश की जौहर यूनिवर्सिटी को ध्वस्त किया जा रहा है। यही नहीं, देश में रोज 13 सरकारी स्कूल बंद हो रहे हैं। कितने ही मेडिकल कॉलेज, बीएड इंस्टिट्यूट, यूनिवर्सिटी सिर्फ कागजों पर है- बाबा आमटे दिव्यांग यूनिवर्सिटी, विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी, श्री राम कॉलेज, भोपाल जैसे 32 यूजीसी के उच्च शिक्षा संस्थान और न जाने कितने बीएड आदि के कॉलेज रिकॉर्ड में हैं तो, लेकिन कहीं नहीं है। उन्होंने कहा कि शिक्षा से इनका बैर सिर्फ पेपर लीक तक ही नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मो. आजम खां को प्रताड़ित करने उनके पूरे परिवार को प्रताड़ित करने और बर्बाद करने का कार्य किया जा रहा है।

मौ. मो. अली जौहर विवि में पढ़ने वाले 75 प्रतिशत हिन्दू छात्र और पढ़ाने वाले सैंकड़ों शिक्षकों और उनके परिवारों की जिन्दगी और भविष्य पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार जौहर विवि को नष्ट न करे। सरकार द्वारा कॉरीडोर के नाम पर काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में सैंकड़ों पेड़ काट दिए गए, उसकी हरियाली खत्म कर दी गयी जिस पर एनजीटी ने जुर्माना भी लगाया है।

# हर दिन 50 ट्रेनों के यात्रियों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

## लिफ्ट-एस्केलेटर, नई पार्किंग, हरित क्षेत्र और आधुनिक फुटओवर ब्रिज बने आकर्षण

विजयकांत मिश्र

**लखनऊ।** ऐशबाग जंक्शन अब पूरी तरह नए स्वरूप में तैयार हो गया है। यहां से गुजरने वाली करीब पचास ट्रेनों के यात्रियों को आधुनिक सेवाएं मिलेंगी। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशन का पुनर्विकास किया गया है। स्टेशन को आधुनिक यात्री सुविधाओं, बेहतर सुरक्षा और आकर्षक डिजाइन के साथ विकसित किया गया है। एक ट्रेन का समापन भी इसी स्टेशन पर होता है। ऐसे में हर दिन हजारों यात्रियों को इस पुनर्विकास का सीधा लाभ मिलेगा।

स्टेशन भवन, प्लेटफॉर्म, प्रवेश द्वार और बाहरी परिसर को नए सिरे से विकसित किया गया है। स्टेशन परिसर का विस्तार करने के साथ ट्रैफिक प्रबंधन में सुधार किया गया है ताकि स्टेशन के बाहर जाम की समस्या कम हो और यात्रियों की आवाजाही आसान हो सके। स्टेशन पर करीब 5,500 वर्गमीटर क्षेत्र में नयी पार्किंग विकसित की गई है। इसके अलावा 4,300 वर्गमीटर क्षेत्र में हरित पार्क और लैंडस्केपिंग की गयी है, जिससे स्टेशन का परिसर पहले की तुलना में अधिक आकर्षक और व्यवस्थित दिखाई देता है। प्लेटफॉर्म पर आधुनिक फ्लोरिंग बिछाई गई है। पुराने शौचालयों की जगह आधुनिक और बेहतर सुविधाओं वाले शौचालय बनाए गए हैं। यात्रियों को प्लेटफॉर्म और अन्य स्थानों की जानकारी आसानी से मिल सके। इसके लिए पूरे स्टेशन पर एलईडी आधारित डिजिटल साइन बोर्ड लगाए गए हैं। स्टेशन के दोनों प्रवेश द्वारों पर काउ कैचर लगाए गए हैं, जिससे मवेशियों के प्रवेश पर रोक लगेगी और ट्रेनों के संचालन में सुरक्षा बढ़ेगी। पुनर्विकास की सबसे बड़ी विशेषताओं में 6 मीटर चौड़ा नया फुटओवर ब्रिज (एफओबी) शामिल है, जो स्टेशन के दोनों प्रवेश द्वारों को जोड़ता है। इस पर लिफ्ट और एस्केलेटर लगाए गए हैं, जिससे बुजुर्गों, दिव्यांगजनों, महिलाओं और भारी सामान लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को प्लेटफॉर्म बदलने में आसानी होगी।

- सितंबर 2026 से 6 मीटर चौड़े नए एफओबी का निर्माण होगा शुरू



उदघाटन अवसर पर प्लेटफार्म पर मौजूद यात्रियों का कहना था कि अब ऐशबाग रेलवे स्टेशन नहीं बल्कि एयरपोर्ट जैसी फीलिंग दे रहा है। उनका कहना है कि अब वह दिन दूर नहीं जब भारत विकसित देश श्रेणी में शामिल हो जाएगा। जनसंपर्क अधिकारी महेश गुप्ता ने दी गई जानकारी में स्टेशन की नई सुविधाओं के क्रम में बताया कि प्लेटफार्मों पर आधुनिक फर्श, नए प्रसाधन, 26 नए शेल्टर, 5,500 वर्ग मीटर का उन्नत पार्किंग एरिया और 4,300 वर्ग मीटर का ग्रीन सकुर्लेटिंग एरिया तैयार किया गया है। वहीं आधुनिक वेटिंग हॉल, शिशु आहार कक्ष, पे एंड यूज टॉयलेट, पार्सल ऑफिस, एलईडी साइनेज, दोनों प्रवेश द्वारों पर काऊ कैचर ऊर्जा के लिए डीजी सेट और सोलर पैनल, रेन वाटर हार्वेस्टिंग की सुविधा भी है। आगे की योजनाओं के क्रम में वर्तमान में 1 एफओबी और प्लेटफार्म 1 व 6 पर लिफ्ट चालू हैं। सितंबर 2026 से 6 मीटर चौड़े नए एफओबी का निर्माण शुरू होगा, जो 31 अगस्त 2027 तक पूरा होगा। इसके बाद हर प्लेटफार्म पर लिफ्ट और दोनों छोर पर एस्केलेटर लगाए जाएंगे।

# एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा उत्तर प्रदेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की दिशा में तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को एसोचेम और इन्वेस्ट यूपी के संयुक्त तत्वावधान में 'उत्तर प्रदेश इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव-2026: विजन, नीति और क्रियान्वयन' का आयोजन किया गया, जिसमें उद्योग, निवेश, बुनियादी ढांचे और आर्थिक विकास के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

कार्यक्रम का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, उत्तर प्रदेश स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज कुमार सिंह, युवा कल्याण एवं खेल विभाग के विशेष सचिव कुमार विनीत, अररडउऌअट उत्तर प्रदेश स्टेट डेवलपमेंट काउंसिल के सह-अध्यक्ष विनीत नाहटा, अशोक लेलैंड के वाइस प्रेसिडेंट शक्ति सिंह तथा रैडिको खेतान लिमिटेड के निदेशक अमर सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश में विस्तृत एक्सप्रेसवे नेटवर्क, निर्बाध बिजली आपूर्ति और 80 से अधिक मेडिकल कॉलेजों की स्थापना ने विकास को नई गति दी है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में संगठित अपराध समाप्त हो चुका है और बेहतर प्रशासन के कारण निवेशकों का भरोसा लगातार बढ़ा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अब रक्षा एवं ड्रोन विनिर्माण जैसे उभरते क्षेत्रों में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। राज्य की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और प्रदेश राजस्व अधिशेष की स्थिति में पहुंच चुका है। एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए उन्होंने उद्योगपतियों और युवाओं से कड़ी मेहनत के साथ स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखने का आह्वान किया।

संक्षेप

## अज्ञात कार चालक पर लापरवाही का केस दर्ज

प्रतापगढ़। लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए दुर्घटना करने को लेकर पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के बेवली गांव निवासी गुलाब सरोज पुत्र मथुरा प्रसाद ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती आठ जुलाई की सुबह दस बजे आमीशंकरपुर निवासी उसके मौसेरे भाई बृजेश सरोज पुत्र नंदलाल उसकी मां संतोष सरोज को बाइक से लेकर इलाज के लिए लालगंज जा रहे थे। मधुकरपुर लालगंज के पास अज्ञात कार चालक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों घायल हो गये। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद अज्ञात कार चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का मुकदमा दर्ज किया है।

## पीड़िता के खाते से लाखों हड़पे, अज्ञात पर केस

प्रतापगढ़। साइबर फ्राड करते हुए पीड़िता के खाता से चार लाख तैंतीस हजार रुपए हड़प लिए गए। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना के पूरब देउम गांव की अंजली मिश्रा पत्नी वैभव मिश्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती चौबीस अक्टूबर को उसके फोन पे खाते से साइबर फ्राड करते हुए आरोपियों ने दो बार में चार लाख तैंतीस हजार रुपए ट्रांसफर करा लिये। खाते से पैसा हड़प लिए जाने की जानकारी होने पर पीड़िता आवाक रह गयी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## खाते से उड़ाये तीन लाख इक्कीस हजार, केस दर्ज

प्रतापगढ़। खाते से तीन लाख इक्कीस हजार हड़प लिए जाने को लेकर पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के शीतलमऊ निवासिनी सुनीता सोनी पत्नी स्व0 शंकर लाल सोनी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसके बेटे दीपक सोनी ने अपने बच्चे को इलाज के लिए लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। पीड़िता का आरोप है कि इसी बीच बीते वर्ष अठारह अक्टूबर 2025 से लेकर कई बार में उसके बेटे के बैंक आफ बड़ौदा लालगंज के दो खातों से करीब तीन लाख इक्कीस हजार रुपए निकाल लिए गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## दुकान में चोरी व आगजनी का आरोप, दी तहरीर

प्रतापगढ़। दुकान में आगजनी व चोरी की घटना को लेकर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। उदयपुर थाना के साल्हापुर आमीशंकरपुर गांव निवासी श्रवण कुमार यादव पुत्र पारसनाथ यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि गांव समीप स्थित उसकी दुकान का दरवाजा तोड़कर अंदर रखा सामान चुरा लिया गया। इसके बाद दुकान में आग लगा दी गयी। सूचना पर पीड़ित पहुंचा तो आसपास के लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाया। इसको लेकर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक दीप नारायण का कहना है कि जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## लाखों की एफडी में धोखाधड़ी का आरोप, बैंककर्मियों पर केस दर्ज

प्रतापगढ़। बैंक में की गयी लाखों की एफडी में धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने बैंककर्मियों के खिलाफ तहरीर दी है। मामले में पुलिस ने अज्ञात बैंककर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे गजा वैश्य राहाटीकर गांव निवासी संदीप सिंह पुत्र इन्द्र बहादुर सिंह ने बीती सोलह जुलाई को पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसने रेहुआ लालगंज स्थित पंजाब नेशनल बैंक शाखा में बीते वर्ष पांच अगस्त 2024 को चार सौ दिनों के लिए कुल तीन लाख रुपए की एफडी की। पीड़ित का आरोप है कि नौ सितंबर 2025 को एफडी की अवधि पूर्ण होने के बाद वह धनराशि वापस लेने बैंक पहुंचा तो बैंककर्मी तरह तरह के बहाने बनाकर परेशान करने लगे और उसकी धनराशि वापस नहीं की गयी। बैंक प्रबंधक एवं कर्मचारियों पर धोखाधड़ी व साइबर षडयन्त्र का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने उसकी एफडी को ओडी एकाउन्ट बनाकर दो बार में निकाल लिए जाने का आरोप भी लगाया है। प्रभारी निरीक्षक दीप नारायण का कहना है कि जांच के बाद अज्ञात बैंककर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# सीता द्वार की बढ़ी रौनक

## नया झूला बना बच्चों का आकर्षण



श्रावस्ती। माता सीता की पावन स्मृतियों से जुड़ी धरती पर स्थित राजकीय पर्यावरण उद्यान 'सीता द्वार' अपनी प्राकृतिक छटा, हरियाली और आधुनिक सुविधाओं के कारण इन दिनों पर्यटकों एवं प्रकृति प्रेमियों का प्रमुख आकर्षण बन गया है। सुबह और शाम यहां बड़ी संख्या में लोग परिवार सहित पहुंचकर प्राकृतिक वातावरण का आनंद लेते हैं। रंग-बिरंगे पुष्पों की मनमोहक सुगंध, सुसज्जित हरित लॉन, छायादार वृक्ष, आकर्षक पार्क और बच्चों के लिए लगाए गए झूले आगंतुकों का मन मोह रहे हैं। उद्यान का शांत, स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त वातावरण लोगों को प्रकृति की गोद में सुकून के पल बिताने का अवसर प्रदान करता है। अवकाश के दिनों में यहां स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ आसपास के जनपदों से भी पर्यटक पहुंच रहे हैं। बच्चों के लिए उपलब्ध मनोरंजन सुविधाएं और सुरक्षित वातावरण परिवारों को विशेष रूप से आकर्षित कर रहे हैं। बच्चों की खिलखिलाहट और प्रकृति के बीच उनकी अठखेलियां उद्यान की सुंदरता में चार चांद लगा रही हैं।

उद्यान प्रभारी राम कुमार सिंह ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के साथ लोगों को प्रकृति के प्रति जागरूक करना और उन्हें हरियाली के निकट लाना उद्यान का प्रमुख उद्देश्य है। इसी सोच के अनुरूप उद्यान की नियमित साफ-सफाई, पौधों की देखभाल, पुष्पों का संरक्षण तथा आगंतुकों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाता है। उन्होंने बताया कि वन विभाग द्वारा पूर्व में लगाया गया झूला समय के साथ जर्जर होकर अनुपयोगी हो गया था। इसे हटाकर विभाग की ओर से नया झूला स्थापित कराया गया है, जिससे बच्चों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। राम कुमार सिंह ने बताया कि उद्यान विभाग अधिकारी संतोष कुमार दुबे के अनुसार 'सीता द्वार' को और अधिक विकसित एवं आकर्षक बनाने के लिए व्यापक सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। प्रस्ताव स्वीकृत होने के बाद उद्यान में नई सुविधाओं का विस्तार, सौंदर्यीकरण और पर्यटकों के लिए बेहतर व्यवस्थाएं विकसित की जाएंगी।

प्राकृतिक सौंदर्य, शांत वातावरण और बेहतर व्यवस्थाओं के कारण राजकीय पर्यावरण उद्यान 'सीता द्वार' न केवल श्रावस्ती की पहचान बनता जा रहा है, बल्कि धार्मिक एवं प्राकृतिक पर्यटन के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में भी तेजी से अपनी अलग पहचान स्थापित कर रहा है।

# मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत श्रावस्ती में अतिथि व्याख्याताओं से आवेदन आमंत्रित



श्रावस्ती। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत सत्र 2026-27 के लिए जनपद श्रावस्ती में संचालित निःशुल्क कोचिंग केंद्र राजकीय आईटीआई, भिनगा हेतु अतिथि व्याख्याताओं एवं विषय विशेषज्ञों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। चयनित व्याख्याता सिविल सेवा (यूपीएससी/यूपीपीएससी) तथा नीट प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को निःशुल्क प्रशिक्षण देंगे।

जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. अमरनाथ यति ने बताया कि अतिथि व्याख्याताओं का चयन जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा लिखित परीक्षा अथवा साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। चयन पूर्णतः अस्थायी होगा तथा आवश्यकता पड़ने पर समिति इसे निरस्त करने का अधिकार रखेगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक व्याख्यान की अवधि 90 मिनट होगी। ऑफलाइन अथवा ऑनलाइन कक्षा में 25 या उससे अधिक विद्यार्थियों की उपस्थिति होने पर प्रति व्याख्यान 2,000 रुपये मानदेय दिया जाएगा।

नीट के लिए जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं भौतिक विज्ञान, जबकि यूपीएससी/यूपीपीएससी के लिए भूगोल, भारतीय अर्थव्यवस्था, पर्यावरण एवं आपदा प्रबंधन, समसामयिकी, उत्तर प्रदेश विशेष, भारतीय समाज, सामान्य विज्ञान, राजव्यवस्था, गणित, नीतिशास्त्र, आंतरिक सुरक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सामान्य हिन्दी तथा सामान्य अंग्रेजी सहित विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों का चयन किया जाएगा।

इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र किसी भी कार्य दिवस में जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, कलेक्ट्रेट परिसर, भिनगा से प्राप्त कर सकते हैं। भरे हुए आवेदन पत्र, बायोडाटा एवं स्वप्रमाणित शैक्षिक अभिलेखों के साथ पंजीकृत डाक से कार्यालय में भेजने होंगे। आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि 30 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है।

## जिला गंगा/पर्यावरण समिति की बैठक संपन्न



सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं डीएफओ नीला एम की उपस्थिति में जिला गंगा/पर्यावरण समिति की बैठक कैंप कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण किए गए सभी पौधों का जियो-टैगिंग कराने, एमआरएफ सेंटर के लिए भूमि विहीन नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में भूमि चिन्हित करने तथा आमी नदी के पुनरुद्धार से जुड़े शेष कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रमोद कुमार, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) गौरव श्रीवास्तव, डीसी मनरेगा संदीप सिंह, एसडीओ वन बीना तिवारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## जनहित के कार्यों में अग्रणी बने नायब तहसीलदार चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव



बांसी सिद्धार्थनगर। जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बांसी तहसील के नायब तहसीलदार चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव अपने दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने लंबे समय से लंबित कई राजस्व प्रकरणों के निस्तारण के साथ-साथ सरकारी भूमि पर हुए अवैध कब्जों और अतिक्रमण को हटवाकर शासन को करोड़ों रुपये की संपत्ति का लाभ पहुंचाया है। सरल स्वभाव, कार्यकुशलता और निष्पक्ष प्रशासनिक शैली के लिए पहचाने जाने वाले नायब तहसीलदार चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव की कार्यप्रणाली की क्षेत्र में सराहना हो रही है। जनहित में किए जा रहे उनके उल्लेखनीय कार्यों को लेकर राम प्रकाश शशि सहित अनेक लोगों ने उनके प्रयासों की प्रशंसा करते हुए इसे प्रशासन की प्रभावी कार्यशैली का उदाहरण बताया है।

## 50 शैयायुक्त संयुक्त चिकित्सालय बांसी में स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ करने में जुटे सीएमएस डॉ. उजेर अतहर



**बांसी, सिद्धार्थनगर(राम आशीष दूबे)**।50 शैयायुक्त संयुक्त चिकित्सालय बांसी के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ. उजेर अतहर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सक्रियता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। वह नियमित रूप से अस्पताल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे हैं। सीएमएस डॉ. उजेर अतहर ने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर देते हुए संबंधित कर्मचारियों को संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उनके नेतृत्व में अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं जनहितकारी बनाने के प्रयास लगातार जारी हैं। वहीं सर्जन डा0 ध्रुव चौधरी डा 0 अश्वनी चौधरी डा 0 आर 0के0 सिंह डा0 एम 0के0 वरिष्ठ फर्मासिस्ट रत्न शंकर चौधरी उर्फ बब्बू, समय बृजेश कुमार उक्त का भी उत्कृष्ट कार्य योगदान सराहनीय बताया गया।

## एसएसपी ने ग्राम प्रहरियों संग की गोष्ठी

सिद्धार्थनगर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने शुक्रवार को पुलिस लाइन सभागार में जनपद के सभी थानों के ग्राम प्रहरियों के साथ गोष्ठी आयोजित की। इस दौरान उन्होंने ग्राम प्रहरियों को उनके दायित्वों से अवगत कराते हुए पुलिस के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया। एसएसपी ने संदिग्ध व्यक्तियों, अवैध गतिविधियों, नशा तस्करी तथा महिला एवं बाल अपराधों की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आह्वान किया। साथ ही मिशन शक्ति, साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा, सामुदायिक पुलिसिंग, बीट पुलिसिंग, रात्रि गश्त और त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में ग्राम प्रहरियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। गोष्ठी में ग्राम प्रहरियों की समस्याएं भी सुनी गईं और उनके सुझावों पर चर्चा की गई।

# आईजीआरएस शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण हो निस्तारण : डीएम



श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिन शिकायतों के निस्तारण पर शिकायतकर्ता असंतुष्ट हैं, उन पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी विभाग में संतुष्ट फीडबैक कम मिला तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने निर्देश दिए कि प्रत्येक विभाग प्रतिदिन लंबित प्रकरणों की समीक्षा करे और अंतिम तिथि वाली शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करे। उन्होंने कहा कि बिना जांच के या तथ्यहीन रिपोर्ट भेजने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, इसलिए सभी अधिकारी जांच के बाद ही सही और तथ्यपूर्ण आख्या अपलोड करें।

उन्होंने कहा कि शिकायतों का केवल औपचारिक निस्तारण नहीं, बल्कि शिकायतकर्ता की समस्या का वास्तविक समाधान होना चाहिए। अधिकारी शिकायतकर्ता से फोन पर बात कर उनकी समस्या समझें और समाधान सुनिश्चित करें। आयोग और आयुक्त कार्यालय से प्राप्त मामलों का भी प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। निस्तारण रिपोर्ट के साथ जांच रिपोर्ट, स्पॉट मेमो और आवश्यक साक्ष्य भी संलग्न किए जाएं। बैठक में उपजिलाधिकारी प्रवीण यादव, सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर शरद श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्कूल में चाकू और चापड़ लहराने का वीडियो वायरल, प्रधानाध्यापिका निलंबित

कौशांबी। जिले के एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय में कथित तौर पर चाकू और चापड़ लेकर आने तथा उसे लहराने की घटना का वीडियो सामने आने के बाद स्कूल की प्रभारी प्रधानाध्यापिका को निलंबित कर दिया गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है। सिराथू तहसील के कड़ा विकासखंड स्थित लुकिया डोरमा प्राथमिक विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका शिखा सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ था, जिसमें वह विद्यालय में कथित तौर पर चाकू और चापड़ लहराती नजर आ रही हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. कमलेंद्र कुशवाहा ने बताया कि मामले की जांच खंड शिक्षा अधिकारी नीरज उमराव से कराई गई। जांच में सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में देखी गई घटना सही पाई गई। उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट मिलने के बाद प्रभारी प्रधानाध्यापिका शिखा सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही, विभाग की ओर से उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है और विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। खंड शिक्षा अधिकारी नीरज उमराव ने बताया कि उन्हें शुक्रवार सुबह सूचना मिली थी कि प्रधानाध्यापिका स्कूल में चाकू और चापड़ लेकर आई हैं। कुछ अभिभावकों ने फोन पर शिकायत की थी कि स्कूल जाते समय उन्होंने कथित तौर पर उनके सामने हथियार लहराए थे। विद्यालय के अन्य कर्मचारियों के बयान दर्ज किए गए हैं और आगे की कार्वाई के लिए बीएसए को प्रारंभिक रिपोर्ट सौंप दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस विद्यालय पहुंची और चाकू तथा चापड़ को अपने कब्जे में ले लिया। मामले में विभागीय जांच जारी है। उमराव के अनुसार, प्रधानाध्यापिका के पति को विद्यालय बुलाया गया था, जिन्होंने दावा किया कि उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। वहीं, पत्रकारों से बातचीत में शिखा सिंह ने कहा कि वह चाकू और चापड़ इसलिए लेकर आई थीं क्योंकि उन्हें असुरक्षित महसूस हो रहा था और वह अपनी निजी सुरक्षा के लिए इन्हें रखना चाहती थीं। उन्होंने हालांकि उन लोगों की पहचान बताने से इनकार किया।

# परिसीमन विधेयक पर विस्तृत चर्चा के लिए प्रधानमंत्री बुलायें सर्वदलीय बैठक : प्रमोद तिवारी



प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने परिसीमन विधेयक पर परामर्श के लिए प्रधानमंत्री से सर्वदलीय बैठक फौरन बुलाए जाने की मांग उठाई है। उन्होने कहा कि परिसीमन विधेयक लाने के लिये पीएम के द्वारा अलग-अलग दलों की बैठक बुलाया जाना औचित्यविहीन है। उन्होने कहा कि पीएम की नीति और नीयत में छल नही है तो इस महत्वपूर्ण मुददे पर सर्वदलीय बैठक में विस्तृत चर्चा कराएं। उन्होने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गॉधी द्वारा पीएम को पत्र लिखकर इस पर सर्वदलीय चर्चा का अनुरोध किया जा चुका है। उन्होने कहा कि भाजपा के पास इस प्रकार के एकतरफा निर्णय के लिए न तो लोक सभा में और न ही राज्य सभा में पहले बहुमत था, न आज है और न आगे रहेगा। उन्होने पार्टी का रूख महिला आरक्षण बिल पर स्पष्ट करते हुए साफ कहा है कि महिला आरक्षण के मुददे पर कांग्रेस सदैव समर्थन का ऐलान कर चुकी है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि महिला आरक्षण बिल के नाम पर यदि गुमराह कर परिसीमन विधेयक लाने का मोदी सरकार प्रयास करेगी तो कांग्रेस संसद के दोनों सदनो मे इसका पुरजोर विरोध करेगी। वहीं सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा है कि संसद के मानसून सत्र में प्रतियोगी परीक्षाओ के पेपरलीक का मुददा अहम होगा। उन्होने कहा कि पेपरलीक की जिम्मेदारी लेते हुये केन्द्रीय शिक्षा मन्त्री को नैतिक जिम्मेदारी के तहत त्याग पत्र दे देना चाहिए।

# डीआईजी ने श्रावस्ती में की अपराध समीक्षा

**श्रावस्ती**। पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा अशोक कुमार शुक्ला शुक्रवार को जनपद श्रावस्ती पहुंचे। जनपद आगमन पर पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सम्मान गार्द द्वारा डीआईजी को सलामी दी गई। इसके बाद पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में डीआईजी ने जिले के सभी क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं शाखा प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने जनपद की कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और लंबित मामलों की स्थिति की जानकारी ली। डीआईजी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वांछित और वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी में तेजी लाई जाए। लंबित विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण किया जाए। जनशिकायतों और आईजीआरएस से प्राप्त प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने आगामी श्रावण मास एवं त्योहारों को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने के निर्देश दिए। धार्मिक स्थलों, बाजारों और संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाने, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच करने, महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने तथा साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्रवाई करने को कहा। डीआईजी ने थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि थानों पर आने वाले फरियादियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए। उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनकर निष्पक्ष और समयबद्ध कार्रवाई की जाए। साथ ही थानों की साफ-सफाई, अभिलेखों के रखरखाव और पुलिस कर्मियों के अनुशासन पर भी विशेष ध्यान देने को कहा। इसके बाद डीआईजी ने जिले के व्यापारियों के साथ बैठक की। उन्होंने व्यापारियों की समस्याएं और सुझाव सुने तथा पुलिस और व्यापारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

जोगिंदर सिद्धार्थनगर। थाना जोगिया उदयपुर पुलिस ने थानाध्यक्ष अभय सिंह के नेतृत्व में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मुकदमा संख्या 94/2026, धारा 65(1)/87/137(2) बीएनएस एवं 3/4 पॉक्सो एक्ट से संबंधित आरोपी अजय पुत्र दूधनाथ, निवासी गोपालपुर टोला कैथवलिया, थाना बृजमनगंज, जनपद महराजगंज को जोगिया उदयपुर थाना क्षेत्र के काला नमक ढाबा पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अवधेश कुमार यादव, मुख्य आरक्षी श्रीनन्द यादव तथा आरक्षी जितेन्द्र सिंह शामिल रहे।

**लखनऊ नगर निगम**
लालबाग, टी.एन. रोड, लखनऊ–226001 (उ.प्र.)
ई–मेल : nnlko@up.nic.in वेबसाइट : https://lmc.up.nic.in

निविदा सू. सं.: 236/पी./उ.वि. **अल्पकालिक निविदा सूचना** दिनांक : 17.07.2026

नगर निगम द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु दिनांक 04.08.2026 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 03.08.2026 तक अपरान्ह 2 बजे तक कार्यालय दिवस व अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है तथा नगर निगम की वेबसाइट lmc.up.nic.in से टेंडर नोटिस डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा दिनांक 04.08.2026 को अपरान्ह 3 बजे तक अपर नगर आयुक्त महोदय के कार्यालय कक्ष में रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाओ को दिनांक 04.08.2026 को अपरान्ह 4 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (रू.) | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 18% GST | कुल निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जोन-01 में गोलागंज वार्ड स्थित कारगिल शहीद स्मृति वाटिका में पौध विक्रय हेतु पफ केबिन का निर्माण कार्य। | 334515.00 | 33452.00 | 1 माह | 335.00 | 61.00 | 396.00 |
| 2 | जोन-02 में राजाजीपुरम् में एम.आई.एस. चौराहे पर स्थित राजाजीपुरम् नर्सरी में पौध विक्रय हेतु पफ केबिन का निर्माण कार्य। | 334515.00 | 33452.00 | 1 माह | 335.00 | 61.00 | 396.00 |
| 3 | जोन-03 में भिठौली क्रासिंग के पास स्थित ग्रीन बेल्ट में पौध विक्रय हेतु कक्ष का निर्माण कार्य। | 489807.00 | 48981.00 | 2 माह | 490.00 | 89.00 | 579.00 |
| 4 | जोन-04 में पत्रकारपुरम् चौराहे के पास विराम खण्ड में म.सं. 1/9 के सामने स्थित नर्सरी में पौध विक्रय हेतु पफ केबिन का निर्माण कार्य। | 334515.00 | 33452.00 | 1 माह | 335.00 | 61.00 | 396.00 |
| 5 | जोन-05 में आलमबाग चन्दरनगर में अण्डरग्राउण्ड पार्किंग के ऊपर निर्मित ग्रीन पट्टिका में पौध विक्रय हेतु पफ केबिन का निर्माण कार्य। | 334515.00 | 33452.00 | 1 माह | 335.00 | 61.00 | 396.00 |
| 6 | जोन-06 में हुसैनाबाद वार्ड में कुड़ियाघाट स्थित नर्सरी में पौध विक्रय हेतु पफ केबिन का निर्माण कार्य। | 334515.00 | 33452.00 | 1 माह | 335.00 | 61.00 | 396.00 |
| 7 | जोन-07 में एच.ए.एल. के सम्मुख आजाद मार्केट स्थित ग्रीन पट्टिका पर पौध विक्रय हेतु पफ केबिन का निर्माण कार्य। | 335645.00 | 33565.00 | 1 माह | 336.00 | 61.00 | 397.00 |

**शर्ते :-** **1.** निविदा में प्रतिभाग करने हेतु नगर निगम में पजीकृत होना आवश्यक नहीं है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। (आवेदक निविदादाता को शासनादेश सं.-3890/नौ-5-19-149 सा./2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा) **2.** शासनादेश सं.-6738/23-7-06-176 (सा.)/06 दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू. 40.00 लाख की धनराशि पर 10 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि और उसके ऊपर समस्त अवशेष धनराशि पर 05 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी। **3.** शासनादेश सं.-692/23-7-2024 दिनांक 09.08.2024 का पालन करते हुए 10 प्रतिशत निम्न तक कोई अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्यूरिटी नहीं ली जायेगी। यदि न्यूनतम निविदादाता की निविदित लागत, स्वीकृत (बी.ओ.क्यू.) लागत से 10 प्रतिशत से अधिक कम **(Below)** है तो 10 प्रतिशत से अधिक कमी **(Below)** के सापेक्ष 1 प्रतिशत प्रति प्रतिशत कम **(Below)** दर पर अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी ली जायेगी जिसे ठेकेदार से अनुबन्ध गठन के समय जमा कराया जायेगा। अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी ऑनलाइन इण्टरनेट बैंकिग/आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी./ड्यूली प्लेज्ड एफ.डी.आर./ बैंक गारण्टी के माध्यम से स्वीकार की जायेगी। **4.** कार्य पूर्ण होने के 06 माह की डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड के उपरान्त कार्य संतोषजनक पाये जाने पर ही जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा। **5.** 15 प्रतिशत से अधिक की न्यून दर की निविदाओं में अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड पूर्ण होने के उपरान्त ही अवमुक्त की जायेगी। **6.** किसी कार्य में एक से अधिक निविदादाताओं की एक समान दर पर सर्वन्यून निविदा प्राप्त होने पर इन निविदादाताओं के मध्य लाटरी के माध्यम से सफल निविदादाता का चयन किया जायेगा। **7.** 15 प्रतिशत से अधिक न्यून निविदाओं की स्वीकृति के पूर्व सम्बन्धित निविदादाता द्वारा शपथ-पत्र पर गुणवत्तापरक कार्य करने हेतु अपनी कार्ययोजना/बारचार्ट निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा एवं निविदा समिति द्वारा गुण दोष के आधार पर निविदा की स्वीकृति /अस्वीकृति पर निर्णय लिया जायेगा। **8.** उपरोक्त शर्तो के उल्लघंन की स्थिति में नगर आयुक्त को यह अधिकार होगा कि उक्त कार्य को निरस्त कर दें तथा जनहित में निर्णय ले। **9.** किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**अधीक्षक उद्यान**

# दीक्षांत समारोह में मेधावियों को मिले पदक, खिले चेहरे

## सरस्वती विद्या मंदिर एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के नाम इस वर्ष भी पदकों की लगी झड़ी



प्रतापगढ़। नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के मेधावियो ने प्रयागराज स्थित प्रो0 राजेन्द्र सिंह रज्जू भइया विश्वविद्यालय के नवम दीक्षांत समारोह मे पदकों की झड़ी लगाकर मेधा का परचम लहराया है। वही अझारा स्थित भागवतदत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्रा को भी दीक्षांत समारोह मे उपलब्धि का गौरव मिला है। पदको की चमक को लेकर दोनों उच्च शिक्षण संस्थानो मे शुक्रवार को खुशी का माहौल दिखा। सरस्वती विद्या मंदिर एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के छात्र छात्राओ ने स्वर्ण समेत तीस पदक हासिल कर प्रतापगढ़ का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय की परास्नातक छात्रा विद्याज्योति लक्ष्मी, सोनाली सिंह, प्रिन्सी मिश्रा व एमपीएड के छात्र देवेन्द्र मिश्र, एमएड की छात्रा वर्तिका पुष्पाकर को स्वर्ण पदक हासिल हुआ है। वही एमए के मो0 महफूज खान, बीएड की रश्मि पाण्डेय, बीपीएड के जावेद खान तथा एमपीएड के दीपक कुमार साव, मयंक कुमार एवं श्रुति निषाद को रजत पदक हासिल हुआ है। महाविद्यालय के मेधावियों अंकिता सिंह, कार्तिकेय त्रिपाठी, रविकांत यादव, माधुरी, अनुपम मिश्रा, प्रियांशु विश्वकर्मा, प्रीती तिवारी, निशा वर्मा, गरिमा मिश्रा, अमृता ओझा, शिवानी मिश्रा, आस्था शर्मा, सौम्या लाकरा, श्वेतांक तिवारी को कांस्य पदक लेने में सफलता मिली है। उपलब्धि पर शुक्रवार को एसबीएम ग्रुप आफ इंस्टीटयूट के संस्थापक एवं प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रोफेसर शिवाकांत ओझा, उप प्रबंधक इं. पूर्णांशु ओझा, आचार्य रामअवधेश मिश्र, प्राचार्य डॉ0 अमित सिंह ने सफल मेधावियों को सम्मानित करते हुए इसे महाविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि कहा। वहीं अझारा स्थित भागवतदत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्रा प्रिया शुक्ला को एमए शिक्षाशास्त्र में रजत पदक से सम्मानित किया गया है। दीक्षांत समारोह में महाविद्यालय का नाम रोशन करने वाली छात्रा को संस्थापक पूर्व आईएएस रमेशचंद्र मिश्र, प्रबंधक सुनीता मिश्रा एवं समाजसेवी प्रकाशचंद्र मिश्र ने सम्मानित किया। वहीं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ0 पूनम त्रिपाठी, गौरव मिश्र, रीमा मिश्रा, सीमा मिश्रा ने भी उपलब्धि को शैक्षिक उत्कृष्टता का प्रतीक कहा है।

संक्षेप

## डीआईओएस ने सुनवाई का लिया संज्ञान, शिक्षक को मिला मौका

शुक्लागंज, उन्नाव। जिला विद्यालय निरीक्षक सुनील दत्त ने बेसिक शिक्षा विभाग से जुड़े एक शिकायत प्रकरण में सहायक शिक्षक गोपाल बाबू को अंतिम अवसर देते हुए 21 जुलाई को सुनवाई में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। डीआईओएस द्वारा जारी आदेश के अनुसार, उच्च प्राथमिक विद्यालय मरौदा-मझवारा, विकासखंड सि0सरोसी के सहायक शिक्षक गोपाल बाबू ने जिलाधिकारी को ई-मेल के माध्यम से शिकायत भेजकर बेसिक शिक्षा विभाग में शोषण, उत्पीड़न, भ्रष्टाचार, वेतन एवं जीवन निर्वाह भत्ता रोके जाने, अंतरजनपदीय स्थानांतरण न होने देने, घूस मांगने, शिकायतों का जवाब न देने, आईजीआरएस पोर्टल पर फर्जी निस्तारण दशार्ने तथा प्रतिशोध की भावना से कार्य करने जैसे गंभीर आरोप लगाए थे। आदेश में उल्लेख है कि 7 मई 2026 को बीएसए कार्यालय में हुई सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता ने अपना पक्ष रखा। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी सि0सरोसी द्वारा कथित रूप से शिकायत वापस न लेने पर परिणाम भुगतने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया, सुनवाई की अध्यक्षता कर रहे बीएसए मौन रहे। डीआईओएस ने बताया कि शिकायतकर्ता को पूर्व में 22 मई और 2 जून को भी सुनवाई के लिए बुलाया गया था, लेकिन उन्होंने बीमारी, भीषण गर्मी, लू तथा अलीगढ़ से उन्नाव की लंबी यात्रा का हवाला देकर उपस्थित न होने की सूचना दी थी। डीआईओएस ने अंतिम अवसर देते हुए 21 जुलाई को दोपहर 12:30 बजे अपने कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर पक्ष रखने के निर्देश दिए हैं।

## युवक की डूबने से मौत पुलिस जांच में जुटी

असोहा (वीओएल)। नदी में नहाते समय गहरे पानी मे चले जाने से युवक की डूब कर मौत हो गयी। परिजनों का रो रो बुराहाल है। क्षेत्र के पितना खेडा गांव के गंगादीन का 35 वर्षीय सरवन रावत गांव के ही रामकुमार व सत्तू के साथ उतरौरा गांव के पास से निकली सई नदी में आज सुबह लगभग दस बजे मछली मारने गए थे, रामकुमार व सत्तू मछली मार रहे थे वही सरवन नदी में नहाने उतर गया, नहाते वक्त वह गहरे पानी मे चला गया, सरवन तैरना नही जानता तो वह डूबने लगा, सरवन को डूबता देख उसके साथ गए रामकुमार व सत्तू उसको बचाने दौड़े तब तक देर हो गई थी, सरवन का म्रत शरीर रामकुमार व सत्तू ने लोगो की मदद से नदी से बाहर निकालते हुए परिजनों को सूचना दी, मौके पर म्रतक सरवन की माँ जदुराई घटना स्थल पर पहुंची तथा पुलिस को सूचना दी। घटना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। म्रतक सरवन के पिता गंगादीन का कुछ वर्ष पूर्व ही देहांत हो गया था, मृतक के एक बहन स्यामसती है जिसकी शादी हो गई है। वही मृतक की मा जदुराई दृष्टिहीन है, मृतक ही परिवार का भरण पोषण करता था।

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरे पासपोर्ट पर मेरा नाम MOHAMMAD MOBIN दर्ज है, जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम MOBEEN दर्ज है, जो कि सही है। अतः मेरे पासपोर्ट पर मेरा नाम MOBEEN दर्ज किया जाए। **मोबीन पुत्र मो. युनुस नि. ग्राम मोतीपुर पो. सेलुमऊ ब्लाक व थाना हरगांव तह. व जिला सीतापुर।**

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरे पासपोर्ट पर मेरा नाम HASIN BANO दर्ज है, जिसकी स्पेलिंग गलत है। जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों पर मेरा नाम HASEEN BANO दर्ज है, जो कि सही भी है। अतः मेरे पासपोर्ट पर मेरा नाम HASEEN BANO दर्ज किया जाए। **हसीन बानो पत्नी मो. मोबीन नि. ग्राम मोतीपुर पो. सेलुमऊ ब्लाक व थाना हरगांव तह. व जिला सीतापुर।**

**सूचना**

मैं पूर्व में अश्वनी कुमार के नाम से जाना जाता था अब मैने अपना नाम बदलकर अश्वनी कुमार राजपूत रख लिया है। अब मुझे अश्वनी कुमार राजपूत के नाम से ही जाना व पहचाना जाएगा। आधार कार्ड में मेरा नाम अश्वनी कुमार राजपूत ही है। अश्वनी कुमार राजपूत पुत्र परशुराम राजपूत निवासी 62, हरचंदपुर रोड, राना नगर, डिबियापुर, औरैया, उत्तरप्रदेश - 206244 आधार संख्या - 743232659201

# फातिमा अस्पताल का 31वां स्थापना दिवस मनाया गया

### फातिमा अस्पताल गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुलभ कराने के लिए सदैव समर्पित : फादर डॉ संतोष सेबास्टियन



चरगांवा, गोरखपुर। महानगर के पादरी बाजार स्थित फातिमा अस्पताल पर गुरूवार को अस्पताल का 31वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ केक काटकर किया गया। तथा इस दौरान अस्पताल के निदेशक, एसोसिएट निदेशक, चिकित्सकों, मेंटेनेंस विभाग, नर्सिंग स्टाफ, प्रशासनिक अधिकारियों एवं अन्य कर्मचारियों ने मिलकर स्थापना दिवस का उत्सव मनाया।

इस अवसर पर अस्पताल के निदेशक फादर डॉ संतोष सेबास्टियन ने कहा कि फातिमा अस्पताल समाज में गुणवत्तापूर्ण व करूणामयी स्वास्थ्य सेवा सुलभ कराने के लिए सदैव समर्पित है। अस्पताल की सवोच्च प्राथमिकता मरीजों की सुरक्षा, गुणवत्ता एवं विश्वास है।

उन्होने कहा यह अस्पताल अपने 31 वर्षों की गौरवशाली यात्रा के दौरान पूर्वांचल में गुणवत्तापूर्ण, सुलभ एवं मानवीय स्वास्थ्य सेवाओं की एक अलग पहचान स्थापित की है। अस्पताल न केवल उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र के मरीजों को उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाएँ प्रदान कर रहा हैं, बल्कि बिहार एवं पड़ोसी देश नेपाल से आने वाले हजारों मरीज भी यहाँ की विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं का लाथ उठा रहे हैं। अस्पताल का उद्देश्य एक जागरूक, स्वस्थ उवं सशक्त समाज का निर्माण करना है।

कार्यक्रम में सभी चिकित्सकों, मेंटेनेंस स्टाफ, नर्सिंग स्टाफ एवं अस्पताल के समस्त स्टाफ ने अस्पताल की निरंतर प्रगति, उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं एवं समाज सेवा के संकल्प को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस उपलक्ष्य में फादर डॉ संतोष सेबास्टियन (निदेशक), फादर शीजो (एसोसिएट निदेशक), डॉ० विनय सिन्हा (मुख्य चिकित्सा अधिकारी फातिमा अस्पताल) ने सभी मेंटेनेंस स्टाफ, हाउस कीपिंग एवं वार्ड बॉय को उपहार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। अंत में फातिमा कॉलेज आफ नर्सिंग के प्रधानाचार्य डॉक्टर एसपिन ने सभी अतिथियों, छात्रों, अस्पताल के विभिन्न विभाग के विभागाध्यक्षों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## निजी व्यवस्था से कराऊंगा सिंहोरवा घाट पर नाव का संचालन : एसके शर्मा



चौरीचौरा, गोरखपुर। विधानसभा क्षेत्र चौरीचौरा अंतर्गत विकास खंड ब्रह्मपुर के ग्राम सभा सिहोरवा में पीपा पुल हट जाने के कारण क्षेत्र के लगभग 52 गांवों के लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी होने पर विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी एसके शर्मा सिंघोड़वा गांव में पहुंच कर बुधवार को ग्रामवासियों की समस्यायों से अवगत हुए। उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनकर विस्तृत विचार-विमर्श किया। तथा जनहित को सर्वोपरि मानते हुए तथा ग्रामीणों की समस्यायों से चिंतित होकर उन्होंने अपने निजी खर्च से पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था के साथ उक्त घाट पर नाव संचालन प्रारंभ कराने का निर्णय लिया। ताकि क्षेत्रवासियों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही साथ लगातार हो रही वर्षा को ध्यान में रखते हुए हुए बारिश से बचाव के लिए ग्रामीणों के बीच छातों का वितरण भी किया। उन्होंने कहा कि जनसेवा ही हमारा संकल्प है। क्षेत्र की हर समस्या के समाधान के लिए सदैव आपके साथ और आपके बीच उपस्थित रहूँगा।

# गोला के नये एसडीएम मनीष कुमार ने संभाला कार्यभार



गोला, गोरखपुर। गोला तहसील को नए उपजिलाधिकारी के रूप में 2020 बैच के पीसीएस अधिकारी मनीष कुमार मिले हैं। उन्होंने शुक्रवार को विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता की शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी और निष्पक्ष निस्तारण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

हमीरपुर जनपद के मूल निवासी मनीष कुमार की प्रारंभिक शिक्षा-दीक्षा बुंदेलखंड क्षेत्र में हुई है। गोला में तैनाती से पहले वे ललितपुर और फतेहपुर जनपद में विभिन्न प्रशासनिक दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। गोला में यह उनकी पहली नियुक्ति है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद एसडीएम मनीष कुमार ने कहा कि तहसील में आने वाले प्रत्येक फरियादी की शिकायत गंभीरता से सुनी जाएगी और उसका निस्तारण निर्धारित समयसीमा के भीतर कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता को त्वरित और निष्पक्ष न्याय दिलाना हमारी प्राथमिकता है। शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी, जवाबदेह और जनहितकारी प्रशासन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से भी जनसमस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करने की अपेक्षा जताई। साथ ही कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

## स्कूल में एंटी रोमियो टीम ने छात्राओं को सुरक्षा और हेल्पलाइन की दी जानकारी



पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे एंटी रोमियो अभियान के तहत एंटी रोमियो प्रभारी सुमन ने अपनी टीम के साथ नगर स्थित राम रानी देवी चौरसिया पब्लिक स्कूल पहुंचकर छात्राओं को जागरूक किया। मिशन शक्ति के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में प्रभारी सुमन ने छात्राओं को महिला सुरक्षा, आत्मविश्वास और आत्मरक्षा के बारे में बताया। उन्होंने छात्राओं को 1090 महिला हेल्पलाइन और 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए जरूरत पड़ने पर तुरंत मदद लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के संबंध में भी विस्तार से समझाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य गौरव शर्मा ने कहा कि पुलिस द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान से छात्राओं में जागरूकता और हिम्मत बढ़ती है, जिससे समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। विद्यालय संचालक रत्नम चौरसिया ने पुलिस टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

## नवागत एसडीएम ने संभाला कार्यभार, मां चंद्रिका के दर्शन कर बाढ़ चौकियों का निरीक्षण किया



पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर के नवागत उपजिलाधिकारी आनंद कुमार नायक ने शुक्रवार को पाटन स्थित मुख्यालय पहुंचकर विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने पत्रकारों से बातचीत की और फिर मां चंद्रिका अंबिका देवी मंदिर में दर्शन-पूजन कर क्षेत्र की गंगा बाढ़ चैकियों का निरीक्षण किया। वर्ष 2024 बैच के पीसीएस अधिकारी आनंद कुमार नायक ने बक्सर और जयराजमऊ स्थित बाढ़ चैकियों का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने डौडियाखेड़ा पहुंचकर गंगा नदी के किनारे स्थित मनकामनेश्वर मंदिर के पास हो रहे बाढ़ कटान का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्य किया जाएगा। सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों को हटाना उनकी प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि तहसील क्षेत्र में कहीं भी अवैध खनन पाए जाने पर संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को बाढ़ से संभावित प्रभावित क्षेत्रों पर लगातार निगरानी बनाए रखने के भी निर्देश दिए।

## बीआरसी के औचक निरीक्षण में मिलीं कई खामियां, एसडीएम ने लगाई फटकार

बांगरमऊ, उन्नाव। उपजिलाधिकारी बृजमोहन शुक्ल ने शुक्रवार को विकासखंड फतेहपुर चौरासी स्थित बीआरसी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परिसर में अव्यवस्थाएं, मिड-डे मील योजना के संचालन में खामियां, आईसीटी लैब बंद मिलने तथा पुस्तक वितरण व्यवस्था में अनियमितताएं सामने आने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और जवाब-तलब किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम को बच्चों के भोजन के लिए विद्यालयों में उपयोग होने वाली थालियां उपलब्ध नहीं मिलीं। जानकारी मिली कि कुछ बच्चे अपने घरों से प्लेट लेकर आते हैं। इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए व्यवस्था में तत्काल सुधार के निर्देश दिए और कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ बच्चों तक पूरी पारदर्शिता के साथ पहुंचना चाहिए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसडीएम ने बीआरसी में संचालित आईसीटी लैब बंद मिलने पर भी अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा और डिजिटल शिक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं को शीघ्र दुरुस्त करने के निर्देश दिए। वहीं पुस्तक वितरण में अनियमितताओं की शिकायतों की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। बीआरसी निरीक्षण के बाद एसडीएम बृजमोहन शुक्ला ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर का भी औचक निरीक्षण किया। यहां साफ-सफाई, मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं और दवाओं की उपलब्धता का जायजा लिया।

# गोरखपुर: ज्ञान प्रताप सिंह बने सदर एसडीएम, डीएम ने सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

गोरखपुर। जनपद में प्रशासनिक फेरबदल के तहत 2024 बैच के पीसीएस अधिकारी ज्ञान प्रताप सिंह ने सदर उप जिलाधिकारी (एसडीएम) का पदभार ग्रहण कर लिया है। इससे पहले वह सदर तहसीलदार के रूप में कार्यरत थे और एसडीएम सदर का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल रहे थे। उनकी प्रशासनिक दक्षता और बेहतर कार्यशैली को देखते हुए जिलाधिकारी दीपक मीणा ने उन्हें सदर एसडीएम की जिम्मेदारी सौंपी है। पदभार संभालने के बाद ज्ञान प्रताप सिंह ने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और समयबद्ध बनाया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिया कि तहसीलदार एवं तहसीलदार न्यायिक न्यायालय से संबंधित जिन मामलों में एसडीएम न्यायालय में अपील दायर होगी, उनकी फाइलें अधिकतम दो दिनों के भीतर अपर एसडीएम न्यायालय भेजी जाएंगी, ताकि मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित हो सके।

ज्ञान प्रताप सिंह जुलाई 2024 में गोरखपुर में तहसीलदार के पद पर



तैनात हुए थे। उन्होंने कैम्पियरगंज तहसील से अपनी सेवाएं शुरू कीं और बाद में सदर तहसील का कार्यभार संभाला। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने राजस्व मामलों के समयबद्ध निस्तारण, पारदर्शिता और जनसुनवाई में सक्रिय भूमिका निभाई।

30 जून 2025 को शासन ने उन्हें पदोन्नत कर उप जिलाधिकारी बनाया था। हालांकि, जिले में चल रही महत्वपूर्ण परियोजनाओं और उनके अनुभव को देखते हुए उन्हें गोरखपुर में ही कार्यरत रखा गया।

प्रशासनिक हलकों में उनकी पहचान जमीनी स्तर पर समस्याओं के त्वरित समाधान और बेहतर समन्वय स्थापित करने वाले अधिकारी के रूप में है। सदर एसडीएम के रूप में उनके कार्यकाल से विरासत गलियारा, प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण सहित विभिन्न विकास परियोजनाओं को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है

लेखपाल संघ ने नवागत उपजिलाधिकारी का किया स्वागत

उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ तहसील सदर इकाई के अध्यक्ष अनिल राय के नेतृत्व में अन्य संघ के पदाधिकारियों ने स्वागत किया।

# स्नातक चुनाव में सक्रिय भूमिका निभाएं




इटावा। भारतीय जनता पार्टी के आगरा खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव की तैयारियों को तेज करने हेतु जनपद की तीनों विधानसभा के अंतर्गत आने वाले समस्त 16 मंडलो पर भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता की अध्यक्षता में संगठनात्मक योजना, समीक्षा एवं क्रियान्वयन बैठक संपन्न हुई। बैठक का शुभारम्भ पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पण व दीप प्रज्वालित करके हुआ।

आगरा खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मानवेन्द्र प्रताप सिंह गुरूजी ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि संगठनात्मक मजबूती और समयबद्ध क्रियान्वयन ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से आह्वान किया गया कि वे अधिक से अधिक पात्र स्नातक मतदाताओं का पंजीकरण सुनिश्चित करें तथा चुनाव को संगठनात्मक मजबूती के साथ सफल बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। संगठन की एकजुटता, कार्यकताओं की सक्रियता और प्रभावी जनसंपर्क के बल पर आगामी स्नातक एमएलसी चुनाव में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की जाएगी। जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने आए हुए पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने, मतदाता सूची को अद्यतन करने और एमएलसी वोटर के साथ व्यापक संवाद स्थापित करने पर जोर दिया। बैठक को पूर्व सांसद, विधायक रघुराज शाक्य, जिलामहामंत्री हरनाथ कुशवाह, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय धाकरे, जिलाउपाध्यक्ष कृपानारायण तिवारी आदि ने सम्बोधित किया। संचालन जिलामंत्री रजत चैधरी ने किया।

## निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने कहा कि जनपद में 50 लाख रुपये से अधिक लागत की कुल 47 परियोजनाएं प्रगति पर हैं, जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए, ताकि आचार संहिता लागू होने से पूर्व उनका लोकार्पण कराया जा सके। उन्होंने अधिकांश परियोजनाओं को सितंबर-अक्टूबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिला कारागार में 24 बंदी क्षमता वाली हाई सिक्योरिटी बैरक, टाइप आवास तथा डॉरमेट्री निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा कार्य प्रारंभ करने से पूर्व सॉयल टेस्टिंग अवश्य कराई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला कारागार से संबंधित सभी निर्माण कार्य अक्टूबर तक पूर्ण कर लोकार्पण के लिए तैयार किए जाएं। उन्होंने नगरीय विकास के अंतर्गत सैफई क्षेत्र में संचालित निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि गुणवत्ता पर विशेष बल दिया। 50 बेडेड क्रिटिकल केयर ब्लॉक, ओपीडी भवन के बाहरी हिस्से में ग्राउंड फ्लोर से पांचवीं मंजिल तक रैंप निर्माण, 300 बेडेड स्त्री एवं प्रसूति चिकित्सालय गायनी ब्लॉक तथा पैरामेडिकल आवासीय एवं अनावासीय भवनों के निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों को एक से दो माह में पूरा किया जा सकता है, उन्हें बिना विलंब पूर्ण कराया जाए।

## जिला अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट की सुरक्षा की जानी जमीनी हकीकत



इटावा। जिला अस्पताल में कानपुर मंडल से आई एक विशेष टीम ने पुरुष एवं महिला चिकित्सालय में ऑक्सीजन प्लांट की क्रियाशीलता और सुरक्षा मानकों की जमीनी हकीकत परखने के लिए एक औचक मॉक ड्रिल का आयोजन किया। कोविड काल के दौरान स्थापित किए गए इन ऑक्सीजन संयंत्रों की वर्तमान स्थिति और मरीजों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह निरीक्षण कानपुर मंडल के सख्त निर्देशों के तहत संपन्न हुआ। निरीक्षण के दौरान पुरुष चिकित्सालय के दो ऑक्सीजन प्लांट, जिनमें से एक 1000 लीटर और दूसरा 500 लीटर क्षमता का है, की कार्यप्रणाली की बारीकी से जांच की गई। वहीं, महिला अस्पताल में स्थापित 700 लीटर क्षमता वाले ऑक्सीजन प्लांट की भी क्रियाशीलता को परखा गया। कानपुर से आई टीम ने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और ऑक्सीजन आपूर्ति से जुड़ी सभी तकनीकी बारीकियों को देखा। इस दौरान सीएमएस पुरूष डा. परितोष शुक्ला, महिला सीएमएस डा. अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

## जगन्नाथ प्रभु की भव्य शोभायात्रा निकाली गई



इटावा। स्थानीय बीकानेर एक्सप्रेस शास्त्री चैराहे पर प्रातः से जगन्नाथ रथयात्रा को लेकर धार्मिक लोगों का आना शुरू हो गया था। हिन्दूओं के आराध्य भगवान जगन्नाथ की चार धाम में पुरी धाम में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली भव्य रथ यात्रा का सांकेतिक रूप में विशेष भव्यता एवं पवित्रता के साथ रथ यात्रा का इटावा में आयोजन किया गया। रथयात्रा की जानकारी देते हुए सनातन धर्म प्रचारक पंडित मनुपुत्र दास जी ने बताया स्कंद पुराण में जगन्नाथ जी के दर्शन अथवा रथ यात्रा की रस्सी के स्पर्श मात्र से व्यक्ति को मोक्ष प्राप्त हो जाता है। ऐसी दिव्या पुण्य प्रदायी रथ यात्रा का लाभ अवश्य उठाएं। श्री दास जी ने आगे बताया कि भगवान जगन्नाथ जी भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा जी छह पहियों वाले विशेष, आकर्षक एवं दिव्य रथ पर सवार होकर भक्तों को दर्शन देंगे। इस दौरान वृंदावन एवं गोवर्धन की कीर्तन मंडलियों द्वारा हरि नाम संकीर्तन किया जाएगा। ढोल नगाड़ों की थाप पर नृत्य करते भक्त इस उत्सव को और भी अलौकिक बनाएंगे। रथयात्रा का भव्य स्वागत एवं प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया जा रहा है। भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का स्वागत करने के लिए शहर में कई स्थानों पर तोरण द्वार और पुष्प वर्षा की गई। रथयात्रा यात्रा बीकानेर एक्सप्रेस शास्त्री चैराहे से प्रारंभ होकर नौरंगाबाद, साबितगंज, तहसील चैराहा, नगर पालिका चैराहा, राजागंज चैराहा, पुरबिया टोला होते हुए पक्का तालाब परिसर में विश्राम किया। रथयात्रा में सदर विधायका सरिता भदौरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता सहित हजारों लोगों ने उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। रथयात्रा में बीकानेर एक्सप्रेस के मालिक अरविंद पोरवाल का उल्लेखनीय योगदान रहा। रथ यात्रा के दौरान स्थानीय पुलिस व प्रशासन द्वारा विशेष प्रबंध किया गया है। भक्तों को दर्शन में कोई असुविधा न हो इसके व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

## सुमेर सिंह किला बनेगा नया ईको-टूरिज्म आकर्षण



इटावा। मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाली सरकार उत्तर प्रदेश में पर्यटन विकास को नई दिशा देते हुए पर्यावरण संवर्धन को समान प्राथमिकता दे रही है। इसी कड़ी में जनपद के सुमेर सिंह किला क्षेत्र को आकर्षक ईको-टूरिज्म के रूप में विकसित कर इसकी सांस्कृतिक पहचान को नया आयाम दिया जाएगा। करीब 1.44 करोड़ रुपए की लागत वाली इस परियोजना के लिए 1.08 करोड़ रुपए की धनराशि जारी कर दी गई है। इसका उद्देश्य क्षेत्र की ऐतिहासिक पहचान को संरक्षित रखते हुए पर्यटकों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा प्रकृति के अनुकूल पर्यटन को बढ़ावा देना है। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। पर्यटन मंत्री ने बताया कि परियोजना के तहत 400 वर्ग मीटर क्षेत्र में ग्रीन पेवर ब्लॉक का निर्माण, वेल डेवलपमेंट तथा बैठने के स्थानों के आसपास सघन पौधरोपण कराया जाएगा। इससे परिसर का प्राकृतिक सौंदर्य बढ़ेगा और वर्षा जल के बेहतर संरक्षण के साथ पर्यावरण संतुलन को भी मजबूती मिलेगी। पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अग्रभाग की मजबूत दीवार और आकर्षक रेलिंग का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा आधुनिक सुविधाओं से युक्त फूड कोर्ट विकसित किए जाएंगे, जहां पर्यटक स्थानीय व्यंजनों का स्वाद लेते हुए प्राकृतिक वातावरण का आनंद उठा सकेंगे। इतिहास व आधुनिक पर्यटन का होगा संगम परिसर में यात्रियों की मूलभूत सुविधाओं हेतु अन्य कार्य किए जाएंगे। स्टोन साइनेज तथा थीम आधारित बेंच भी स्थापित की जाएंगी, जिससे पर्यटकों को स्थल के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व की जानकारी सहज रूप से प्राप्त हो सकेगी। स्थानीय विरासत और संस्कृति को जीवंत बनाने के लिए थीम पेंटिंग वॉल विकसित की जाएगी, जबकि भव्य प्रवेश द्वार पूरे परिसर को एक नई पहचान देगा। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एफआरपी बायो-डाइजेस्टर लगाए जाएंगे, जिससे अपशिष्ट प्रबंधन वैज्ञानिक और स्वच्छ तरीके से किया जा सकेगा। वहीं सोलर लाइटों की स्थापना से ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और रात्रि के समय भी परिसर सुरक्षित एवं प्रकाशमान रहेगा। इन सभी कार्यों के पूरा होने के बाद सुमेर सिंह किला क्षेत्र इतिहास, प्रकृति और आधुनिक पर्यटन सुविधाओं का उत्कृष्ट संगम बनकर उभरेगा।

## दिव्यांग किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म का प्रयास, ग्रामीणों ने एक आरोपी को पकड़ा, तीन फरार

इटावा। बकेवर क्षेत्र के एक गांव में गुरुवार देर शाम 7 बजे खेतों की ओर शौच के लिए गई एक दिव्यांग किशोरी को चार युवकों ने घेरकर उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। किशोरी के चीखने-चिल्लाने और पास ही क्रिकेट खेल रहे बच्चों के शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े। ग्रामीणों ने घेराबंदी कर एक आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया, जबकि उसके तीन साथी भाग गए। किशोरी की गंभीर हालत को देखते हुए पुलिस उसे जिला अस्पताल ले गई है, जहां उसका इलाज जारी है। ?पीड़ित किशोरी के जीजा ने बताया कि किशोरी दिव्यांग है और रीढ़ की हड्डी में समस्या के कारण उसे चलने-फिरने में काफी परेशानी होती है। गुरुवार देर शाम वह गांव की कुछ अन्य बच्चियों के साथ बाहर खेतों की तरफ शौच के लिए गई थी। आरोप है कि तभी वहां पहले से मौजूद चार नशेड़ी युवकों ने उसे दबोच लिया। डर के मारे साथ गईं अन्य बच्चियां भाग खड़ी हुईं। इसके बाद आरोपियों ने किशोरी का गला दबाकर उसके साथ जबरदस्ती करने और दुष्कर्म का प्रयास किया। थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि किशोरी के साथ छेड़खानी और बदसलूकी की बात सामने आई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी। एक आरोपी को ग्रामीणों की मदद से पकड़ लिया गया है, परिवार तहरीर दी उस आधार पर कार्रवाई की जायेगी।

संक्षेप

## शिविर में योगासनों की दी जानकारी

पलियाकलां खीरी। श्री गुरू गोविन्द सिंह जी महाराज राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पलिया कलां खीरी में निःशुल्क योग शिविर में योग प्रशिक्षक सुभाषचन्द्र दास एवं विवेकानन्द मौर्य ने बड़े उत्साह एवं लगन से छात्र/छात्राओं को योग के बारे में विस्तार से बतलाते हुए विभिन्न प्रकार के योगासनो जैसे ताडासन, वृक्षासन, कटिचक्रासन, भुजंगासन, मकरासन, मयूरासन, माजार्रासन एवं अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कराया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० सूर्य प्रकाश शुक्ल ने छात्र/छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को आसन एवं प्राणायाम प्रतिदिन करना चाहिए। इससे व्यक्ति के आन्तरिक एवं बाह्य व्यक्तित्व में निखार आता है और व्यक्ति सम्पूर्ण दिन प्रसन्नता का अनुभव करता है। अन्त में प्रशिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त कर शिविर का समापन किया गया। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा। यह जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सूर्य प्रकाश शुक्ला ने दी।

## बंद पड़े मकान में चोरों ने किया हजारों के माल पर हाथ साफ

हरगांव (सीतापुर)। हरगांव थाना क्षेत्र अन्तर्गत आदर्श नगर पंचायत क्षेत्र हरगांव के एक वार्ड निवासी धार्मिक कार्य से तीर्थाटन करने मकान बंदकर पूरे परिवार सहित गए हुए थे। इसी बीच मौका पाकर रात में अज्ञात चोरों ने गेट का ताला तोड़कर खिडकी के रास्ते घर में घुसकर हजारों रुपए का माल पार कर दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार जिले के हरगांव थाना क्षेत्र अन्तर्गत आदर्श नगर पंचायत हरगांव के वार्ड गुरुदेवनगर निवासी किशोर कुमार गुप्त पुत्र स्व. प्रेम शंकर गुप्त अपने परिवार सहित सात जुलाई 2026 को जगन्नाथ पुरी व बनारस आदि धार्मिक स्थानों के दौरे पर गए हुए थे। इसी बीच मौका पाकर अज्ञात चोरों ने बंद पड़े मकान के गेट का ताला तोडकर अंदर दाखिल होकर घर में रखे माल पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित को चोरी की सूचना फोन पर 15 जुलाई को उनके चाचा संतोष कुमार गुप्त द्वारा मिली। जब वह वापस आये तो उन्होंने गेट खुला देखा। तहरीर के अनुसार चोरों ने अलमारी व सेफ का ताला तोडकर रखे जेवर दो सोने की चैन झाला तीन अंगूठी लेडीज, दो अंगूठी जेन्ट्स, पांच माला सोने की, एक मंगलसूत्र, चार जोडी पायल, चार जोड़ी बिछिया, चांदी के सात सिक्के, तीन नथुनी पर हाथ साफ कर दिया। जिसकी बाजारू कीमत हजारों रूपए की है। यह घटना उस समय हुई जब हरगांव पुलिस रात्रि भर गस्त करती रही।

## युवक की नाले में डूबकर मौत

रेउसा (सीतापुर)। थानगांव थाना क्षेत्र के गौलोक कोंडर के जिन्ना पुरवा गांव में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। खेत से अपनी मां के साथ घर लौट रहा 12 वर्षीय किशोर नाला पार करते समय पानी के तेज बहाव की चपेट में आकर लापता हो गया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। जबकि ग्रामीण और प्रशासनिक टीम उसकी तलाश में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार, जिन्ना पुरवा निवासी सुबोध गौतम उम्र 12 वर्ष पुत्र प्रेमसागर शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे अपनी मां के साथ खेत से घर लौट रहा था। रास्ते में पड़ने वाले नाले को दोनों पैदल पार कर रहे थे। इसी दौरान नाले में पानी का तेज बहाव होने के कारण सुबोध का संतुलन बिगड़ गया और वह देखते ही देखते बह गया।

# भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठनः ज्ञान तिवारी




सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर बूथ अध्यक्ष सम्मेलन के संबंध में एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष एवं सेवता विधायक ज्ञान तिवारी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में बिसवां विधायक निर्मल वर्मा, महमूदाबाद विधायक आशा मौर्य तथा मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सेवता विधायक ज्ञान तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है और संगठन निरंतर विभिन्न अभियानों के माध्यम से सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। प्रत्येक पदाधिकारी अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करते हुए पार्टी के लक्ष्यों को प्राप्त करने में जुटा है।

उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए सीतापुर जनपद को संगठनात्मक दृष्टि से प्रदेश में अग्रणी बनाने का कार्य करेंगे। उन्होंने समाजवादी पार्टी के शासनकाल में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं माफिया राज का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद प्रदेश में माफिया राज और भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगा है, जिससे जनता को राहत मिली है और प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर हुआ है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वर्ष 2027 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी पुनः पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म (डीएलपी) अभियान एवं आगामी बूथ अध्यक्ष सम्मेलन की सफलता के लिए मंडल अध्यक्षों एवं अन्य पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिला एवं मंडल पदाधिकारियों को संगठनात्मक दृष्टि से आगामी कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का मूलमंत्र देते हुए कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। इसके लिए प्रत्येक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता को केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना होगा। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता, नैमिष रतन तिवारी, विश्राम सागर राठौर, महेश शर्मा, विपुल प्रताप सिंह, रेखा वर्मा, रीतेश सिंह गौर, महेंद्र वर्मा, जया सिंह, आकाश अग्रवाल, कामेश शुक्ला, सहित अपेक्षित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दरी उत्पाद के प्रचार-प्रसार के लिए बायर सेलर मीट आयोजित

सीतापुर। एक जनपद एक उत्पाद योजनान्तर्गत दरी उत्पाद के प्रचार-प्रसार हेतु जनपद में बायर-सेलर मीट आयोजित किये जाने के संबंध में तैयारी बैठक जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा 21 व 22 नवम्बर को बायर- सेलर मीट आयोजित किये जाने हेतु तिथि निर्धारित की गयी।

इस बायर-सेलर मीट में विदेशी बायर्स के साथ-साथ दक्षिण भारतीय बायर्स को वरीयता के आधार पर प्रतिभागिता सुनिश्चित कराये जाने हेतु उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा उपायुक्त



उद्योग को यह भी निर्देशित किया गया कि उक्त बायर-सेलर मीट के सफल आयोजन हेतु जनपद के अच्छे होटल का चयन करते हुए यथावांछित सभी व्यवस्थाएं माह-अक्टूबर में पूर्ण कर ली जायें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दीक्षा जोशी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, हथकरघा एवं उद्यान विभाग के प्रतिनिधि सहित अनेक दरी उत्पादकों एवं निर्यातकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। साथ ही निहारिका सिंह, जोनल कन्सल्टेन्ट, ई0एण्डवाई0, हयात कौसर, सचिव, सी0एफ0सी0 बिसवां द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## बिना कोचिंग के आस्था ने नीट में रची सफलता की नयी इबारत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की पूर्व छात्रा आस्था भारद्वाज ने नीट-2026 परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। बिना



किसी कोचिंग का सहारा लिए आस्था ने 720 में से 607 अंक प्राप्त कर अखिल भारतीय स्तर पर 7930वीं रैंक तथा ओबीसी वर्ग में 3438वीं रैंक हासिल की है। आस्था की यह सफलता वर्षों की निरंतर मेहनत का परिणाम है। उन्होंने वर्ष 2023 में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से हाईस्कूल परीक्षा में 95.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर यूपी बोर्ड मेरिट में जनपद में चैथा स्थान हासिल किया था। इसके बाद इंटरमीडिएट परीक्षा में 88.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में 10वां और नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आस्था के पिता उमाकांत भारद्वाज सरस्वती शिशु मंदिर में लिपिक के पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता सुषमा गृहिणी हैं। आस्था ने बताया कि उन्होंने नियमित अध्ययन और आत्मअनुशासन को अपनी सफलता का आधार बनाया। वह प्रतिदिन सुबह चार बजे उठकर पढ़ाई करती थीं और किसी भी प्रकार की कोचिंग या ट्यूशन का सहारा नहीं लिया। आस्था ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और विद्यालय से मिले मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए तो सफलता अवश्य मिलती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार कन्नौजिया ने आस्था की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी सफलता वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। विद्यालय प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष ईश्वरदीन वर्मा सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने आस्था को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## विद्या निकेतन के भूपेंद्र ने नीट में लहराया परचम



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज के पूर्व छात्र भूपेंद्र प्रताप सिंह भदौरिया ने नीट-2026 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र और विद्यालय का नाम रोशन किया है। भूपेंद्र ने 720 में से 626 अंक प्राप्त कर अखिल भारतीय स्तर पर 3987वीं रैंक तथा सामान्य वर्ग में 382वीं रैंक हासिल की है। भूपेंद्र प्रताप सिंह विद्यालय में कक्षा पांच से इंटरमीडिएट तक नियमित छात्र रहे हैं। उन्होंने वर्ष 2021 की हाईस्कूल परीक्षा में 93.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में द्वितीय स्थान हासिल किया था। इसके बाद वर्ष 2023 की इंटरमीडिएट परीक्षा 87.80 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। ग्राम जंगलीनाथ, मूड़ा सवारान निवासी भूपेंद्र के पिता ओम नारायण सिंह भदौरिया निजी पशु चिकित्सक हैं, जबकि माता नीतू सिंह भदौरिया गृहिणी हैं। परिवार के सहयोग और नियमित अध्ययन के बल पर उन्होंने यह उल्लेखनीय सफलता हासिल की। भूपेंद्र की इस उपलब्धि पर विद्यालय में हर्ष का माहौल है। प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार त्रिपाठी एवं बालिका विभाग की प्रधानाचार्य मधु त्रिपाठी ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी सफलता विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है। विद्यालय परिवार ने भूपेंद्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास जताया कि वह आगे भी अपनी प्रतिभा से क्षेत्र और देश का नाम रोशन करेंगे।

## खाई में गिरी कार, चालक सहित चार घायल

पसगवां खीरी। थाना उचौलिया क्षेत्र में बीती बृहस्पतिवार की देर रात नेशनल हाईवे-730 पर एक सड़क हादसा हो गया हादसे में एक ही परिवार के चार लोग घायल व कार क्षतिग्रस्त हो गई।

जानकारी के अनुसार उत्तराखंड के रुद्रपुर निवासी विपुल गुप्ता अपने परिवार के साथ अपनी डिजायर कार संख्या यू के 06ए पी 4728 पर सवार होकर रामलला के दर्शन करने अयोध्या गए हुए थे जहां से वापस लौटते समय जैसे ही उनकी कार उचौलिया थाना क्षेत्र के ग्राम कोटरा के पास पहुंची तभी अचानक चालक बिपुल गुप्ता को झपकी आ गई जिस कारण उनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खाई में जा गिरी। हादसे में कार में सवार चालक बिपुल गुप्ता, अनवी गुप्ता, सुनीत गुप्ता और साहिल गुप्ता सहित चार लोग घायल हो गए और कार बुरी तरह से क्षतिग्रस हो गई ।हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई, जिसे सुनकर आस पास के लोग मौके पर पहुंचे जिन्होंने जिसकी तत्काल सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची उचौलिया पुलिस ने ग्रामीणों और राहगीरों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को कार से बाहर निकाला जिसके पश्चात सभी घायलों को एक निजी अस्पताल भेज कर इलाज कराया गया ।हादसे के दौरान कार के सभी एयरबैग खुल गए थे जिससे कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ और न ही कोई जनहानि हुई है ।बही इलाज के बाद परिवार अपने घर रुद्रपुर रोडवेज बस पर सवार होकर रवाना हो गया ।वही नेशनल हाइवे की टीम ने हाइड्रा की मदद से कार को बाहर निकालकर पुलिस को शॉप दी है। उचौलिया थाना प्रभारी गोपाल नारायण सिंह ने बताया कार चालक को झपकी आने के कारण कार यह हादसा हुआ है, जिसमें चार लोग घायल हुए है, जिन्हें उपचार के बाद घर भेज दिया गया है, कार को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## क्षत्रिय समाज को मजबूती देने के उद्देश्य से हुई बैठक

हरगांव (सीतापुर)। विकासखंड हरगांव की एक ग्राम पंचायत में आज क्षत्रिय समाज को मजबूती देने के उद्देश्य से क्षत्रिय समाज की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक का सफल संचालन किसान नेता राजेश सिंह तोमर ने किया। जानकारी के अनुसार जिले के विकासखंड हरगांव की ग्राम पंचायत नयागांव फिरोजपुर में क्षत्रिय समाज के अगुआ एवं किसान नेता राजेश सिंह तोमर के आवास पर क्षत्रिय समाज की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता राजेंद्र सिंह ने की। बैठक का सफल संचालन किसान नेता एवं क्षत्रिय समाज के अगुआ राजेश सिंह तोमर ने किया। बैठक में संगठन को मजबूत करने के लिए आशुतोष सिंह एडवोकेट ने प्रस्ताव रखा कि न्याय पंचायत स्तर पर संयोजक का चयन किया जाये।

जो न्याय पंचायत के अन्तर्गत आने वाले सभी ग्राम सभाओं में क्षत्रिय समाज के लोग निवास करते हैं उनसे संपर्क कर उन्हें जागरूक करें। प्रत्येक गांव से दो-दो



जागरूक लोगों का चयन कर आगामी बैठक में उन्हें सम्मिलित किया जाए। संगठन को मजबूत बनाने का समर्थन उपस्थित जन ने सर्वसम्मति से किया। धनंजय सिंह ने न्याय पंचायत स्तर पर निम्न संयोजक का सर्वसम्मति से चयन कराया। न्याय पंचायत महादेव अटरा से समर बहादुर सिंह, सुर्जी पारा से अंकित सिंह, पिपराघूरी से सोनू सिंह, हैदरपुर से प्रमोद सिंह, मुद्रासन से धनंजय सिंह, परसेहरामाल से विद्यार्थ सिंह व सूर्यपाल सिंह कटियारा से अरुण सिंह, उमरी सलेमपुर से अनिल सिंह, जलालीपुर देहात से सोनू सिंह, पचेहरा से अशोक सिंह, नयागांव फिरोजपुर से अजय सिंह, राजेपुर से अनुज सिंह तथा कटेसर से समर बहादुर सिंह को संयोजक सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। सभी संयोजक ने अपने कार्य भार को क्षत्रिय समाज के प्रति आस्था व लगन से करने का वचन दिया। सरवन सिंह रौना, अजय पाल सिंह नरहरपुर, सूर्यपाल सिंह कल्यानपुर, देवेंद्र सिंह, कृपाल सिंह, घनश्याम सिंह, कन्हैया सिंह, दीपेंद्र सिंह, आशुतोष सिंह, उपेंद्र सिंह, अनुज सिंह, अंकित सिंह, मोहन सिंह, वेद प्रकाश सिंह, अनुज कुमार सिंह, रामसुंदर सिंह, शिव बक्स सिंह, बलराम सिंह आदि प्रमुख लोग उपस्थित थे।

## सावन मेले की तैयारियों को लेकर डीएम ने की बैठक

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। आगामी सावन मेले की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को नगर




पालिका परिषद सभागार में जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों के साथ मेला व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक सुझाव लिए गए।

बैठक में जल जीवन मिशन के तहत खुदी सड़कों की शीघ्र मरम्मत, यातायात व्यवस्था, बैरिकेडिंग, स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं और श्रद्धालुओं की सुरक्षा से जुड़े बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। विभिन्न सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने भी व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए अपने सुझाव दिए। मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने गर्भगृह के लाइव प्रसारण, मंदिर परिसर और प्रमुख मार्गों की साफ-सफाई, सार्वजनिक शौचालयों की नियमित व्यवस्था, ट्रांसफार्मरों की बैरीकेडिंग, जर्जर विद्युत तारों और पोलों की मरम्मत तथा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित कराने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए। पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग ने कांवड़ मार्गों पर स्वच्छता, भंडारों को सड़क से दूर लगाने, स्वयंसेवकों के पहचान पत्र, सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार पर रोक तथा प्रत्येक बैरियर पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने नगरवासियों से शिवभक्तों की सेवा में सहयोग की अपील की, जबकि शिव मंदिर समिति के अध्यक्ष जनार्दन गिरि ने बताया कि सावन में मंदिर खुलने का समय प्रशासन से समन्वय के बाद तय किया जाएगा। जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि इस वर्ष सावन मेले को अधिक भव्य, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाया जाएगा। उन्होंने सावन माह में मंदिर के गर्भगृह का लाइव प्रसारण कराने, सावन के सोमवार को गर्भगृह के बाहर दोनों ओर से जलाभिषेक की व्यवस्था करने तथा जल निगम द्वारा खोदी गई सड़कों, जर्जर विद्युत पोल और तारों की मरम्मत समय से पूरी कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग माइक्रो प्लानिंग के साथ समयबद्ध ढंग से तैयारियां पूरी करें, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

बैठक में द्वारिका प्रसाद रस्तोगी, अरुण अवस्थी, अनुज खरे, विनोद स्वर्णकार, अशोक सक्सेना, रेखा मिश्रा, राजेश राठौर, धीरज बाजपेई, रामनरेश वर्मा, सभासद साहिद, एस.पी. चैहान, सुरेश जायसवाल, हरिओम वर्मा, रामचंद्र राठौर, शत्रोहन मिश्रा, धर्मेंद्र तिवारी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार एक गोली लगने से घायल



मोहम्मदी खीरी। मोहम्मदी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है पुलिस टीम ने मुठभेड़ के दौरान गौ हत्या निवारण अधिनियम से संबंधित दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है मुठभेड़ के दौरान जवाबी कार्रवाई में मुख्य आरोपी के पैर में गोली लगने से घायल होगा जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां से जिला अस्पताल भेजा गया है। सीओ अरुण कुमार ने बताया कार्यवाहक प्रभारी रामलखन को मुखबिर से सूचना मिलने पर बदमाशों के क्षेत्र में होने की जानकारी मिलते ही पुवांया रोड से भगेंली जाने वाले रास्ते पर घेराबंदी की बदमाशों ने अपने को घिरता देख पुलिस टीम पर जॉनसन करने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी पुलिस की जवाबी कार्रवाई में अभियुक्त अब्दुल माबूद पुत्र गुलजार खान निवासी रसूलपुर थाना मोहम्मदी घायल हो गया जिसे पुलिस ने दबोच लिया वहीं उसके दूसरे साथी मोहम्मद रिजवान पुत्र मोहम्मद बिजली निवासी जैती की घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से एक अवैध तमंचा, दो अदद जिंदा कारतूस और एक खोखा बरामद किए हैं इनके अलावा घटना में प्रयुक्त चाकू लकड़ी का ठीहा, और एक बाइक भी बरामद हुई है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार व्यक्तियों के खिलाफ पूर्व में 10 से अधिक गौकशी, गैंगस्टर एनडीपीएस एक्ट समेत कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज का विधिक कार्रवाई शुरू की है। घटना में शामिल पुलिस टीम के एस आई धनंजय शुक्ला, पंकज त्रिपाठी, आरक्षी अमरीश शुक्ला, संदीप कुमार, हुकुम सिंह, युसूफ खा, शशि कपूर और रि क्रूट हसनैन रजा, संदीप, और गौरव सिंह रहे हैं।

## महोली में नये एसडीएम की एंट्री प्रशासनिक व्यवस्था को मिलेगी रफ्तार

महोली/ सीतापुर उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी तबादला सूची के तहत पीसीएस अधिकारी शैलेंद्र गौतम को महोली का नया एसडीएम नियुक्त किया गया है। जिलाधिकारी डॉक्टर राजा गणपति आर के निर्देश के क्रम में गुरुवार को दोपहर बाद नावांगत एसडीएम शैलेंद्र गौतम ने चार्ज संभाल लिया है। मालूम हो कि उत्तर प्रदेश प्रांतीय सिविल के अधिकारी शैलेंद्र गौतम इससे पहले जनपद महाराजगंज में विभिन्न प्रशासनिक दायित्व निभा चुके हैं अब उन्हें सीतापुर जिले के महोली तहसील की जिम्मेदारी सौंपी गई है। महोली एसडीएम के रूप में उनके कंधों पर कानून व्यवस्था बनाए रखना, राजस्व मामलों का निस्तारण, जनसुनवाई, आपदा प्रबंधन एवं सरकारी योजनाओं के प्रभावी



क्रियान्वयन तथा तहसील प्रशासन की निगरानी जैसी एवं जिम्मेदारियां होगी। क्षेत्र के नागरिकों को उम्मीद है कि नए एसडीएम शैलेंद्र गौतम के नेतृत्व में लंबित राजस्व प्रकरणों में तेजी आएगी जिससे आम जनता की समस्याओं का समय से समाधान सुनिश्चित होगा। सभी की निगाहें इस बात पर है कि वह शासन की योजनाओं को किस तरह प्रभावी ढंग से लागू करते हैं। इस दौरान तहसीलदार अंकुर यादव, नायब तहसीलदार वसुंधरा त्रिपाठी, राज सिंह मौजूद रहे।

## माहेश्वरी समाज गोला के अध्यक्ष बने श्रवण माहेश्वरी

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। माहेश्वरी समाज गोला की कार्यकारिणी की बैठक शहर के एक गेस्ट हाउस में आयोजित हुई। बैठक में संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने पर चर्चा के साथ सर्वसम्मति से श्रवण माहेश्वरी को माहेश्वरी समाज गोला का नया अध्यक्ष चुना गया।



नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रवण माहेश्वरी का सदस्यों ने फूलमालाओं से स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ एवं सम्मानित सदस्यों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने समाज में आपसी एकता, सहयोग और संगठनात्मक मजबूती बनाए रखने पर जोर देते हुए सामाजिक एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रवण माहेश्वरी ने समाज के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन की गरिमा बनाए रखते हुए सभी को साथ लेकर समाजहित में कार्य किए जाएंगे। उन्होंने युवाओं की भागीदारी बढ़ाने और सामाजिक गतिविधियों को और प्रभावी बनाने का संकल्प भी व्यक्त किया। बैठक में हरी कृष्ण माहेश्वरी, राजेंद्र माहेश्वरी, पवन माहेश्वरी, संजय माहेश्वरी, महेंद्र माहेश्वरी, बृजेश राठी, घनश्याम माहेश्वरी, राज नारायण राठी, अजय राठी, राजेश राठी, श्रीनिवास राठी, विजय राठी, नंद किशोर राठी, मुकेश माहेश्वरी, आलोक माहेश्वरी, नवल माहेश्वरी, मनोज माहेश्वरी, सितेंद्र गट्टानी, लोकेश गट्टानी, विनय माहेश्वरी, मयंक माहेश्वरी, रिशु माहेश्वरी, अंकुश माहेश्वरी, राघव गट्टानी और शुभम माहेश्वरी सहित समाज के अनेक सदस्य मौजूद रहे।

## मोहम्मदी के डॉक्टर का शव पैतृक गांव पहुंचते ही मचा कोहराम



जिला संवाददाता(vol)

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव शेखापुर निवासी डॉक्टर सौरभ बाजपेई ने औरैया में अस्पताल पर तैनाती के दौरान स्टाफ पर मानसिक शारीरिक उत्पीड़न का आरोप सोशल मीडिया पर लगाकर यमुना नदी में छलांग लांग लगाकर आत्महत्या कर ली थी जिनका शव गुरुवार को बरामद हुआ था पोस्टमार्टम के बाद उनके पैतृक गांव पहुंचने पर कोहरा मच गया एक झलक अपने बेटे को देखने के लिए भीड उमड पड़ी है। दोपहर में उनका गोमती तट पर अंतिम संस्कार किया गया है। मृतक के पिता नंदकिशोर वाजपेई ने बताया उन्होंने कर्ज लेकर और खेती किसानी से मेहनत कर बेटे को डॉक्टर की पढ़ाई फरुर्खाबाद के एक प्राइवेट विद्यालय से कराई थी। उपलब्धि पर पूरा गांव गर्व करता था औरैया के निजी अस्पताल में 6 वर्षों से सेवाएं दे रहे थे। प्रबंधक और स्टाफ कर्मियों ने संयुक्त रूप से मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना देना शुरू कर दिया था जिसका मृतक ने आत्महत्या करने से पहले सोशल मीडिया पर वीडियो भी पोस्ट किया था। घटना से परिवार के सपनों पर पानी फिर गया है। घटना की जानकारी मिलते ही विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, नपाध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा उर्फ कन्हैया, पूर्व सांसद रेखा अरुण वर्मा समेत तमाम गणमान्य लोगों ने उनकी आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की है।

डॉक्टर सौरभ बाजपेई की प्रारंभिक शिक्षा पूरनपुर के ए पी इंटर कॉलेज से पूरी की थी और डॉक्टरी की पढ़ाई फरुर्खाबाद के मेजर एसडी कॉलेज से की थी। इसके बाद उन्होंने औरैया के अस्पताल में सेवाएं देना शुरू किया था।

### बेटे के जन्मदिन पर आने का किया था वादा

पत्नी रूबी का रो-रो कर कहना है उसके पुत्र हरदयांश तीन दिन पूर्व पांचवी वर्ष में पड़ा है 13 तारीख को उसका जन्मदिन था जिस पर आने का वादा किया था नहीं आ सके थे 15 तारीख को मनहूस खबर मिली थी।

## थ्रोबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

पलियाकलां खीरी। काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशंस (उक्रउए) द्वारा आयोजित जोनल थ्रोबॉल प्रतियोगिता का आयोजन गुरुकुल एकेडमी,



पलिया कलां में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के विभिन्न सीआईएससीई संबद्ध विद्यालयों की अंडर- 14 अंडर-17 एवं अंडर-19 बालिका वर्ग की टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का पंजीकरण पूर्ण कर लिया गया है तथा सभी प्रतिभागियों का विद्यालय परिवार द्वारा स्वागत किया गया।

गुरुकुल एकेडमी इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबान संस्था होने के नाते खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं अधिकारियों के लिए खेल मैदान, आवास, भोजन तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएँ उपलब्ध करा रही है। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में खेल भावना, अनुशासन, टीमवर्क और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास करना है। विद्यालय प्रबंधक मुकेश अग्रवाल व विद्यालय अध्यक्ष वीरेन्द्र शुक्ला ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमें अगले स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए चयनित होंगी। विद्यालय परिसर में खेलों को लेकर उत्साह का वातावरण है तथा सभी खिलाड़ी पूरे जोश और उत्साह के साथ प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

हरगांव (सीतापुर)। सेवा भावना के लिए प्रतिपल तत्पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की हरगांव इकाई की ओर से विकासखण्ड हरगांव के एक गांव में निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन कराया गया। इस स्वास्थ्य शिविर का ग्रामीणों ने फायदा उठाया। जानकारी के अनुसार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की हरगांव इकाई की ओर से जिले के विकासखंड हरगांव की ग्राम पंचायत खमौना में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कराया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से आयोजित कराए गए निःशुल्क मेडिकल हेल्प कैंप स्वास्थ्य शिविर से सभी गांव वालों सहित जरूरतमंद लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई एवं उन्हें उनकी आवश्यकता के अनुरूप दवाएं भी उपलब्ध कराई गई। गांव के जरूरतमंद लोगों ने कैंप में मौजूद एमबीबीएस डॉक्टरों से परामर्श लिया। इस अवसर प्रवासी के रूप में जिला संगठन मंत्री हर्षित सिंह व प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अंकुल सोनी, नगर मंत्री प्रियांशु मिश्र, नीरज सहित अन्य कार्यकताओं की उपस्थिति रही।

संक्षेप

## एमसीए में टॉपर बने राहुल मिश्रा, राज्यपाल ने किया सम्मानित

**सुलतानपुर।** शहर के महुअरिया निवासी राहुल कुमार मिश्रा ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और लगन के दम पर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के 21वें दीक्षांत समारोह में मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एमसीए) पाठ्यक्रम में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक अपने नाम किया। शुक्रवार को आयोजित दीक्षांत समारोह में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उन्हें विवि स्वर्ण पदक प्रदान कर सम्मानित किया। राहुल की इस उपलब्धि से परिवार, गुरुजनों, मित्रों और शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है। शिक्षकों ने इसे सुलतानपुर के लिए गौरव का क्षण बताते हुए कहा कि राहुल ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर अध्ययन के बल पर यह सफलता अर्जित की है। उन्होंने कहा कि राहुल की उपलब्धि विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। स्थानीय लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए विश्वास जताया कि वह भविष्य में भी शिक्षा एवं तकनीकी क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल कर जनपद और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

## डॉ. संतोष कुमार को मिला अंतरराष्ट्रीय ज्ञान गौरव सम्मान

**सुलतानपुर।** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सुलतानपुर के बी.एड. विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. संतोष कुमार सिंह (अंश) को शिक्षा, साहित्य, संस्कृति एवं सामाजिक क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए अंतरराष्ट्रीय ज्ञान गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान नेपाल के लुम्बिनी बौद्ध विवि में आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान प्रदान किया गया। संगोष्ठी का विषय शिक्षा, साहित्य, संस्कृति और वैश्विक विमर्श : चुनौतियां, अवसर एवं संभावनाएं रहा। सम्मान-पत्र में डॉ. सिंह के अध्यापन, शोध, शैक्षिक नवाचार तथा सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें शिक्षा जगत की प्रेरक हस्ती बताया गया। इस अवसर पर विवि के कुलपति, आयोजन समिति के पदाधिकारियों एवं विभिन्न शिक्षाविदों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डॉ. सिंह को यह सम्मान मिलने पर महाविद्यालय के अध्यक्ष, प्रबंधक, प्राचार्य, शिक्षकएवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## पूर्व सपा विधायक के खिलाफ निगरानी अर्जी पर सुनवाई 12 सितंबर को

**सुलतानपुर।** लंभुआ के पूर्व सपा विधायक संतोष पांडेय समेत तीन आरोपितों के खिलाफ दर्ज सुनील यादव की हत्या के मामले में शुक्रवार को वकीलों के कार्य बहिष्कार के कारण सुनवाई नहीं हुई। पूर्व विधायक के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि एमपी-एमएलए कोर्ट के एडीजे राकेश ने पुलिस की फाइनल रिपोर्ट पर मृतक की पत्नी सरिता यादव की ओर से दी गई प्रोटेस्ट अर्जी खारिज होने के खिलाफ दायर निगरानी अर्जी पर अगली सुनवाई के लिए 21 सितंबर की तिथि तय की है। चांदा के मदारडीह गांव के सुनील यादव की हत्या करने के आरोप में उनकी पत्नी सरिता यादव ने आठ जुलाई 2025 को लंभुआ के पूर्व सपा विधायक संतोष पांडेय, उनके साले विवेक मिश्र व सह आरोपित सुशील उर्फ मुन्ना के खिलाफ केस दर्ज कराया था। मामले में पुलिस ने फाइनल रिपोर्ट लगा दी थी।

# अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ गरजा व्यापार मंडल



**बछरावां, रायबरेली।** बछरावां क्षेत्र के शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में रात के समय हो रही भारी अघोषित बिजली कटौती (रोस्टिंग) से परेशान होकर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल (बछरावां इकाई) ने मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने उपखंड अधिकारी (ैक्व्), मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड को एक मांग पत्र सौंपकर तत्काल प्रभाव से बिजली कटौती बंद करने की मांग की।

व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने एसडीओ को अवगत कराया कि पिछले कुछ समय से बछरावां और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रात के समय लगातार अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। भीषण गर्मी और उमस के इस मौसम में रात-रात भर बिजली गायब रहने से बुजुर्गों, बीमार व्यक्तियों और छोटे बच्चों का जीना मुहाल हो गया है। लोग रात भर सो नहीं पा रहे हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य पर बहुत बुरा असर पड़ रहा है। व्यापार मंडल ने मांग की है कि रात के समय की जाने वाली इस अघोषित कटौती को तुरंत बंद किया जाए और शासन की मंशा के अनुरूप शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सुचारू एवं निर्बाध रूप से बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, जिससे आम जनता और व्यापारियों को राहत मिल सके। ज्ञापन सौंपने के

● एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

दौरान चंद्र प्रकाश गुप्ता (प्रदेश युवा उपाध्यक्ष), ओमिक सोनी (अध्यक्ष), अमित वर्मा (महामंत्री), सतीश सोनकर (कोषाध्यक्ष), अखिलेश पटेल, (युवा उद्योग) के साथ ही व्यापार मंडल के अन्य पदाधिकारी, स्थानीय व्यापारी और सैकड़ों की संख्या में क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे।

## नौ खंड शिक्षा अधिकारियों के प्रभार में बदलाव

**रायबरेली।** बेसिक षिक्षा को और मजबूत करने के लिए बीएसए राहुल सिंह ने नौ खंड शिक्षा अधिकारियों के प्रभार में बदलाव किया है। जानकारी के अनुसार नंद लाल रजक को डलमऊ से रोहनिया, सत्य प्रकाश यादव रोहनिया से डलमऊ भेजे गए। वहीं सत्य प्रकाश सिंह को लालगंज, राजीव कुमार ओझा को ऊंचाहार, ऋचा सिंह को सलोन की जिम्मेदारी मिली। सुरेंद्र प्रताप को बछरावां, ऋचा सिंह (अमावां) को शिवगढ़, तरुण कुमार को सरेनी और सुधा वर्मा को दीनशाह गौरा का प्रभार सौंपा गया।

## खाने की थाली में कीड़े मकोड़े मिलने का वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर चुरूवा चैराहे के निकट स्थित रेनबो रेस्टोरेंट में एक ग्राहक की खाने की थाली में कीड़े मकोड़े मिलने का वीडियो शुक्रवार की दोपहर बड़ी तेजी के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो के विषय में जब पड़ताल करते हुए उक्त रेस्टोरेंट पहुंचकर जानकारी प्राप्त की गई, तो उक्त रेस्टोरेंट के कैशियर संदीप सिंह के द्वारा जानकारी दी गई कि उक्त वायरल वीडियो बीते बृहस्पतिवार की रात तकरीबन 8 बजे के आसपास का है। जब रेस्टोरेंट में सात से आठ लोग खाना खाने के लिए आए हुए थे और मेरे ही केबिन के सामने बैठे हुए थे। हमारे स्टाफ के द्वारा उन्हें खाना परोसा गया, तभी ऊपर फैन चल रहा था, जिससे टकराकर कीड़ा उनके खाने की थाली में गिर गया। न कि कीड़ा पहले से खाने की थाली में मौजूद था। वहीं इस वायरल वीडियो के संबंध में जब फूड इंस्पेक्टर उदयराज मौर्या से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि मुझे इस संबंध में कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई है। खैर उक्त रेस्टोरेंट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के पश्चात चर्चा का विषय बना हुआ है, और क्षेत्रीय लोग पूर्व में भी रेस्टोरेंट से प्राप्त अनियमितताओं एवं रेस्टोरेंट कर्मियों व होटल प्रबंधन पर साफ सफाई एवं लापरवाही के आरोप लगाते हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही साथ लोगों का कहना है कि इस रेस्टोरेंट के द्वारा ग्राहकों की सेहत के साथ जो कथित खिलवाड़ किया जा रहा है, उसको ध्यान में रखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग सख्त से सख्त कार्यवाही करें। लेकिन सवाल यह उठता है कि जिस तरह से रेस्टोरेंट प्रशासन पंखे को दोष देकर अपना बचाव करता हुआ नजर आ रहा है, क्या सही मायने में वह सही है या फिर पूर्व की भांति पुनः एक बार फिर रेस्टोरेंट के जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण ग्राहकों को शुद्ध नहीं अपितु कीड़े युक्त खाना मिला है, जिसका वायरल वीडियो खुद अपनी सत्यता की गवाही दे रहा है। फिलहाल सत्यता क्या है, यह जांच का विषय है, जो कि अभी तक एक यक्ष प्रश्न बना हुआ है?

### रसमलाई में निकला मानव बाल

**रायबरेली।** शहर स्थित गोपाल मिष्ठान भंडार निकट अस्पताल चैराहा के मिष्ठान रसमलाई में मानव बाल निकला। दुकानदार से शिकायत करने पर झगड़े पर उतारू हो गया। दुकानदार किसी कीमत पर मानने को तैयार नहीं हुआ। संतोष बहादुर सिंह एडवोकेट महामंत्री अधिवक्ता परिषद अवध इकाई रायबरेली ने खाद्य विभाग से उचित कार्यवाही की मांग की गयी है। उचित कार्रवाई करें।

## विधायक ने 1.91 करोड़ की लागत से तीन सड़कों का किया शिलान्यास



**अयोध्या।** विकासखंड पूरा क्षेत्र में सड़क संपर्क व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में शुक्रवार को नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने लगभग 1.91 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली तीन सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास किया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने विधायक का स्वागत किया और क्षेत्र में लगातार कराए जा रहे विकास कार्यों के लिए उनका आभार जताया। शिलान्यास की गई परियोजनाओं में मड़ना के सेवरा चैरा पक्की सड़क से बलुईया मांझा तक 1.580 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण, दतौली में प्रह्लाद वर्मा के घर से नहर होते हुए पक्की सड़क बरौली-मड़ना संपर्क मार्ग तक 1.210 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण तथा खानपुर पुरसाएं में राजेन्द्र प्रसाद तिवारी के घर से पकौड़ी हरिजन के घर तक 0.550 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण शामिल है। इन तीनों परियोजनाओं के पूरा होने से क्षेत्र के लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी। शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि प्रदेश सरकार गांव-गांव तक बेहतर सड़क सुविधा पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सड़कें किसी भी क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास की आधारशिला होती हैं। बेहतर संपर्क मार्ग बनने से किसानों, व्यापारियों, विद्यार्थियों और आम लोगों को सीधा लाभ मिलता है। गन्ना समिति के चेयरमैन दीपेन्द्र सिंह ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता प्रत्येक गांव को गुणवत्तापूर्ण सड़क नेटवर्क से जोड़कर विकास की मुख्यधारा में शामिल करना है। कार्यक्रम में, तिलकराम मौर्य, हरभजन गौड़, अरविन्द सिंह, मीडिया प्रभारी अमित कुमार मिश्र, राजेश पाठक, मंडल अध्यक्ष कपिल देव वर्मा, वरुण चैधरी, ओम प्रकाश यादव, अच्छे लाल निषाद, राघवेन्द्र पाण्डेय, दीपक सिंह श्गब्बरश्, मुन्ना दूबे, अभय सिंह बग्घी, प्रदीप सिंह, प्रह्लाद वर्मा, रामजीत निषाद, लोकेश तिवारी, आशीष मणि त्रिपाठी, रमन लाल कोरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## संदिग्ध मौत मामले में नया मोड़, पत्नी ने दूसरी तहरीर देकर लगाया हत्या का आरोप

**नसीराबाद, रायबरेली।** नगर पंचायत नसीराबाद के वार्ड नंबर-2, मोहल्ला डेला मे राम सिंह (35) पुत्र छोटेलाल की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचने पर परिजनों ने अंतिम संस्कार के पहले मुकदमा दर्ज करने की मांग उठाई। मृतक की पत्नी श्यामकली ने पुलिस को दूसरी बार तहरीर देकर आरोप लगाया है कि 15 जुलाई 2026 को दोपहर करीब एक बजे उसके पति मजदूरी करके घर लौट रहे थे। आरोप है कि कल्लू चिकवा के मकान से करीब 300 मीटर पहले पहले से घात लगाए बैठे सूर्या पुत्र स्वर्गीय रामप्यारे वर्मा निवासी लाला की बाजार, वार्ड नंबर-1 ने पुरानी रंजिश के चलते उनके पति के साथ मारपीट की, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। पीड़िता का यह भी दावा है कि पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है। हालांकि इससे पहले 16 जुलाई को दी गई पहली तहरीर में श्यामकली ने दो लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया था। बाद में उन्होंने वह तहरीर यह कहते हुए वापस ले ली कि बिना पूरी जांच-पड़ताल के किसी पर आरोप लगाना उचित नहीं होगा। जानकारी के अनुसार, राम सिंह 15 जुलाई को मजदूरी के लिए घर से निकले थे, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे। बाद में उनका शव नहर की पटरी के पास पड़ा मिला। परिजन और स्थानीय लोग शव को बिना पुलिस को सूचना दिए घर ले आए और रात भर घर पर रखा। अगले दिन सूचना मिलने पर नसीराबाद पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव वापस आने पर परिजनों ने पुलिस से पहले मुकदमा दर्ज करने और उसके बाद ही अंतिम संस्कार करने की बात कही।इस संबंध में थाना प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त हो गई है। रिपोर्ट में शरीर पर कहीं भी चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि परिजन तहरीर देते हैं तो उसके आधार पर निष्पक्ष जांच की जाएगी और जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उसी के अनुरूप विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# श्रद्धा सोनकर की तैनाती से विकासखंड में प्रशासनिक व्यवस्था होगी मजबूत



**महराजगंज, रायबरेली।** महराजगंज विकासखंड को आखिरकार नया नेतृत्व मिल गया है। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका के अनुमोदन के क्रम में श्रद्धा सोनकर को महराजगंज का नया खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) नियुक्त किया गया है। लंबे समय से यह पद रिक्त होने के कारण विकास कार्यों की निगरानी और प्रशासनिक गतिविधियां प्रभावित हो रही थीं। नई नियुक्ति के साथ ही विकासखंड में योजनाओं के क्रियान्वयन को नई गति मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार, महराजगंज विकासखंड में बीडीओ का पद कई दिनों से खाली था, जिससे विभिन्न विकास योजनाओं के संचालन, समीक्षा और समन्वय में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने श्रद्धा सोनकर की तैनाती कर प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूती प्रदान की है। श्रद्धा सोनकर की नियुक्ति के बाद ग्राम पंचायत सचिवों, विकास विभाग के कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों तथा क्षेत्रीय नागरिकों में उत्साह का माहौल है। लोगों का मानना है कि अब ग्रामीण विकास, पंचायत कार्यों, मनरेगा, स्वच्छता अभियान तथा अन्य सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी और लंबित कार्यों का समयबद्ध निस्तारण संभव हो सकेगा।

## शिवा सोनी ने 7109 रैंक हासिल कर बढ़ाया जिले का मान

**रायबरेली।** मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट 2026 में एक बार फिर आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी सफलता की परंपरा को कायम रखा है। रायबरेली के छात्र शिवा सोनी ने 610 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 7109 हासिल की। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित परिणामों के अनुसार शिवा सोनी ने 720 में से 610 अंक प्राप्त किए। वहीं, अंशिका सिंह ने 579 अंक के साथ 18345 रैंक, आर्यन पांडेय ने 570 अंक के साथ 23114, मुस्कान आहूजा ने 566 अंक के साथ 25565 तथा सृजिता सिंह ने 554 अंक के साथ 33889 हासिल कर रायबरेली का नाम रोशन किया। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के क्षेत्रीय निदेशक डी.के. मिश्रा ने शिवा सोनी सहित सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि शिवा की सफलता उनकी मेहनत, दृढ़ संकल्प तथा अभिभावकों और शिक्षकों के सहयोग का परिणाम है।

## शंकराचार्य ने राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण पर ट्रस्ट व सरकार पर साधा निशाना

**अयोध्या।** ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती शुक्रवार को गौ माता को राष्ट्र माता घोषित कराने की मांग को लेकर निकाली जा रही जनजागरण यात्रा के तहत अयोध्या पहुंचे। इस दौरान उन्होंने राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी प्रकरण को लेकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। शंकराचार्य ने कहा कि राम मंदिर के कोष में चोरी होने का आरोप सामने आने के बाद भी ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी ने नैतिक जिम्मेदारी नहीं ली। उन्होंने कहा कि यदि कोष में चोरी हुई है तो इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस मामले में गिरफ्तार किए गए लोग केवल बलि का बकरा बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि विशेष जांच दल (एसआईटी) की रिपोर्ट सार्वजनिक कर दी गई, लेकिन चंपत राय के इस्तीफे को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं की गई। उनका दावा था कि चंपत राय ने वास्तव में इस्तीफा नहीं दिया, बल्कि केवल इसके प्रचार-प्रसार का प्रयास किया गया। शंकराचार्य ने कहा कि उनकी यात्रा का उद्देश्य गौ माता को राष्ट्र माता घोषित किए जाने के पक्ष में जनसमर्थन जुटाना है। उन्होंने कहा कि यह जनजागरण यात्रा रुदौली से शुरू होकर मिल्कीपुर, बीकापुर, गोसाईगंज होते हुए अयोध्या विधानसभा क्षेत्र तक जाएगी। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर साा के नेताओं और कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया। यात्रा के माध्यम से गौ संरक्षण और गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती अपनी गौमाता जनजागरण यात्रा के क्रम में शुक्रवार को मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र पहुंचे। यात्रा के दौरान अमानीगंज से लेकर मिल्कीपुर बाजार और विभिन्न चैराहों पर श्रद्धालुओं, गौभक्तों तथा समाजवादी पार्टी के नेताओं व कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। दोपहर करीब एक बजे शंकराचार्य सांसद अवधेश प्रसाद के पांच नंबर स्थित आवास पहुंचे, जहां आयोजित पादुका पूजन कार्यक्रम में उन्होंने भाग लिया। इस अवसर पर सांसद अवधेश प्रसाद, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सोना देवी, अजीत प्रसाद और अमित प्रसाद ने परिवार सहित शंकराचार्य की पादुकाओं का विधिवत पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने गौ सेवा एवं जनजागरण अभियान को आगे बढ़ाने के लिए लवलेश पांडे और अखिलेश पांडे, राम जी पाल को मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र का अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया।

# डॉ.अमित सिंह की गिरफ्तारी के विरोध में चिकित्सकों ने किया अनोखा विरोध



**रायबरेली।** शाश्वत अस्पताल के डॉ. अमित की गिरफ्तारी से उत्पन्न परिस्थितियों के विरोध में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रायबरेली के आह्वान पर जनपद के चिकित्सकों का चरणबद्ध शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन आज भी जारी रहा। उल्लेखनीय है कि इस प्रकरण के विरोध में कल जनपद के चिकित्सकों ने पूर्ण कार्य बहिष्कार कर अपनी गहरी नाराजगी एवं पीड़ा व्यक्त की थी। उसी क्रम में आज सभी चिकित्सकों ने अपनी-अपनी ओपीडी एवं

● काली पट्टी बांधकर किया सांकेतिक विरोध मरीजों की सेवाएं रहीं निर्बाध

चिकित्सालयों में नियमित रूप से मरीजों का उपचार किया, किंतु काली पट्टी बांधकर इस घटना के प्रति अपना सांकेतिक एवं शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराया।चिकित्सकों ने कहा कि यह विरोध किसी व्यक्ति विशेष के विरुद्ध नहीं, बल्कि चिकित्सक समुदाय की गरिमा, सम्मान तथा न्यायपूर्ण एवं निष्पक्ष व्यवहार की अपेक्षा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा जैसे संवेदनशील एवं सेवा-प्रधान पेशे से जुड़े व्यक्तियों के साथ होने वाली घटनाएं संपूर्ण चिकित्सा समुदाय को गहराई से उद्वेलित करती हैं।आईएमए ने आशा व्यक्त की है कि संबंधित प्रकरण में निष्पक्ष, पारदर्शी एवं न्यायोचित प्रक्रिया अपनाई जाएगी, जिससे चिकित्सकों का न्याय व्यवस्था एवं प्रशासनिक तंत्र पर विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो सके। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि चिकित्सकों का सर्वोच्च दायित्व मरीजों की सेवा है।इसी भावना का सम्मान करते हुए आज सभी चिकित्सकों ने चिकित्सा सेवाओं को निर्बाध जारी रखा तथा काली पट्टी धारण कर अपने लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण विरोध का संदेश दिया।

## तस्लीम तनवीर ने पहले प्रयास में नीट परीक्षा पास की

**कूरेभार, सुलतानपुर।** कूरेभार क्षेत्र की तस्लीम तनवीर ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-2026) में पहले ही प्रयास में सफलता हासिल की है। उन्होंने नीट-2026 में 595 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 9064 हासिल की। तस्लीम कूरेभार ब्लॉक के रुसहा सैदखानपुर गांव निवासी तनवीर अहमद उर्फ बच्चन की सबसे छोटी बेटी हैं। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। यह सफलता इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि तस्लीम ने इसी वर्ष इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। उन्होंने पहली ही कोशिश में देश की सबसे कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं में से एक नीट को पास किया है। सीमित संसाधनों के बावजूद, उन्होंने अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण, नियमित अध्ययन और आत्मविश्वास के बल पर यह

● कूरेभार के रूसहा की बेटी ने 595 अंक और 9064 ऑल इंडिया रैंक हासिल की

मुकाम हासिल किया। तस्लीम की इस उपलब्धि से उनके परिवार में खुशी का माहौल है। परिजन एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर जश्न मना रहे हैं। गांव और आसपास के लोग भी उन्हें बधाई देने पहुंच रहे हैं। स्थानीय लोगों ने कहा कि तस्लीम की सफलता क्षेत्र की अन्य बेटियों और युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी।तस्लीम ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और परिवार के सदस्यों को दिया। उन्होंने बताया कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ पढ़ाई करने से सफलता अवश्य मिलती है। तस्लीम का सपना एक कुशल चिकित्सक बनकर समाज की सेवा करना है।इस अवसर पर ग्राम प्रशासक राजेन्द्र कुमार पिंटू, आजाद पब्लिक स्कूल के प्रबंधक वसीम अहमद, फूल मोहम्मद, इस्तियाक और लाल मोहम्मद सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों ने तस्लीम तनवीर को बधाई दी। उन्होंने तस्लीम के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि वह आगे भी अपनी मेहनत से जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेंगी।


## नीट में एईएसएल के छात्रों ने हासिल की शानदार सफलता



**अयोध्या।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के छात्र हिंदुराज ने नीट यूजी 2026 परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक (एआईआर ) 9289 हासिल कर अयोध्या सिटी टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि मेडिकल प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट शिक्षा और विशेषज्ञ मार्गदर्शन के माध्यम से छात्रों के भविष्य को संवारने की दिशा में एईएसएल की प्रतिबद्धता को एक बार फिर साबित करती है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित नीट यूजी 2026 के परिणामों में अयोध्या सिटी टॉपर हिंदुराज यादव ने 720 में से 602 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 9289 हासिल की। वहीं, फलक जहरा ने 597 अंक के साथ एआईआर 11030, बभ्रावी श्रीवास्तव ने 591 अंक के साथ एआईआर 13431, दिवाकर साहू ने 589 अंक के साथ एआईआर 13998, ऋचा यादव ने 588 अंक के साथ एआईआर 14519, मिश्कात नूर ने 584 अंक के साथ एआईआर16199 तथा अमन प्रजापति ने 584 अंक प्राप्त कर एआईआर 16315 हासिल की। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा जारी टॉप 138 की सूची के अनुसार, उत्तर प्रदेश में आकाश के छात्रों नेनीट यूजी 2026 में शानदार प्रदर्शन किया है। आकाश के छात्र आर्यन दुबे ने स्टेट रैंक 1, वंशम सिंह ने स्टेट रैंक 3, एकाग्र यादव ने स्टेट रैंक 5, श्रीनारायण हरि मिश्रा ने स्टेट रैंक 6, अरिमा झा ने स्टेट रैंक 7 तथा कृष्णा यादव ने स्टेट रैंक 8 हासिल कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। नीट 2026 में इस वर्ष भी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं में अपनी अग्रणी पहचान को और मजबूत किया है। इस वर्ष संस्थान के छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार सफलता हासिल की है। आकाश के 4 छात्रों ने ऑल इंडिया टॉप 10, 18 छात्रों ने टॉप 50 तथा 41 छात्रों ने टॉप 100 में स्थान बनाया है। यह उपलब्धि संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुभवी फैकल्टी, वैज्ञानिक शिक्षण पद्धति, व्यापक अध्ययन सामग्री, नियमित टेस्ट और व्यक्तिगत मार्गदर्शन की मजबूत व्यवस्था को दशार्ती है। अपनी सफलता पर छात्रों ने कहा, नीट यूजी 2026 में एआईआर हासिल करना मेरे लिए बेहद गर्व और खुशी का क्षण है। इस सफलता के लिए अनुशासन, निरंतर मेहनत और लगातार सीखते रहने की आवश्यकता थी। आकाश के शिक्षकों के मार्गदर्शन ने मेरे कॉन्सेप्ट मजबूत किए, मेरी तैयारी की रणनीति को बेहतर बनाया और पूरे सफर के दौरान मुझे प्रेरित रखा। मैं अपने माता-पिता और शिक्षकों का दिल से आभारी हूं, जिन्होंने हर कदम पर मेरा साथ दिया। इस उपलब्धि पर डी के मिश्रा - क्षेत्रीय निदेशक, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने कहा, हम हिंदुराज को नीट यूजी 2026 में एआईआर 9289 प्राप्त करने और अयोध्या सिटी टॉपर बनने पर हार्दिक बधाई देते हैं। यह सफलता छात्र की कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प तथा अभिभावकों और शिक्षकों के सहयोग का परिणाम है। एईएसएल का हमेशा प्रयास रहा है कि छात्रों को मजबूत शैक्षणिक आधार, व्यक्तिगत मार्गदर्शन और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएं, ताकि वे अपने सपनों को साकार कर सकें।

## इरुल की बेटी संगीता यादव बनीं सब इंस्पेक्टर

**कूरेभार, सुलतानपुर।** विकास खंड कूरेभार की ग्राम पंचायत इरुल की पंचायत सहायक संगीता यादव का चयन सब इंस्पेक्टर (एसआई) पद पर हुआ है। अपनी कड़ी मेहनत और लगन के बल पर उन्होंने यह उपलब्धि हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता से पूरे विकास खंड में खुशी का माहौल है।संगीता किसान अयोध्या प्रसाद यादव और ललिता देवी की बेटी हैं। वह तीन पुत्रियों में सबसे छोटी हैं। परिवार में उनके एक भाई आकाश यादव भी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद संगीता ने अपने सपनों को पूरा करने का संकल्प नहीं छोड़ा। ग्राम पंचायत इरुल में पंचायत सहायक के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जारी रखी। सरकारी दायित्वों, पारिवारिक जिम्मेदारियों और कठिन परिस्थितियों के बीच समय का संतुलन बनाकर उन्होंने यह साबित किया कि दृढ़ इच्छाशक्ति से



कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। सब इंस्पेक्टर पद पर चयन की सूचना मिलते ही संगीता के घर बधाई देने वालों का तांता लग गया। जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं, ग्रामवासियों और शुभचिंतकों ने उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। लोगों ने संगीता यादव की सफलता को क्षेत्र की बेटियों और युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। उनका कहना है कि यह उपलब्धि संदेश देती है कि मेहनत और लगन का कोई विकल्प नहीं होता। ग्रामीणों ने संगीता की लगन की सराहना की, जिन्होंने पंचायत सहायक के पद पर रहते हुए भी अपने लक्ष्य से समझौता नहीं किया।

# खाद के लिए भटक रहे किसान, उर्वरक केंद्रों पर लंबी कतारें

● धान की रोपाई के बीच फार्मर रजिस्ट्री बनी बाधा, किसानों ने व्यवस्था सरल करने की उठायी मांग

**महराजगंज, रायबरेली।** धान की रोपाई के महत्वपूर्ण दौर में महराजगंज क्षेत्र के किसान उर्वरक के लिए परेशान हैं। साधन सहकारी समितियों और निजी उर्वरक विक्रेताओं के यहां सुबह से देर शाम तक किसानों की लंबी कतारें लगी हैं। कई किसानों का कहना है कि फार्मर रजिस्ट्री न होने के कारण उन्हें खाद मिलने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इससे समय पर खेतों में उर्वरक नहीं पहुंच पा रहा है और फसल पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका बढ़ गई है।



किसानों का कहना है कि खेती पूरी तरह समय पर निर्भर करती है। धान की रोपाई के बाद यदि निर्धारित समय पर उर्वरक नहीं मिला, तो फसल की बढ़वार और उत्पादन दोनों प्रभावित हो सकते हैं। कई किसान लगातार कई दिनों से समितियों और दुकानों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें अपेक्षित मात्रा में खाद नहीं मिल पा रही है। क्षेत्र के किसानों ने मांग की है कि कृषि कार्य की व्यावहारिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए उर्वरक वितरण व्यवस्था को सरल बनाया जाए। उनका कहना है कि जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री अभी नहीं हो सकी है, उन्हें आधार कार्ड अथवा अन्य वैध पहचान पत्र के आधार पर भी उर्वरक उपलब्ध कराया जाए, ताकि खेती का कार्य प्रभावित न हो। किसानों का कहना है सरकार की मंशा किसानों को सुविधा देने की है, इसलिए वितरण प्रक्रिया ऐसी होनी चाहिए जिससे पात्र किसान समय पर खाद प्राप्त कर सकें।

## नीट-2026 में न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**रायबरेली।** नीट-2026 में न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए परिजनों एवं विद्यालय का नाम रोशन किया है। संस्थान की छात्रा तैय्यबा कय्यूम ने 99.65% प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वहीं ऋषभ तिवारी ने 95.59% तथा अथर्व सिंह ने 93.99% हासिल कर सफलता का परचम लहराया। विद्यार्थियों की इस सफलता पर एनएसजीआई संस्थापक-प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा ने छात्रा तैय्यबा कय्यूम को सम्मानित किया तथा उनके माता-पिता और परिजनों को बधाई देते हुए इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि किसी भी विद्यार्थी की सफलता केवल उसके परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए गर्व का विषय है।

संक्षेप

## शवदाहगृह के पास से अज्ञात शव बरामद

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम प्यासी मे नदी के किनारे शवदाहगृह के पास एक अज्ञात शव पुलिस ने बरामद किया है ।जिसकी शिनाख्त अब तक नही हो पायी है । बताया गया है कि शवदाहगृह के पास सुबह लोगो ने एक शव देखा और सूचना पुलिस को दिये पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लिया पहचान कराने की कोशिश की लेकिन शिनाख्त नही हो पायी ।सर के बाल लम्बे जिन्ह चीचे पहने हुई थी । इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज गुप्त ने बताया कि उम्र 20के लगभग होगी ।छानबीन के दौरान किन्नर निकली ।पुलिस आवश्यक कार्यवाही पुरी कर शव को पोस्मार्टम के लिए मेडिकल कालेज देवरिया भेज दिया ।

## घर से अचानक गायब किशोर पुलिस तलाश में जुटी



**जौराबाजार, कुशीनगर।** चौरा खास थाना क्षेत्र के गांव धुनवलिया से नित्य क्रिया के लिए घर से बाहर गया 16 वर्षीय किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गया। परिवार वालो ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर देकर किशोर की तलाश की मांग की है। जानकारी के अनुसार गांव निवासी लक्ष्मीना देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका 16 वर्षीय पुत्र विवेक कुमार गोंड कक्षा 10 का छात्र है और इंटर कॉलेज मधुरिया में पढ़ता है। गुरुवार शाम को वह घर से गांव के बाहर शौच के लिए गया था। लेकिन देर शाम तक वापस न लौटने पर हमलोगों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। गायब किशोर का मोबाइल भी बंद आ रहा है। पीड़ित मां ने पुत्र के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि तहरीर मिल गई है। गायब किशोर की तलाश की जा रही है।

## पोखरे में मिला दिव्यांग किशोर का शव

**जौराबाजार, कुशीनगर।** चौरा खास थाना क्षेत्र के भठही दरियाव टोला में शुक्रवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब गांव के समीप स्थित एक पोखरे में 16 वर्षीय किशोर का शव उतराता मिला। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की पहचान गांव निवासी समीर पुत्र हाफिजुल्लाह (16 वर्ष) के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, समीर मंदबुद्धि होने के साथ-साथ गूंगा भी था। बताया जा रहा है कि वह गुरुवार शाम करीब छह बजे घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। काफी रात बीत जाने के बाद परिजनों ने सोचा कि वह किसी रिश्तेदारी में चला गया होगा और सुबह लौट आएगा। शुक्रवार भोर में कुछ बच्चे बकरी चराने के लिए गांव के बाहर गए थे। इसी दौरान उनकी नजर पोखरे में उतराते एक शव पर पड़ी। बच्चों ने तत्काल इसकी सूचना गांव में दी। सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।

# सीडीओ ने की जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक

### निर्धारित समय में सभी ग्रामीण पेयजल योजनाएं पूर्ण करने के निर्देश




**कुशीनगर।** सीडीओ वंदिता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (डीडब्ल्यूएसएम) समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में संचालित ग्रामीण पेयजल योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित समयावधि एवं गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।

बैठक में अधिशासी अभियंता, उप्र जल निगम (ग्रामीण), कुशीनगर, अधिशासी अभियंता, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, पडरौना, सहायक अभियंता उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), एसडब्ल्यूएसएम, गोरखपुर इकाई के अभियंता, एनसीसी लिमिटेड के अधिकारी, डीपीएमयू एवं टीपीआईए की टीम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में अधिशासी अभियंता, उप्र जल निगम (ग्रामीण), ने बताया कि जल जीवन मिशन के फेज-2 एवं फेज-3 के अंतर्गत जनपद में 453 ग्रामीण पेयजल योजनाओं का निर्माण कराया जा रहा है। इन योजनाओं के माध्यम से 667 ग्राम पंचायतों के 904 राजस्व ग्रामों में कुल 3,34,718 गृह जल संयोजन उपलब्ध कराए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया इन योजनाओं के अंतर्गत 464 ट्यूबवेल, 454 पम्प हाउस, 454 शिरोपरि जलाशय व 6,448 किलोमीटर वितरण प्रणाली का निर्माण प्रस्तावित है। वर्तमान तक 454 ट्यूबवेल, 448 पम्प हाउस, 250 शिरोपरि जलाशय व 6,292 किलोमीटर वितरण प्रणाली का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जबकि शेष कार्य तेजी से प्रगति पर है। बैठक में अधिकारियों को 'जल सारथी ऐप' के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि इस ऐप के माध्यम से हर राजस्व ग्राम में पेयजल योजनाओं की जानकारी प्राप्त की जा सकती है तथा पेयजल से संबंधित शिकायतें व सुझाव भी ऑनलाइन दर्ज कराए जा सकते हैं। जनसामान्य से अधिकाधिक संख्या में 'जल सारथी ऐप' डाउनलोड कर उसका उपयोग करने की अपील भी की गई। अंत में सीडीओ ने कार्यदायी संस्थाओं एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कर आमजन के लिए शत-प्रतिशत उपयोगी बनाया जाए, ताकि हर ग्रामीण परिवार तक सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

## स्कूली वाहनों की सुरक्षा में लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

**कुशीनगर।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) डॉ. दिलीप कुमार गुप्ता ने बताया कि स्कूली छात्र-छात्राओं का सुरक्षित परिवहन शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उत्तर प्रदेश मोटरयान नियमावली के तहत प्रत्येक विद्यालय में विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति का गठन अनिवार्य है, जिसकी जिम्मेदारी विद्यालय से संबद्ध सभी वाहनों के आवश्यक अभिलेखों, चालक के ड्राइविंग लाइसेंस, पुलिस सत्यापन, फिटनेस, परमिट, प्रदूषण प्रमाण-पत्र एवं अन्य सुरक्षा मानकों का नियमित परीक्षण सुनिश्चित करना है। साथ ही प्रत्येक चालक का वर्ष में कम से कम एक बार स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण कराया जाना भी आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्यों को स्पष्ट किया गया है कि विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों की सुरक्षा की संपूर्ण जिम्मेदारी विद्यालय प्रबंधन की होगी। विद्यालयों द्वारा संचालित बस, वैन एवं अन्य वाहनों का संचालन मोटर वाहन अधिनियम, 1988, केंद्रीय मोटरयान नियमावली, 1989 (सीएमवीआर), एआईएस-063, एआईएस-125 तथा उत्तर प्रदेश मोटरयान नियमावली, 2019 के प्रावधानों के अनुरूप होना अनिवार्य है। एआरटीओ ने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियमों का उल्लंघन गंभीर परिणाम उत्पन्न कर सकता है। सभी विद्यालय संचालकों को निर्देशित किया गया है कि परिवहन सुरक्षा समिति की नियमित बैठकें आयोजित कर विद्यालयी वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था का सतत पर्यवेक्षण करें तथा यदि किसी प्रकार की कमी या दोष पाया जाए तो उसका तत्काल निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि 01 जुलाई से 15 जुलाई 2026 तक जनपद में श्मशिन सेफ फ्यूचर विशेष अभियान चलाकर विद्यालयी वाहनों की सुरक्षा मानकों के अनुरूप जांच एवं सत्यापन किया गया। अभियान के दौरान विद्यालयी वाहनों का निरीक्षण कर निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुपालन का परीक्षण किया गया। डॉ. गुप्ता ने स्पष्ट किया कि यदि जांच में कोई भी विद्यालयी वाहन निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाया जाता है अथवा ऐसे वाहन का संचालन जारी रहता है, तो संबंधित वाहन का पंजीयन निलंबित करने से लेकर विद्यालय की मान्यता निरस्त करने तक की कार्रवाई की जा सकती है।

## रामलीला समिति की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा



**देवरिया।** श्री रामलीला समिति, देवरिया के साधारण सभा की बैठक गुरुवार को श्रीरामचण्डपम रामलीला मैदान पर अरुण कुमार बरनवाल के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष की रामलीला मंचन सांस्कृतिक संगम, सलेमपुर के कलाकारों द्वारा दिनांक 27 अक्टूबर 2026 से 01 नवम्बर 2026 तक किया जाएगा। इसी क्रम में इस वर्ष श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर श्रीरामजानकी मन्दिर के प्रांगण में भजन एवं झांकी के साथ बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा एवं प्रभु के जन्मोत्सव के उपरान्त समिति द्वारा प्रसाद वितरित किया जाएगा। इस अवसर पर समिति के सदस्य कमलेश मित्तल, शिव जी वर्मा, निखिल कुमार, सुवास मद्धेशिया, श्याम मनोहर जायसवाल, राजेन्द्र जायसवाल, अखिलेन्द्र जायसवाल, कपिल सोनी, शंख लाल सर्राफ, हीरालाल वर्मा, हरिहर प्रसाद, सुशील बरनवाल, मनोज सेठ, प्रमोद राजगदिया राकेश धर द्विवेदी, रितेश शन्डिल्य, बालेन्दु मणि अटल बरनवाल, राजेश सर्राफ, कैलाश वर्मा, कंचन बरनवाल, राजकुमार वर्मा, उमाशंकर मद्धेशिया, नन्द जी, नरेन्द्र बरनवाल, रमाशंकर वर्मा, आनन्द जायसवाल, जगरनाथ प्रसाद, सुनील सोनी आदि लोग उपस्थित रहे।

## वंदेमातरम एक्सप्रेस ट्रेन का वासिंग सेंटर भटनी मेंस्थापित करने की मांग उठी

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर वन्देमातरम एक्सप्रेस ट्रेन के वासिंग सेन्टर के निर्माण लिए रेलवे द्वारा सर्वे कराया गया था ।इस परियोजना को अन्यत्र स्थापित करने की भनक लगते ही इसे भटनी में ही स्थापित करने की माँग जोर पकड लिी है ।इस सम्बन्ध अखिल भारतीय व्यापार मण्डल भटनी के प्रभारी सुमेश वर्मा ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष को लिखे पत्र मे लिखा है कि रेल मंत्रालय को प्रस्तावित इस परियोजना को कही और स्थानांतरण के बजाय भटनी में ही स्थापित किया जाय ।ऐतिहासिक एवं भौगोलिक दृष्टिकोण से भटनी रेलवे स्टेशन पूर्वोतर रेलवे का महत्वपूर्ण स्टेशन है. । भटनी मण्डल प्रभारी ने पत्र में लिखा है कि क्षेत्रीय जनभावनाओं ,रोजगार के अवसरों, रेलवे द्वार इस क्षेत्र की प्रगति को ध्यान में रखते हुए इस परियोजना को भटनी में ही स्थापित करने पर गम्भीरता से विचार किया जाय ।

## कल्याण मंडप भवन निर्माण परियोजना का डीएम ने किया औचक निरीक्षण



**देवरिया।** डीएम मधुसूदन हुल्गी ने आज नगर के भुजौली कॉलोनी स्थित निर्माणाधीन कल्याण मंडप भवन परियोजना का औचक निरीक्षण किया ।इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर तथा उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। डीएम ने कार्यदायी संस्था को सचेत करते हुए कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता में किसी भी स्तर पर मानकों से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य की गुणवत्ता को लेकर किसी प्रकार की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने बताया कि लगभग 5 करोड़ 21 लाख रुपये की लागत से निर्मित हो रही इस परियोजना का कार्य अप्रैल 2025 में प्रारंभ हुआ था तथा इसे अगस्त 2026 तक पूर्ण किया जाना निर्धारित है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि भवन का लगभग 85 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। डिीएम ने शेष कार्य प्रत्येक दशा में निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अरुण कुमार सिंह, नगर पालिका परिषद देवरिया के अभियंता, कार्यदायी संस्था सीएनडीएस के प्रवर अभियंता बीपी सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बाल सुधार गृह में भी होगा स्काउट गाइड दल का संचालन : सीडीओ




**देवरिया।** भारत स्काउट एवं गाइड, की जिला कार्यकारिणी की बैठक शुक्रवार को विकास भवन स्थित गांधी सभागार में मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला मुख्यायुक्त राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए सीडीओ एवं जिला मुख्यायुक्त ने कहा कि भारत स्काउट एवं गाइड विश्व का सबसे बड़ा स्वयंसेवी युवा संगठन है, जो प्राथमिक स्तर से लेकर महाविद्यालय स्तर तक के विद्यार्थियों में अनुशासन, स्वावलंबन, सेवा भावना एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करता है। उन्होंने कहा कि नवाचार के रूप में जनपद के बाल सुधार गृह में भी स्काउट-गाइड दल का पंजीकरण कर नियमित गतिविधियों का संचालन कराया जाएगा। साथ ही सभी विद्यालयों में स्काउट-गाइड कार्यक्रमों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। जिला विद्यालय निरीक्षक हरिश्चंद्र नाथ ने कहा जनपद के समस्त राजकीय, सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त तथा सीबीएसई विद्यालयों में अनिवार्य रूप से स्काउट-गाइड गतिविधियों का संचालन कराया जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. रामजीयावन मौर्य ने कहा कि बेसिक विद्यालयों में शासन के निर्देशानुसार स्काउट-गाइड कार्यक्रमों के संचालन में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जिला कमिश्नर (स्काउट) कैप्टन डॉ. हरिकेश सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि जिला कमिश्नर (गाइड) गीता कुमारी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए स्काउट-गाइड गतिविधियों को जनपद के हर विद्यालय तक पहुंचाने का आह्वान किया। जिला सचिव आशुतोष कुमार ने उपलब्धियों एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से प्रकाश डाला। बैठक में जिला कमिश्नर बुलबुल चंद्रप्रभा सिंह, जिला कमिश्नर (एडल्ट रिसोर्स गाइड) डॉ. सीमा पाठक, बीइओ सत्य प्रकाश कुशवाहा, अर्चना तिवारी, जिला कोषाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सैनी, कैप्टन संतोष चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

# 22 को होने वाले बूथ अध्यक्ष सम्मेलन की तैयारी बैठक संपन्न

- विधानसभावार आयोजित होंगे सम्मेलन, संगठन की मजबूती पर दिया गया जोर



**देवरिया।** भाजपा द्वारा 22 जुलाई को आयोजित होने वाले बूथ अध्यक्ष सम्मेलन की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को औरा चौरी स्थित पार्टी कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा के जिला प्रभारी संतराज यादव रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष काली प्रसाद ने की तथा संचालन जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी संतराज यादव ने कहा कि बूथ संगठन भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। आगामी बूथ अध्यक्ष सम्मेलन संगठन को और अधिक मजबूत व सक्रिय बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ अध्यक्ष संगठन की रीढ़ है और उनके माध्यम से ही सरकार की योजनाओं तथा पार्टी की नीतियों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने पदाधिकारियों से सम्मेलन की तैयारियों को समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से पूर्ण करने का आह्वान किया।

प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि भाजपा की सफलता का आधार उसका मजबूत बूथ तंत्र है। उन्होंने कहा कि संगठन की कार्यपद्धति अन्य दलों से अलग है और भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित एवं जनसेवा के संकल्प के साथ कार्य करता है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने का आग्रह करते हुए कहा कि प्रत्येक बूथ से अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित की जाए। रामपुर कारखाना विधायक सुरेंद्र चौरसिया ने कहा कि बूथ अध्यक्षों की सक्रियता ही चुनावी सफलता की कुंजी है। उन्होंने कार्यकताओं से गांव-गांव और बूथ-स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया।

अध्यक्षीय उद्बोधन में जिलाध्यक्ष काली प्रसाद ने बताया कि 22 जुलाई को जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों में विधानसभावार बूथ अध्यक्ष सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक विधानसभा के लिए संयोजक एवं समन्वयकों की जिम्मेदारियां तय कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए सम्मेलन को सफल बनाने के लिए पूरी ताकत से जुट जाएं।

बैठक में सम्मेलन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं, कार्यकताओं की सहभागिता, बूथ अध्यक्षों तक सूचना पहुंचाने तथा कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। पदाधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपते हुए समय से सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, संजय सिंह एडवोकेट, अजय कुमार दुबे, संतोष त्रिगुणायक, गंगा सिंह कुशवाहा, अजय शाही, जिला महामंत्री प्रमोद शाही, रविंद्र कौशल, जिला मंत्री अरविंद पांडे 'बबुना', डॉ. हेमंत मिश्रा, अभिषेक जायसवाल, रमाशंकर निषाद, निर्मला गौतम, नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा, प्रभाकर तिवारी, कृष्णनाथ राय, नीरज शाही, रामाशीष प्रसाद, दीपू शाही, शुभम त्रिपाठी, रमेश सिंह, सतेंद्र मणि त्रिपाठी, सत्यप्रकाश पांडे, कमलेश सिंह, ऋषि कुमार सिंह सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सर्पदंश से किशोरी की मौत

**जौराबाजार, कुशीनगर।** चौरा खास थाना क्षेत्र के भठही दरियाव टोला ग्राम सभा में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक घटना ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया। गांव निवासी जयकिशुन शर्मा की 17 वर्षीय पुत्री रेखा शर्मा की जहरीले सर्प के डंसने से मौत हो गई। किशोरी की असमय मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार सुबह रेखा अपने निमार्णाधीन मकान में रखा टूथब्रश लेने गई थी। इसी दौरान उसके पैर में जहरीले सर्प ने डंस लिया। सर्पदंश के बाद परिजन तत्काल अस्पताल ले जाने के बजाय लोगों की सलाह पर उसे झाड़-फूंक कराने ले गए। काफी देर तक हालत में सुधार नहीं होने पर उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन शव को घर लेकर लौट रहे थे, तभी रास्ते में किसी ने बिहार के थावे मंदिर के पास झाड़-फूंक से ठीक करने वाले व्यक्ति की जानकारी दी।

## रुद्रपुर तहसील में 21 को लगेगा कल्याणकारी शिविर, पात्रों को मिलेगा योजनाओं का लाभ

**देवरिया।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रियंका चौधरी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार ₹सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान₹ की मूल भावना के तहत जिला समाज कल्याण, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण, जिला प्रोबेशन, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जनपद की सभी तहसीलों में कल्याणकारी शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 21 जुलाई, को पूर्वाह्न 10 बजे से तहसील परिसर रुद्रपुर में कल्याणकारी शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे तथा दिव्यांग पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, पिछड़ा वर्ग शादी अनुदान, सहायक उपकरण वितरण सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया जाएगा।

## श्रीलंका बुद्ध बिहार में चल रहे सात दिवसीय शिविर का समापन




**कुशीनगर।** बुद्ध स्थली स्थित श्रीलंका बुद्ध विहार में आयोजित सात दिवसीय श्रामणेर पब्बज्जा शिविर का समापन बौद्ध धर्म के प्रसार और जन कल्याण के संकल्प के साथ हो गया। शिविर के सातवें दिन शुक्रवार को सुबह प्रशिक्षण के पूर्व नव भिक्षुओं ने बुद्ध प्रतिमा और अशोक स्तूप के समक्ष धम्म वंदना के साथ पूजन किया। अपने गुरु के निर्देशन में नव श्रमनेर बने 25 भिक्षुओं ने जो चीवर अपने शरीर पर धारण किया था उसे उतार कर नए वस्त्र धारण किए और गृहस्थ जीवन में लौट आए। मुख्य आयोजक, बुद्ध बिहार के प्रमुख, भिक्षु संघ कुशीनगर के सचिव और पूर्व उपाध्यक्ष अंतराष्ट्रीय बौद्ध संस्थान भंते डॉ. नन्द रतन महाथेरो ने सभी श्रमनेर को अपनी शुभकामनाएं दी तथा कहा कि आपने पूरे मनोयोग से शिविर में भाग लेकर धम्म ज्ञान प्राप्त किया। बुद्ध ने विश्व को करुणा, मैत्री, शांति और अनुशासन का पाठ पढ़ाया। तथागत बुद्ध के पंचशील और अष्टांगिक मार्ग के सिद्धांत में ही कल्याण है। सभी भिक्षुओं और उपासक का कर्तव्य बनता है कि भगवान बुद्ध की शिक्षाओं का जन कल्याण के लिए विश्व में प्रसार करें। सातों दिन प्रतिभागियों को बौद्ध धर्म का अध्ययन, उपासना विधि, ध्यान-साधना, श्रामणेर भिक्षुओं की दैनिक दिनचर्या, पंचशील तथा आर्य अष्टांगिक मार्ग का व्यावहारिक ज्ञान दिया गया। इस अवसर पर सह- आयोजक भंते सुमेध थेरो, डॉ. भिक्षु तेजेन्द्र, इन्द्र श्री, सहित नव भिक्षु, उपासक उपस्थित रहे।

- नव श्रमनेर को मिला धम्म, उपासना विधि, ध्यान-साधना, दिनचर्या, पंचशील का व्यावहारिक ज्ञान

## ट्रस्ट को भंग करने के लिए हिंदू महासभा ने उप निबंधक नई दिल्ली को सौंपा ज्ञापन

**अयोध्या।** हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का रजिस्ट्रेशन रद्द करने के लिए नई दिल्ली के उप निबंधक भास्कर प्रियदर्शी को ज्ञापन मांग पत्र सौंप कर ट्रस्ट का रजिस्ट्रेशन तत्काल प्रभाव से भंग किए जाने की मांग की है। श्री पांडेय द्वारा दिए गए ज्ञापन /मांग पत्र में कहा गया है कि ट्रस्ट के पदाधिकारी गणों द्वारा नियुक्त किया कर्मचारियों की मिलीभगत के चलते राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी ,पैसों का गबन, श्रद्धालुओं द्वारा दान की गई वस्तुओं में हेरा फेरी, तथा ट्रस्ट के नाम पर जमीन खरीद में हेरा फेरी व भ्रष्टाचार, कमीशन खोरी, की पर्याप्त साक्ष्य मौजूद हैं, ज्ञापन में यह भी कहा गया की राम मंदिर निर्माण में लगी हुई कंपनियों को जो वे संदेह के घेरे में थी अर्थात ब्लैक लिस्टेड थी उन्हें निर्माण कार्य की जिम्मेदारी देकर सदस्यों ने कमीशन प्राप्त किया, ज्ञापन में यह भी कहा गया कि ट्रस्ट का निर्माण गबन, चोरी, हेरा फेरी और कमीशन प्राप्त करना ही मुख्य उद्देश्य था, ज्ञापन में आगे कहा गया कि ट्रस्ट को अगर भंग नहीं किया गया तो यह लूटपाट निरंतर जारी रहेगी, श्री पांडेय द्वारा सौंप गए ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि अगर ट्रस्ट का रजिस्ट्रेशन रद्द नहीं किया गया तो ट्रस्ट के धन का व्यक्तिगत कार्यों में ट्रस्ट के पदाधिकारी प्रयोग करते रहेंगे, ट्रस्ट के सदस्य द्वारा आपराधिक न्याय भंग किया गया है यही नहीं ट्रस्ट का निर्माण दूषित मानसिकता से किया गया था, ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि कोषाध्यक्ष गोविंद गिरी द्वारा अपने दायित्वों की पूर्ति नहीं की गई, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद गिरी जी मात्र रबर स्टैंप के रूप में कार्य कर रहे थे, कोषाध्यक्ष अपने दायित्व की पूर्ति करने में पूर्ण रूप से असफल सिद्ध हुए हैं इसीलिए इस ट्रस्ट की पूरी जांच करते हुए इसके रजिस्ट्रेशन को तत्काल प्रभाव से रद्द करें।

# गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग

- फिरोज खान गब्बर ने जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का किया स्वागत, सौंपा मांगपत्र



**सोहावल-अयोध्या।** बीकापुर विधानसभा अंतर्गत खजुराहट चैराहा पर बीकापुर विधानसभा से समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रत्याशी हाजी फिरोज खान गब्बर ने आदरणीय जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज की यात्रा का स्वागत करते हुए कहा कि आदरणीय जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के प्रेरणादायी उद्बोधन को सुनने मौका मिला। फिरोज खान गब्बर ने संबोधित करते हुए कहा कि गौ-संरक्षण, सामाजिक सद्भाव और भारतीय संस्कृति के संरक्षण के लिए शंकराचार्य का विचार अत्यंत महत्वपूर्ण है। दुःख की बात है कि आज भी प्रदेश में गौवंश सड़कों पर भटकने को मजबूर हैं। इनके हितों की रक्षा के लिए सरकार को ठोस एवं प्रभावी कदम उठाने चाहिए। शंकराचार्य ने संबोधित करते हुए कहा कि जब देश का मुस्लिम गाय को राष्ट्र माता घोषित किए जाने की मांग कर रहा है। तो आखिर वर्तमान सरकार को क्या दिक्कत है ? हाजी फिरोज खान गब्बर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भारी संख्या देखकर शंकराचार्य ने हाजी फिरोज खान गब्बर की सराहना भी की। कार्यक्रम में हाजी फिरोज खान गब्बर ने शंकराचार्य को एक ज्ञापन सौंपते हुए गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग भी की। इस मौके पर बीकापुर ब्लाक के पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक यादव, वरिष्ठ सपा नेता संजय यादव, बीकापुर विधानसभा अध्यक्ष अजय वर्मा राजू, एजाज अहमद, बीकापुर ब्लाक अध्यक्ष गया प्रसाद यादव, मसौधा ब्लाक अध्यक्ष सूरज निषाद, सोहावल ब्लाक अध्यक्ष राजेश यादव, जिला पंचायत सदस्य अतुल यादव, पूर्व प्रधान गोविंद यादव, युवजन सभा के जिलाध्यक्ष जय सिंह यादव, पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डाक्टर गोविंद विश्वकर्मा, युवा नेता अखिलेश यादव, प्रधान उमा शंकर यादव, प्रधान बलराम यादव, विपिन यादव, अनमोल शर्मा, क्षेत्र पंचायत सदस्य विश्वजीत यादव, क्षेत्र पंचायत सदस्य दया शंकर भारती, सेक्टर प्रभारी अमर नाथ यादव, सेक्टर प्रभारी अंजनी यादव, सेक्टर प्रभारी सोनू यादव, सेक्टर प्रभारी मेवालाल , सेक्टर प्रभारी सोनू यादव, सेक्टर प्रभारी राजीव कोरी, राहुल पांडेय , लक्ष्मण तिवारी, मनोज पांडेय, अनुभव प्रजापति, अमर रावत, मोहित यादव, प्रधान लवकुश यादव, अशोक यादव, कृष्ण कुमार निषाद, प्रेम कुमार निषाद, प्रेम लाल निषाद, आलोक कुमार निषाद, मंशा राम निषाद, राम सुभावन यादव, सेक्टर प्रभारी मो. सारुन, रईस अहमद, शोएब खान, नफीस अहमद, निजाम खान, इसरार अहमद, मो. अकरम आदि मौजूद रहे।

## 31 अगस्त तक चलेगा देवरिया को बाल श्रम मुक्त बनाने का अभियान

**देवरिया।** श्रम प्रवर्तन अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि प्रमुख सचिव, श्रम, उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शों के अनुपालन में श्रम विभाग द्वारा जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला टास्क फोर्स के माध्यम से 31 अगस्त, 2026 तक विशेष अभियान चलाकर जनपद को बाल श्रम मुक्त बनाने की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिला टास्क फोर्स ने गौरीबाजार क्षेत्र में अभियान चलाकर 03 गैर-खतरनाक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नियोजित 03 बाल/किशोर श्रमिकों को चिन्हित कर मुक्त कराया गया तथा संबंधित प्रतिष्ठान स्वामियों के विरुद्ध निरीक्षण टिप्पणी जारी की गई। अभियान के दौरान व्यापारियों एवं आमजन से बाल श्रमिकों से कार्य न कराने की अपील की गई। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य वर्ष 2027 तक उत्तर प्रदेश को बाल श्रम मुक्त बनाना है। बाल श्रमिकों को मुक्त कर शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने, उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास तथा विभिन्न विभागों की कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित कर कौशल विकास के माध्यम से उनके परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने समस्त व्यापारियों, प्रतिष्ठान स्वामियों, दुकानदारों एवं फैक्ट्री संचालकों से अपील की कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से किसी भी प्रकार का कार्य न कराया जाए तथा 14 से 18 वर्ष के किशोरों को किसी भी खतरनाक कार्य या प्रक्रिया में नियोजित न किया जाए। उन्होंने बताया कि बाल श्रम कराना दंडनीय अपराध है। उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि कहीं भी बाल श्रम होता दिखाई दे तो इसकी सूचना श्रम विभाग, विकास भवन को दे ।

# नयी यूरिया नीति

ऊर्जा और उर्वरक की आपूर्ति के लिए देश काफी हद तक आयात पर निर्भर है। इस कारण जब भी भू-राजनीतिक तनाव बढ़ता है, युद्ध जैसी स्थितियां उत्पन्न होती हैं तो इनके दाम भी बढ़ जाते हैं, आपूर्ति कठिन हो जाती है और इस कारण देश की आर्थिक स्थिति चरमराने लगती है। इसलिए जैसे ऊर्जा क्षेत्र में सरकार आत्मनिर्भरता और विविधीकरण का प्रयास कर रही है, उसी तरह अब उर्वरक की जरूरतों को देश में उत्पादन कर पूरा करने पर जोर देना जरूरी है। नयी राष्ट्रीय यूरिया नीति इसी पर काफी हद तक केन्द्रित है। नई राष्ट्रीय यूरिया नीति कृषि क्षेत्र से जुड़े इस महत्वपूर्ण कच्चे माल से जुड़ी समस्या का आंशिक समाधान प्रस्तुत करती है। इसका उद्देश्य यूरिया उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करना है ताकि इसे वैश्विक आपूर्ति झटकों से बचाया जा सके। भारत अपनी वार्षिक 4 करोड़ टन यूरिया मांग का 25 फीसदी आयात करता है। पश्चिम एशिया युद्ध और होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने के बाद जब तक चीन ने अपना अस्थायी निर्यात प्रतिबंध नहीं हटाया तब तक कीमतें 40 से 50 फीसदी तक बढ़ गईं। नयी नीति का लक्ष्य 8 या 9 यूरिया संयंत्र स्थापित करना है जिनकी उत्पादन क्षमता 1 करोड़ टन होगी। यानी वर्तमान में आयात की जाने वाली मात्रा के समतुल्य। इसके लिए प्रोत्साहन संरचना में बदलाव किए गए हैं। इनमें स्थिर और परिवर्तनीय लागतों को अलग करना, इक्विटी पर रिटर्न की गणना के लिए 12-16 फीसदी का बैंड लागू करना और विदेशी मुद्रा जोखिम को कम करने के लिए मौजूदा विनिमय दर के आधार पर स्थिर लागतों को चार साल बाद रुपये में बदलना शामिल है। आत्मनिर्भरता का




उद्देश्य निस्संदेह एक तात्कालिक समस्या का समाधान करता है क्योंकि निकट भविष्य में वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं की अनिश्चितताएं बनी रहेंगी। लेकिन जब भारत की उर्वरक नीति की गहरी संरचनात्मक समस्याओं के संदर्भ में देखा जाए तो यह अपर्याप्त प्रतीत होती है। मूल समस्या भारत की उर्वरक सब्सिडी संरचना में है जो अमोनिया-आधारित यूरिया (एन) को फॉस्फेट आधारित (पी) और पोटैशियम आधारित (के) पोषक तत्वों पर प्राथमिकता देती है। जहां बाद के दोनों पोषक तत्वों पर सब्सिडी पोषक तत्व सामग्री के आधार पर दी जाती है वहीं यूरिया पर सपाट दर से सब्सिडी दी जाती है। वर्तमान में किसान 45 किलो का यूरिया बैग 250-300 में खरीदता है जबकि सरकार को इसकी लागत 2,200 रुपये से 4,000 रुपये तक आती है। यह इस पर निर्भर करता है कि यूरिया घरेलू रूप से निर्मित है या आयातित। आश्चर्य नहीं कि पिछले वर्षों में यूरिया सबसे अधिक उपयोग किया जाने वाला उर्वरक बन गया है जिससे वार्षिक सब्सिडी बढ़ती जा रही है। आमतौर पर यूरिया ही उर्वरक सब्सिडी का सबसे बड़ा हिस्सा होता है जिसके लिए चालू वित्त वर्ष में 1.71 लाख करोड़ रुपये का बजट तय किया गया है। पश्चिम एशिया में संघर्ष के बाद वैश्विक कीमतों में तेजी से वृद्धि होने के कारण यह आंकड़ा काफी अधिक होने की संभावना है। अधिक घरेलू संयंत्र स्थापित करना आयात पर निर्भरता को कुछ हद तक कम कर सकता है, लेकिन अन्य समस्याओं पर भी विचार करना आवश्यक है। पहला, सरकार का अनुमान है कि यूरिया की मांग हर साल 5 फीसदी बढ़ रही है। एक यूरिया संयंत्र बनाने में लगभग दो साल लगते हैं। मान लें कि सभी नये संयंत्र समय पर बनकर 1 करोड़ टन उत्पादन शुरू कर दें यानी वर्तमान घरेलू कमी के बराबर, तब भी भारत मांग के ग्राफ से पीछे ही रहेगा। यह स्थिति 2012 की पहली यूरिया नीति में भी स्पष्ट थी जिसके तहत छह नई इकाइयां स्थापित की गईं लेकिन आयात जारी रहा। कुल मिलाकर जिस तरह वैश्विक स्तर पर अस्थिरता है उसके मद्देनजर समग्र यूरिया नीति के जरिए घरेलू उत्पादन एवं आपूर्ति व्यवस्था को सुनिश्चित करना ही देश हित में है।

### विचार

उद्योग तो मनुष्य को करना ही चाहिए। वह तो उसका कर्तव्य है। गाय न पालकर भी बिल्ली अपने उद्योग से नित्य दूध पीती है।

-लोकोक्ति.

अग्नि भोजन को पचाती है, उपहास दोषों को पचाता है।

-आयुर्वेद.

ईर्ष्या करने वाले का सबसे बड़ा शत्रु उसकी ईर्ष्या ही है। दूसरे शत्रु उसका अहित करने से रह भी जायें, परन्तु ईर्ष्या उसे हानि पहुंचा कर ही रहती है।

-तिरुवल्लुअर.

जो लोग सचमुच में बुद्धिमन होते हैं, वे असफलताओं से कभी नहीं घबराते हैं।

-शेक्सपियर.

मस्तिष्क का अपना एक अलग स्थान है। वह स्वर्ग को नरक में और नरक को स्वर्ग में बदल सकता है।

-मिल्टन.

# भारत-ऑस्ट्रेलिया के रिश्तों में नई गर्मजोशी



अरविन्द जयतिलक

> विश्व स्तर पर भू-सामरिक एवं भू-आर्थिक संदर्भों में भी दोनों देश कंधा जोड़े हुए हैं। परपरांगत लगाव और द्विपक्षीय विवादास्पद मुद्दों के बावजूद भी दोनों देश सुरक्षा एवं विश्व व्यवस्था के संदर्भ में निर्णायक भूमिका निभाने को तैयार हैं। दोनों देशों के बीच शानदार कूटनीतिक रिश्ते भी हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आस्ट्रेलिया यात्रा ने दोनों देशों के संबंधों को उर्जा से भर दिया है। दोनों देशों के बीच उर्जा सुरक्षा पर ऐतिहासिक समझौते से भारत को अब यूरेनियम मिलने का रास्ता खुल गया है। साझा बयान में कहा गया है कि भारत को यूरेनियम का आयात 2015 के भारत-आस्ट्रेलिया परमाणु सहयोग समझौते और अंतराष्ट्रीय परमाणु उर्जा एजेंसी की निगरानी व्यवस्था के तहत होगा। उल्लेखनीय है कि आस्ट्रेलिया के पास विश्व का तकरीबन 28 फीसद यूरेनियम भंडार है लेकिन कानूनी अड़चनों की वजह से भारत को पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल पाता है। अब इस समझौते के उपरांत उम्मीद की जा सकती है कि भारत अब आस्ट्रेलिया के सहयोग से वर्ष 2047 तक अपना परमाणु उर्जा उत्पादन 100 गीगावॉट तक पहुंचा सकता है। दोनों देशों ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र को स्वतंत्र, शांतिपूर्ण, स्थिर और समृद्ध बनाए रखने की प्रतिबद्धता जताते हुए इस क्षेत्र में मिलकर काम करने की हामी भरी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने मेलबर्न में आस्ट्रेलिया-इंडिया सीईओ फोरम और इकोनॉमिक रोडमैप बिजनेस इवेंट के जरिए आस्ट्रेलियाई निवेशकों को भारत मे निवेश करने के लिए प्रेरित किया। इसका प्रभाव यह रहा कि आस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी पेंशन फंड कंपनी आस्ट्रेलियन सुपर ने भारत में 50 करोड़ डॉलर के निवेश का ऐलान किया। वैसे यह पहली बार नहीं है जब दोनों देशों ने अपने संबंधों को ऐतिहासिक ऊंचाई देने की शानदार पहल की है। याद होगा कि वर्ष 2023 में भारत और आस्ट्रेलिया ने दूसरी टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय वार्ता के जरिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र समेत दुनिया भर में गहराती गंभीर चुनौतियों से मिलकर निपटने का आह्वान किया था। तब दोनों देशों ने सूचना आदान-प्रदान के साथ समुद्री व रक्षा क्षेत्र में मिलकर काम करने की हामी भरी। आस्ट्रेलिया ने चीन को व्यापारिक भागीदार के साथ अपने व भारत के लिए सबसे बड़ा सुरक्षा खतरा भी कहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोनों देशों के रिश्ते को परिभाषित करते हुए पहले ही कह चुके हैं कि अब दोनों देशों के रिश्ते ट्रिपल सी यानी कॉमनवेल्थ, क्रिकेट और करी तक सीमित नहीं है। बल्कि दोनों देशों के रिश्तों का आयाम बहुत व्यापक है। भले ही दोनों देश भौगोलिक रुप से दूर हैं लेकिन ऐतिहासिक संबंधों के



डोर से बंधे हुए हैं। अल्बनीज मोदी के इस कदर मुरीद हुए थे कि उन्होंने सिडनी के उपनगर हैरिस पार्क को लिटिल इंडिया घोषित करने का एलान कर दिया था।

### कूटनीति

गौरतलब है कि हैरिस पार्क पश्चिमी सिडनी में एक केंद्र है जहां भारतीय समुदाय दिवाली और आस्ट्रेलिया दिवस जैसे त्यौहार और कार्यक्रमों को उल्लास से मनाता है। दोनों देशों के बीच आर्थिक रिश्ते लगातार परवान चढ़ रहे हैं। आस्ट्रेलियाई संसद भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को मंजूरी दे चुकी है। इस समझौते के बाद कपड़ा, चमड़ा, फर्नीचर, आभूषण और मशीनरी सहित भारत का तकरीबन 6000 से अधिक उत्पाद आस्ट्रेलियाई बाजारों में शुल्क मुक्त पहुंचने लगा है। भारतीय नागरिकों के लिए वीजा आसान हो गया है। पिछले दो दशकों में भारत में आस्ट्रेलिया द्वारा किया गया स्वीकृत पूंजी निवेश काफी महत्वपूर्ण रहा।

वहीं भारत की सूचना तकनीक से जुड़ी कई महत्वपूर्ण कंपनियों ने आस्ट्रेलिया में वाणिज्य एवं कई संगठनों को अच्छी सुविधाएं प्रदान करने हेतु अपने कार्यालय खोल दिए हैं। इन कंपनियों के ऑफिस अधिकतर सिडनी में हैं। इनमें से आईआईटी, एचसीएल, टीसीएस, पेंटासोफ्ट, सत्यम, विप्रो, इंफोसिस, ऐपटेक, वर्ल्डवाइड, आइटीआइएल, महेंद्रा ब्रिटिश टेलकॉम लिमिटेड, मेगा सॉफ्ट आस्टेजलिया प्राइवेट लिमिटेड एवं जेनसार टेक्नोलोजिज इत्यादि प्रमुख कंपनियां हैं। मेलबोर्न में विंडसर होटल भी ओबेरॉय होटल समूह का होटल है। टाइटन घड़ियों ने सिडनी में अपना शो रुम खोल दिया है। क्वीनजलैंड में पेसिफिक पेंट कंपनी को एशियन पेंट ने खरीद लिया है। स्टालाइट कंपनी ने माउंट लोयला में दो तांबे की खानें खरीद ली है। एयर इंडिया, आईटीडीसी, स्टेट बैंक तथा न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी ने आस्ट्रेलिया में अपने कार्यालय खोल लिए हैं। इसी तरह आस्ट्रेलिया के वाणिज्य कर्मियों ने भी भारत में अपना कार्य शुरू कर दिया है। एएनजेड ग्रिंडले बैंक अपनी पांच दर्जन शाखाओं के साथ भारत में किसी भी विदेशी बैंक से सबसे बड़ा बैंक बन गया है।

आस्ट्रेलिया की अन्य महत्वपूर्ण कंपनियां जो भारत में कार्यरत हैं उनमें आरटीजेड, सीआरए, नेशनल म्यूच्अल, क्वांटास, कोटी कापोरेशन, जोर्ड इंजीनियरिंग प्रमुख हैं। विज्ञान एवं तकनीकी समझौते के अंतर्गत दोनों देश वित्तीय, शिक्षा सेवाओं, पर्यावरण, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर, संचार, रद्दी पदार्थ प्रबंधन, फसल वायरस, रासायनिक खादों का परीक्षण तथा खाद्यान्न इत्यादि क्षेत्रों में मिलकर सुचारु रुप से काम कर रहे हैं। दोनों देश द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग के साथ-साथ बहुपक्षीय मंचों जैसे आसियान, हिंद महासागर रिम, विश्व व्यापार संगठन इत्यादि पर भी सहयोगात्मक संबंध विकसित किए हैं। आस्ट्रेलिया भारत के इस दृष्टिकोण का हमेशा समर्थन किया है कि विश्व के वित्तीय निर्णय-निर्धारक फोरमों का स्वरुप प्रजातांत्रिक और प्रतिनिध्यात्मक होना चाहिए। वह हमेशा भारत के साथ द्वि-पक्षीय व्यापक संबंधों को आगे बढ़ाने की वकालत की है। अतीत के गर्भ में जाएं तो शीतयुद्ध के दौरान दोनों देशों के बीच संबंध आकर्षणपूर्ण नहीं रहे। 1991 के बाद दो ऐसी घटनाएं (शीतयुद्ध का अंत और भारत में आर्थिक सुधार की प्रक्रिया) घटी जिससे दोनों देश एकदूसरे के निकट आ गए, जिसका परिणाम यह हुआ कि दोनों देशों के बीच आर्थिक कारोबार आसमान छूने लगा। मौजूदा समय में आस्टेजलिया के निर्यात का छठा सबसे बड़ा गंतव्य-स्थान भारत ही है जिसमें कोयला, सोना एवं शिक्षा जैसी सेवाएं शामिल है। दोनों देश व्यापक ज्ञान भागीदारी के सृजन हेतु भी काम कर रहे हैं जिसमें प्राथमिक स्कूल से विश्वविद्यालय स्तर तक की शिक्षा में संयुक्त सहयोग परियोजनाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान कार्य शामिल है।

अंतर्राष्ट्रीय मंचों की बात करें तो आस्टेजलिया सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता पाने के भारतीय दावे का पहले ही पूर्ण समर्थन कर चुका है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक में भी भारतीय सुझावों का समर्थन कर चुका है। दोनों देश आतंकवाद से मिलकर लड़ने के संकल्प को मूर्त रुप देने के साथ-साथ क्वाड में भागीदारी और सीमा पार की कई गैर-सैन्य समस्याओं मसलन नशीले पदार्थों की तस्करी, दस्युता, समुद्री संचार की स्वतंत्रता, लघु शस्त्रों के निर्यात, विश्व व्यापार संगठन के प्रतिबंधों के संदर्भ में समान रणनीति पर काम कर रहे हैं। दोनों देश व्यापक रणनीतिक साझेदारी पर मुहर लगाते हुए टेज्ड व इन्वेस्टमेंट, डिफेंस व सिक्योरिटी, एजुकेशन एंड इनोवेशन तथा साइंस एवं टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भी मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जता चुके हैं। विश्व स्तर पर भू-सामरिक एवं भू-आर्थिक संदर्भों में भी दोनों देश कंधा जोड़े हुए हैं। दोनों देशों के बीच शानदार मधुर रिश्ते के बावजूद दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य यह कि आस्ट्रेलिया में नस्लीय हमले होते रहते हैं। उसका सर्वाधिक शिकार भारतीय नागरिक बन रहे हैं। आस्ट्रेलिया सरकार को ऐसे हमले को रोकना होगा। इसलिए और भी कि वर्तमान में अमेरिका के बाद विदेश में भारतीय विद्यार्थियों की सबसे अधिक संख्या आस्ट्रेलिया में ही है। उम्मीद है कि प्रधानमंत्री मोदी की आस्ट्रेलिया यात्रा से न सिर्फ उर्जा सुरक्षा, व्यापार-कारोबार और निवेश की दिशा में प्रगति होगी बल्कि दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और भावनात्मक लगाव भी आसमान छुवेगा।

### सोशल मीडिया



महात्मा विदुर की पावन तपोभूमि जनपद बिजनौर एवं चांदपुर विधानसभा क्षेत्रों हेतु आज 1003 करोड़ लागत की 76 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्याय किया। सीएम योगी.

# हमारी सहनशक्ति

हमारा मस्तिष्क हमेशा चिंतन-मनन में लगा रहता है। महापुरुष ईसा ने कहा है- कल की चिंता मत करो। पर इसका वास्तविक मर्म बहुत कम लोग समझते हैं। आप कहेंगे काल की चिंता कैसे न करें? हमारा परिवार है, हमारे बच्चों की शिक्षा, वस्त्र, भोजन, मकान की विषम समस्याएं हैं। कल हमें उनके विवाह करने हैं? क्या रुपया एकत्रित किए बिना काम चलेगा? हमें बीमा पालिसी में रुपया जोड़ना चाहिए? हमारी आज नौकरी लगी है कल छूट भी सकती है, आज हम स्वस्थ हैं कल बीमार पड़ेंगे तो कैसे काम चलेगा? वृद्धावस्था में हमारा क्या होगा? इस प्रकार की बातें ठीक हैं। एक विचारशील मस्तिष्क में ये विचार आने चाहिए। हमारा सुझाव है कि आप कल के लिए अपने आपको शक्तिशाली बनाने के लिए, योग्यतर, स्वस्थ आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न होने के लिए नयी योजनाओं को कार्यान्वित करें। भावी जीवन के लिए जितना संभव हो तैयारी कीजिए। परिश्रम उद्योग मिलनसारी द्वारा समाज में अपना स्थान बनाइये। पर चिंता न कीजिए। योजना बनाकर दूरदर्शिता पूर्ण कार्य करना एक बात है, चिंता करना दूसरी बात है। चिंता से क्या हाथ आवेगा। जो रही सही शक्ति और मानसिक संतुलन है, वह भी नष्ट हो जायेगा। चिंता तो आपको उत्साह, शक्ति और प्रसन्नता से पंगु कर देगी। जिस कठिनाई या प्रतिरोध को आप अपनी वयक्तिगत शक्तियों से बखूबी जीत सकते थे। पर्वत सदृश कठिन प्रतीत होगी। चिंता आपके सामने एक ऐसा अंधकार उत्पन्न करेगी कि आपको उस महान शक्ति केन्द्र का ज्ञान न रह जायेगा। जो आदिकर्ता परमेश्वर ने आपके अंग-प्रत्यंग में छुपा रख है। युद्ध बीमारी दिवाला य दुखद मृत्यु के अंधकार पूर्ण रुदन में, शुभ चिंतन और अशुभ चिंतन में केवल यह अंतर है।

### अंतर्दृष्टि

अच्छा विस्तार वह है जो कार्य करण के फल को तर्क की कसौटी पर परखता है। दूर की देखता है और किस कार्य में भविष्य में क्या फल होगा, इसका संबंध देखकर भावी उन्नति की योनजाएं निर्माण करता है। सृजनात्मक विचार भवी निर्माण में पुरानी गलतियों की सजा के अनुभवों और संसार की कठोरताओं को देखभाल कर अपनी उन्नति के लिए योजना प्रदान करता है। अच्छे चिंतन में संग्रहित सांसारिक अनुभवों के बल उत्साह और आशा का शुभ आलोक है। कार्यनिष्ठा और साहस का बल है, शक्ति और कुशलता का पावन योग है। कार्य से भागकर नहीं, वरन गुत्थियों को सुलझाकर अपूर्व सहनशक्ति का परिचय देने का विधान है। बुरी विचारधारा का प्रारम्भ ही डर और घबराहट से होता है। कठिनाइयां आ रही हैं। हमें वह कार्य करना ही पड़ेगा, जो साधारणतः हमने नहीं किया है।


# इसरो को क्यों बॉय-बॉय कर रहे वैज्ञानिक

लोकमित्र गौतम

हालांकि जिस संस्थान में 14600 से ज्यादा कर्मचारी हों, वहां 100 या इससे कुछ ज्यादा वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और परियोजना विशेषज्ञों का इस्तीफा देना या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले लेना, कोई बहुत बड़े आश्चर्य की बात नहीं है। लेकिन सवाल सिर्फ संख्या भर का नहीं है बल्कि उन वैज्ञानिकों के अनुभवों और विशेषज्ञताओं का है, जो अचानक इसरो छोड़कर चले गये हैं और उनके इस तरह इसरो छोड़ने से यह घटनाक्रम सुर्खियों में आ गया है। दरअसल भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम आज केवल एक वैज्ञानिक उपलब्धि का प्रतीक भर नहीं है बल्कि यह भारत के राष्ट्रीय आत्मविश्वास, सामरिक क्षमता और तकनीकी आत्मनिर्भरता के साथ-साथ हमारे एक महाशक्ति के रूप में उभरने का प्रतीक भी है। भारत के आज कई अंतरिक्ष कार्यक्रमों ने न सिर्फ पूरी दुनिया को चमत्कृत किया है बल्कि इन कार्यक्रमों की वजह से पूरी दुनिया में हमारी इज्जत भी बढ़ी है। ऐसे कार्यक्रमों में चंद्रयान, मंगलयान, आदित्य-एल1 और गगनयान जैसी महत्वाकांक्षी परियोजनाएं हैं। इन्हीं परियोजनाओं की सफलताओं और इनके घोषित महत्वाकांक्षी कार्यक्रमों के जरिये भारत आज वैश्विक अंतरिक्ष मानचित्र पर एक प्रभावशाली शक्ति के रूप में स्थापित है।

ऐसे समय में यदि इसरो के 100 से अधिक वैज्ञानिकों के इस्तीफे या समय से पहले स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की खबरें आती हैं, तो चाहे यह बिल्कुल सहज और साधारण बात ही क्यों न हो, लेकिन कान तो खड़े होते ही हैं और ऐसा होना गलत भी नहीं है। क्योंकि जिस तरह से आज दुनिया के सबसे सम्पन्न देशों के बीच प्रतिस्पर्धा का क्षेत्र बेहद व्यापक हो गया है। मसलन- तकनीक, साइबर सुरक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष विज्ञान जैसे क्षेत्र उसे देखते हुए चाहे यह प्रतिभाओं को आकर्षित करने का कोई मौद्रिक तरीका हो या भितरघात की कोई साजिश, हर तरह से इस तरह की आशंका चिंतित तो करती ही है। क्योंकि आजकल भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का इस तरह के तिकड़म बड़ी सहजता से हिस्सा बन चुके हैं। विकसित देश कभी नहीं चाहते कि कोई दूसरा देश भी विकसित बने और उनके कंधे से कंधा मिलाकर वैश्विक परिदृश्य में खड़ा हो। इसलिए ये देश दूसरे देशों के श्रेष्ठ वैज्ञानिकों, प्रतिभाशाली इंजीनियरों को बेहतर वेतन, अत्याधुनिक सुविधाओं और अनेक प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष आकर्षणों के चलते अपनी ओर खींचते रहते हैं। सामान्य भाषा में तो इसे 'ब्रेन-ड्रेन' कहते हैं, जबकि रणनीतिक नजरिये से यह टैलेंट कंपटीशन या ज्ञान की वैश्विक प्रतिस्पर्धा है।

हाल में घटी यह घटना तब और बड़ी आशंका पैदा करती है, जब इसे अतीत की ऐसी ही घटनाओं से जोड़कर देखने की कोशिश की जाए। क्योंकि साल 2007 में ऐसे ही एक घटनाक्रम के बाद लगभग 53 फीसदी से ज्यादा इसरो के महत्वपूर्ण वैज्ञानिकों ने किसी न किसी वजह से इसरो छोड़ दिया था। उस समय इसरो के वैज्ञानिकों और सहायक वैज्ञानिकों की कुल मिलाकर संख्या 1000 से कुछ ज्यादा थी। ऐसे में उन दिनों इतनी बड़ी संख्या में वैज्ञानिकों तथा दूसरे महत्वपूर्ण इंजीनियरों व परियोजना विशेषज्ञों का इसरो छोड़ना सिर्फ चिंतित ही नहीं किया था बल्कि इसरो की कई परियोजनाओं को काफी पीछे छोड़ दिया था। बाद में तत्कालीन केंद्र सरकार ने इस पर व्यापक रूप से



देश के साथ कहीं कोई साजिश तो नहीं...?

सोचा और इसरो के वैज्ञानिकों तथा उच्च वैज्ञानिक मेधाओं के लिए कई तरह की अतिरिक्त सुविधाएं दीं और उनके वेतनमान को आकर्षक बनाया। जिसके बाद किसी हद तक इसरो से वैज्ञानिक मेधाओं का पलायन रुक गया था और यही कारण है कि आज नासा के पास वैज्ञानिक प्रतिभाओं का काफी अच्छा समूह है, जो नासा और छिपे रूप में चीन से ही कुछ कम हो सकता है बाकी दुनिया की दूसरी एजेंसियों के पास इसरो जैसा प्रतिभाओं का आधार शायद




ही हो। ऐसे में 100 से ज्यादा वैज्ञानिकों और परियोजना विशेषज्ञों की इसरो छोड़ने की खबर आना साधारण नहीं है। इसमें चिंतित होना ही चाहिए, लेकिन यह घबराने की भी बात नहीं है। क्योंकि अगर किसी संस्थान से कुछ वैज्ञानिक जाते हैं, तो बहुत से नये वैज्ञानिक आते भी हैं। हमेशा खाली जगह भरने वाली प्रतिभाएं, पुरानी प्रतिभाओं से 20 ही साबित होती हैं और भारत में तो इस समय हर तरह की प्रतिभाओं की बाढ़ है, सिर्फ उन्हें सही ट्रेनिंग और विश्वास में लिए जाने की आवश्यकता है। लेकिन यह व्यापक विचार विमर्श का विषय तो है ही कि आखिर जब इसरो का नाम पूरी दुनिया में बेहद सम्मान से लिया जाता हो, उस समय इतने बड़े पैमाने पर वैज्ञानिक और दूसरे सहायक स्टाफ का इसरो छोड़ना आखिर किस बात की ओर इशारा है? अगर गहराई से देखें तो इसके कई कारण हो सकते हैं। सबसे बड़ा कारण तो विदेशों से ज्यादा भारत में तेजी से विकसित हो रहा प्राइवेट अंतरिक्ष उद्योग है। देश में कई स्पेस कंपनियों ने कुछ ही सालों में अपनी तरफ ध्यान आकर्षित कराया है। स्काईरूट एयरोस्पेस, अग्निकुल कॉसमॉस, पिक्सेल, दिगंतरा जैसी निजी स्पेस कंपनियों ने हाल के दिनों में अपनी चमकदार तकनीक के जरिये अंतरिक्ष जगत का ध्यान खींचा है। तमाम नई कंपनियों ने इसरो में प्रशिक्षित वैज्ञानिकों को वहां के मुकाबले कहीं अधिक वेतन, बेहतर सुविधाएं, कंपनी के शेयरों में हिस्सेदारी तथा तेज निर्णय लेने के वातावरण का प्रलोभन देकर अपनी तरफ खींचने की कोशिश कर रहे हैं। यही काम कई दुनियावी या अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसियां भी कर रही हैं। ऐसे में सरकार को ध्यान देना होगा कि इसरो के वैज्ञानिकों को सातवें वेतन आयोग के हिसाब से निर्धारित वेतनमान और सरकारी सुविधाएं क्या राष्ट्रवाद के अलावा कोई दूसरा ऐसा कारण है, जो उन्हें इसरो में बने रहने की गारंटी दे? माना कि सरकारी नीतियां एक कंपनी या कुछ लोगों के लिए अलग नहीं हो सकतीं, लेकिन जब देश की सारी प्रतिष्ठा और अंतरिक्ष क्षेत्र में हमारी ताकत किसी एक विशेष संगठन या कुछ लोगों पर ही निर्भर हो, तो हमें उन लोगों को विशेष ढंग से ट्रीट तो करना ही चाहिए। चाहे पारंपरिक नियमों को तोड़ना ही क्यों न पड़े। केंद्र सरकार को चाहिए कि वह इसरो के प्रतिभाशाली और अनुभवी वैज्ञानिकों को हर हालत में इसरो में बनाये रखने के लिए आर्थिक और प्रभाव के स्तर पर जो कुछ करना हो करे, जिससे वो देशी-विदेशी निजी क्षेत्र की कंपनियों या अन्य देशों के अंतरिक्ष प्रोजेक्ट की आकर्षित न हों। सरकार चाहे तो इसरो जैसे कुछ संस्थानों के लिए जिनसे देश की प्रतिष्ठा और भविष्य की तमाम महत्वाकांक्षाएं टिकी हुई हैं, उनके लिए विशेष रूप से निर्धारित कर ले। लेकिन महत्वपूर्ण प्रतिभाओं को बचाना जरूरी है। हम सब जानते हैं कि सरकारी क्षेत्र में नौकरशाही के अजीब रवैय्ये के कारण हमारा हर काम कुछ बेहद धीमा होता है। इसलिए इसरो के कई वैज्ञानिकों को शिकायत है कि उनका कॅरियर इसरो में रहते हुए उतना तेजी से आगे नहीं बढ़ पाता, जितना तेजी से बढ़ना चाहिए।

इसलिए सरकार को इस नजरिये से भी, इस तरह के पलायन को देखना चाहिए और ऐसी सारी वजहों को बंद कर देना चाहिए, जो दूसरे क्षेत्रों द्वारा कुछ बेहतर का लालच देकर इन परिस्थितियों को पैदा करें। क्योंकि हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हाल के सालों में भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र की जिन महत्वाकांक्षाओं का ऐलान किया है, उनमें से अभी कोई भी महत्वाकांक्षा साकार रूप नहीं ले सकी। गगनयान जैसा मानव अंतरिक्ष मिशन, पुनःप्रयोज्य प्रक्षेपण यान, अंतरिक्ष स्टेशन की दीर्घकालिक योजना, चंद्रयान-4 और शुक्र मिशन जैसी परियोजनाएं, अपनी घोषणाओं से ही पूरी दुनिया में हमारे अंतरिक्ष कार्यक्रम को सम्मान मिला है। लेकिन अभी ये कोई भी घोषित योजना पूर्ण रूप से सम्पन्न नहीं हुई है। इसलिए सरकार को अतिरिक्त रूप से सजग और संवेदनशील रहकर इसरो के प्रतिभाशाली वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और परियोजना विशेषज्ञों को, हर हाल में रोककर रखने की जतन करनी चाहिए। यदि मिशन विशिष्ट का ज्ञान रखने वाले विशेषज्ञ बड़ी संख्या में चले जाते हैं, तो नये वैज्ञानिकों को उसी स्तर पर पहुंचने में फिर वर्षों का समय लग सकता है और इस तरह हमारा अंतरिक्ष कार्यक्रम, जिससे आज कई महाशक्तियां तक डर रही हैं, वह दशकों पीछे चला जायेगा। यह स्थिति न सिर्फ हमारी ताकत कम करेगी बल्कि हमें अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य में हंसी का पात्र भी बनायेगी। इसलिए भारत सरकार द्वारा इस घटना को बेहद संजीदगी से लेना चाहिए और हर वह स्थिति बनाना चाहिए, जिससे कि प्रतिभाशाली वैज्ञानिक, इसरो या दूसरे सरकारी संस्थानों को छोड़ें न। क्योंकि अगर यह पलायन सहजता से या किसी साजिश के जरिये भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को पटरी से उतारा तो 2047 तक हमारा विकसित देश बनने का जो लक्ष्य है, वह भी पटरी से उतर जायेगा।

## आप की बात

### पड़ोसी देशों में अस्थिरता

पड़ोसी देशों में सियासी अस्थिरता भारत के लिए हमेशा सिरदर्द बनी रहती है। श्रीलंका, मालद्वीप, नेपाल जैसे देशों में बदलती सरकार के साथ रिश्तों में होने वाले उतार-चढ़ाव भारत के लिए पहले ही चुनौती पेश करते रहे हैं। जिहादी पाकिस्तान, सैन्य शिकंजे में जकड़ा म्यांमार, अस्थिर श्रीलंका और कृतघ्न कम्युनिस्टों के कारण पल-पल बदलता नेपाल, भारत की सुरक्षा और विदेश नीति के लिए पहले से ही बड़ी चुनौती बने हुए थे। शेख हसीना के नेतृत्व वाला बांग्लादेश पूर्वोत्तर में लंबी सीमा साझा करने के बावजूद भारत के लिए कोई बड़ी परेशानी नहीं खड़ा करता था। लेकिन हसीना के तख्तापलट के साथ बांग्लादेश के कट्टरपंथी फुफकारने लगे हैं। भारत के लिए चुनौती पेश करने लगे हैं और हिन्दुओं पर हमले करके परेशान भी कर रहे हैं। बांग्लादेश से अब साफ संकेत है कि वहां कट्टरपंथियों और भारत-विरोधी ताकतों का वर्चस्व होगा। आतंकवाद का खतरा बढ़ेगा। बांग्लादेश में भी तालिबान सक्रिय होंगे। वहां के प्रधानमंत्री आवास को आम जनता के लिए इस कदर खोल रखा गया मानो कोई मेला लगा हो। कुछ युवा चेहरों की अश्लील, असभ्य, विद्रूप मानसिकता सार्वजनिक हुई है, जब उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की ब्रा और अन्य वस्त्रों को सरेआम लहराये। ऐसे युवा कुछ भी हो सकते हैं, लेकिन आंदोलनकारी छात्र नहीं हो सकते। नेपाल में जेन जी ने जो कुछ किया उसका पूरी तरह समर्थन नहीं किया जा सकता है। अपने देश के संस्थानों को आग के हवाले करना कहां तक उचित है। नेपाल और बांग्लादेश की घटनाओं से भारत भी अछूता नहीं रहा।

**धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय, लखनऊ.**

### रोजगार के अवसर

प्रदेश में विकास और रोजगार सृजन का वातावरण बनाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश में रोजगार की राह दिनोंदिन कठिन होती जा रही है। सरकारी नौकरियों में युवाओं के चयन में जिस तरह का भ्रष्टाचार, पक्षपात दशकों से व्याप्त है, उसको खत्म करना सरकार के लिए सिरदर्द बन गया है। प्रदेश सरकार ने पूर्व की कई भर्तियों में धांधली प्रकाश में आने पर चयन निरस्त कर दिया है। लोक सेवा आयोग तक की भर्तियों की सीबीआई जांच चल रही है, क्योंकि आरोप है कि पूर्व में लोक सेवा आयोग के माध्यम से सरकारी सेवकों के चयन में धांधली की गयी और मनमाने तरीके से नौकरियां बांटी गयीं। लंबे समय तक सरकारी नौकरियों के चयन में हुआ भ्रष्टाचार व्याप्त था।

**मनीष कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## ग्राम सभा की सहमति से हो भवन निर्माण

फतेहपुर बिन्दकी विधानसभा के कांग्रेस नेता शिवाकांत तिवारी ने ग्राम पंचायत सिकरोड़ी में प्रस्तावित अन्नपूर्णा भवन के निर्माण को लेकर कहा कि यदि ग्रामीणों को निर्माण स्थल पर आपत्ति है, तो प्रशासन को उनकी भावनाओं, सुझावों तथा ग्राम सभा की राय का पूरा सम्मान करना चाहिए। किसी भी विकास कार्य का उद्देश्य जनता को सुविधा प्रदान करना होना चाहिए, न कि उन्हें अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़े। उन्होंने कहा कि यदि भवन का निर्माण ऐसे स्थान पर किया जाता है जहाँ आम ग्रामीणों को सहज पहुँच न हो और राशन वितरण जैसी आवश्यक जनसेवाओं में बाधा उत्पन्न होने की आशंका हो, तो प्रशासन को इस निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए। विकास कार्य तभी सार्थक हैं, जब वे जनहित, पारदर्शिता और ग्राम सभा की सहमति के साथ किए जाएँ। शिवाकांत तिवारी ने प्रशासन से मांग की कि अन्नपूर्णा भवन का निर्माण ग्राम समाज की ऐसी उपयुक्त भूमि पर कराया जाए, जहाँ सभी ग्रामीणों की आसानी से पहुँच हो तथा भविष्य में राशन वितरण सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन सुचारु रूप से किया जा सके। उन्होंने कहा कि बिन्दकी विधानसभा में जनता की आवाज ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। जनभावनाओं की अनदेखी कर किया गया कोई भी विकास कार्य उचित नहीं माना जा सकता। कांग्रेस पार्टी हमेशा किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं और ग्रामीणों के अधिकारों की रक्षा तथा जनहित के मुद्दों पर मजबूती से आवाज उठाती रहेगी।

## डेयरी दुकान का ताला तोड़कर लाखों का माल चोरी

बांदा। शहर के कालूकुआं मोहल्ला स्थित कृष्णकुंज के सामने संचालित एक डेयरी व पशु आहार की दुकान को चोरों ने निशाना बनाया। दुकान का ताला तोड़कर चोर दुकान में रखे उपकरणों और सामान पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जब दुकानदार दुकान पहुंचा तो घटना की जानकारी हुई। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित दुकानदार अभिषेक बाजपेयी, पंकज निवासी बलखंडीनाका ने बताया कि वह रोज की तरह शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे अपनी दुकान पर पहुंचा। वहां पहुंचकर देखा कि दुकान के बाहर लगा ताला टूटा पड़ा था। अंदर प्रवेश करने पर पाया कि दुकान का काफी ज्यादा सामान बिखरा हुआ था। मुख्य कीमती उपकरण गायब थे। दुकानदार के अनुसार चोर दुकान से दूध का फैट नापने वाली 2 मशीनें एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू और दूध ले जाने वाले 3 से अधिक केन इम चोरी कर ले गए हैं। पीड़ित का कहना है। कि उपकरणों की कीमत काफी अधिक है। जिससे उसे भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही पीड़ित ने तत्काल 112 नंबर पर फोन करके पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया और साक्ष्य जुटाए। पीड़ित अभिषेक बाजपेयी ने चैकी प्रभारी कालूकुआं को तहरीर देकर चोरी का खुलासा करने और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ?स्थानीय लोगों में इस घटना के बाद से काफी रोष है। क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। पुलिस अब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालकर चोरों की तलाश में जुटी है।

## पत्थरबाजी पर लगाम लगाने को गांव- गांव चलेगा अभियान

बांदा। गावों और कस्बों से होकर निकलने वाली ट्रेनों में पत्थरबाजी की घटनाएं आम हो गई हैं। रेल पटरी के किनारे बसे गांवों में खेल-खेल में बच्चे ट्रेनों पर पत्थर फेंक देते हैं, जिससे ट्रेनों के कांच टूट जाते हैं और कई बार यात्री चुटहिल हो जाते हैं। ट्रेनों पर पत्थरबाजी पर अंकुश लगाने के लिए अब आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक सुरुचि द्विवेदी ने कमर कस ली है। उन्होंने जागरूकता अभियान छेड़ दिया है। शुक्रवार को आरपीएफ थाना परिसर में जिले के प्रमुख समाजसेवियों व प्रबुद्धजनों के साथ अभियान को लेकर चर्चा की और ग्रामीणों को जागरूक करने में सहयोग का आह्वान किया। कहा आपसी समन्वय के साथ ग्रामीणों को जागरूक किया जाय तो पत्थरबाजी पर अंकुश लगाया जा सकता है। आरपीएफ निरीक्षक ने बताया कि पत्थरबाजी की सर्वाधिक घटनाएं वन्दे भारत एक्सप्रेस जैसी महत्वपूर्ण ट्रेनों के साथ होती है। उनका कहना है ट्रेन पर पत्थर फेंकने की घटना से जहां सार्वजनिक सम्पत्ति को नुकसान पहुंचता है, वहीं रेल यात्रियों को भी असुविधा का सामना करना पड़ता है।

# प्रदेश सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध

## डबल इंजन की सरकार में बिजनौर ने संघर्ष से विकास तक की सफल यात्रा तय की : मुख्यमंत्री

शहजाद अंसारी



बिजनौर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिजनौर एवं चांदपुर विधानसभा क्षेत्रों के लिए 1003 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 76 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक, आवास की चाबी, स्वीकृति पत्र, प्रमाण-पत्र, आयुष्मान कार्ड एवं टूलकिट वितरित किए। कार्यक्रम से पूर्व मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया, पौधरोपण किया तथा महिलाओं की गोदभराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन कराया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बिजनौर पहुंचकर अपने संबोधन में कहा कि बिजनौर महात्मा विदुर की पावन तपोभूमि है और यह जनपद अनेक महान विभूतियों की जन्मस्थली रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार विरासत और विकास के समन्वय के साथ प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर ले जा रही है। उन्होंने कहा कि बिजनौर ने संघर्ष से विकास तक की सफल यात्रा तय की है और आज यह प्रदेश के तेजी से विकसित हो रहे जनपदों में शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गन्ना उत्पादन के लिए प्रसिद्ध बिजनौर के किसानों को प्रदेश सरकार समय पर गन्ना मूल्य का भुगतान सुनिश्चित करा रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले किसानों को वर्षों तक भुगतान नहीं मिलता था, जबकि आज सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आज बिजनौर कानून व्यवस्था, आधारभूत सुविधाओं और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है। हाईवे, मेडिकल कॉलेज, पर्यटन विकास, एक्सप्रेस-वे और उद्योगों के विस्तार से जनपद तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने नगीना के काष्ठ शिल्प, किसानों की मेहनत, युवाओं की ऊर्जा और व्यापारियों की उद्यमशीलता की सराहना की। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि गंगा एक्सप्रेस-वे को बिजनौर से हरिद्वार तक विस्तारित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर सड़क, पुल एवं फ्लाईओवर जैसी विकास परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की जाएगी तथा विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की कर्जमाफी, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना, निःशुल्क राशन योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी योजनाओं के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग तक लाभ पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि तकनीक के माध्यम से सार्वजनिक वितरण प्रणाली की प्रभावी निगरानी की जा रही है, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित हुई है। उन्होंने कहा कि बिजनौर में औद्योगिक निवेश तेजी से बढ़ रहा है। बेल्जियम की अग्रिस्ट मासा सहित कई घरेलू एवं विदेशी कंपनियों ने जनपद में निवेश किया है, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। उन्होंने विदुर प्रेरणा स्वदेशी ब्रांड की सफलता की भी सराहना की और इसे आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश का सशक्त उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज के साथ नर्सिंग कॉलेज एवं छात्रावास का लोकार्पण होने से जनपद की बेटियों को नर्सिंग शिक्षा के बेहतर अवसर मिलेंगे। साथ ही पर्यटन, पेयजल, सड़क, पुल एवं अन्य आधारभूत संरचना से जुडी अनेक परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया गया। इस अवसर पर व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल, एमएलसी अशोक कटारिया, विधायक अशोक कुमार राणा, ओम कुमार, कुँवर सुशांत सिंह, जिलाधिकारी जसजीत कौर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन प्लांटों की मॉक ड्रिल सफल, आपदा से निपटने की तैयारियां परखी गयीं



बहराइच। महाराजा सुहेलदेव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं महर्षि बालार्क चिकित्सालय में शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे पीएसए व एलएमओ ऑक्सीजन प्लांटों की मॉक ड्रिल कर उनकी कार्यक्षमता परखी गई। शासन के नामित प्रतिनिधि डॉ. विपिन की अध्यक्षता में हुई जांच में सभी ऑक्सीजन प्लांट पूरी क्षमता के साथ संचालित पाए गए। मॉक ड्रिल का उद्देश्य किसी भी आपदा या आपात स्थिति में मरीजों को निर्बाध रूप से ऑक्सीजन उपलब्ध कराने की तैयारियों का आकलन करना था। इस दौरान अस्पताल परिसर में स्थापित सभी ऑक्सीजन प्लांटों को एक-एक कर संचालित कर उनकी तकनीकी क्षमता और संचालन व्यवस्था की जांच की गई। मेडिकल कॉलेज प्रशासन के अनुसार चिकित्सालय में वर्तमान में पांच पीएसए ऑक्सीजन प्लांट और एक एलएमओ प्लांट स्थापित हैं, जो पूरी तरह क्रियाशील हैं। प्रधानाचार्य डॉ. संजय खत्री ने बताया कि अस्पताल में ऑक्सीजन की पर्याप्त उपलब्धता है और इसकी नियमित निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी ऑक्सीजन प्लांट पूरी क्षमता के साथ संचालित हैं, जिससे किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सकता है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एस.के. वर्मा ने बताया कि नियमित मॉक ड्रिल से ऑक्सीजन आपूर्ति प्रणाली की विश्वसनीयता बनी रहती है। उन्होंने कहा कि मेडिकल ऑक्सीजन गंभीर निमोनिया, अस्थमा, सीओपीडी, हृदय रोगियों, आईसीयू व ऑपरेशन थियेटर में भर्ती मरीजों तथा नवजात शिशुओं के उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मॉक ड्रिल के दौरान प्लांट नोडल अधिकारी डॉ. यू.के. वर्मा, डॉ. निरमेश श्रीवास्तव, चिकित्सालय प्रबंधक डॉ. रिजवान, प्लांट ऑपरेटर, तकनीकी स्टाफ और अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## एसपी ने सुनी जनफरियाद



बहराइच। पुलिस अधीक्षक बहराइच श्री विश्वजीत श्रीवास्तव ने शुक्रवार को आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में पहुंचे फरियादियों की समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता से सुना। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याओं एवं प्रार्थना पत्रों को पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत किया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों और प्रार्थना पत्रों के संबंध में पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को मामलों की शीघ्र, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण जांच कर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनता की शिकायतों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री आयुष विक्रम सिंह तथा अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी भी उपस्थित रहे।

## करंट लगने से भाई-बहन की मौत



बांदा। जिले के तिंदवारा क्षेत्र में करंट लगने से दो मासूम भाई-बहन की मौत हो गई। घटना सुबह करीब 10 बजे हुई, जिससे परिवार और गांव में मातम छा गया। मृतकों की पहचान 5 वर्षीय प्रांशी और 3 वर्षीय शनि के रूप में हुई है। उनके पिता मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। दंपति की शादी को लगभग 14 वर्ष हो चुके हैं। परिजनों के अनुसार, दोनों बच्चे सुबह करीब 9 बजे सरकारी प्राथमिक विद्यालय तिंदवारा गए थे। यह उनका इसी वर्ष स्कूल में पहला सत्र था। लगभग 9:30 बजे वे घर लौट आए, खाना खाया और खेलने लगे। हादसे के समय उनकी मां घर में बर्तन धो रही थीं। इसी दौरान, तीन वर्षीय शनि किसी तरह करंट की चपेट में आ गया। उसे बचाने के लिए पांच वर्षीय बहन प्रांशी दौड़ी, लेकिन वह भी करंट की चपेट में आ गई। घर में मौजूद उनकी बड़ी बहन प्रांजलि (4) ने यह घटना देखी और तुरंत मां को सूचित किया। जब तक परिजन बच्चों को बचाने का प्रयास करते, तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही गांव में लोगों की भीड़ जमा हो गई। दो मासूम बच्चों की एक साथ मौत से परिवार का बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है ताकि करंट लगने के सही कारण का पता चल सके।

# पयागपुर में 24 आंगनबाड़ी सहायिकाओं और एक कार्यकत्री को मिले नियुक्ति पत्र



बहराइच। तहसील पयागपुर सभागार में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में विधायक सुभाष त्रिपाठी ने विधानसभा क्षेत्र पयागपुर के अंतर्गत आने वाली बाल विकास परियोजनाओं की नवनियुक्त आंगनबाड़ी सहायिकाओं एवं कार्यकत्री को नियुक्ति पत्र वितरित किए। समारोह में बाल विकास परियोजना विशेश्वरगंज की 10 सहायिकाओं, हुजूरपुर की 9 सहायिकाओं, पयागपुर की 4 सहायिकाओं एवं एक आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा जरवल की एक सहायिका सहित कुल 24 आंगनबाड़ी सहायिकाओं और एक आंगनबाड़ी कार्यकत्री को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इसके अलावा विभाग की ओर से 10 आंगनबाड़ी केंद्रों को मोबाइल फोन भी वितरित किए गए। इस अवसर पर विधायक सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाएं मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण और बाल विकास योजनाओं को अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने नवनियुक्त कर्मियों से पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष उमाशंकर तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष चन्द्रदेव त्रिपाठी, कपीश सिंह और ललित सिंह, ग्राम प्रधान बसंतपुर, ग्राम प्रधान दुहलवा, बार एसोसिएशन पयागपुर के अध्यक्ष अधिवक्ता शिवराम शुक्ला, तहसीलदार पयागपुर अंबिका चौधरी, नायब तहसीलदार सौरभ सिंह, सीडीपीओ हुजूरपुर विमल कुमार सिंह, सीडीपीओ विशेश्वरगंज दीपा गुप्ता, संबंधित बाल विकास परियोजनाओं की मुख्य सेविकाएं साधना द्विवेदी एवं आयुषी चौधरी, प्रधान सहायक सुनील श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बहराइच पुलिस ने परखी दंगा नियंत्रण की तैयारी



बहराइच। पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक बहराइच श्री विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन एवं नेतृत्व में दंगा नियंत्रण अभ्यास और बलवा ड्रिल का आयोजन किया गया। अभ्यास का उद्देश्य आपात परिस्थितियों में पुलिस बल की तत्परता, समन्वय क्षमता और कार्यकुशलता का परीक्षण करना तथा आधुनिक दंगा नियंत्रण उपकरणों एवं रणनीतियों के प्रभावी उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना था। ड्रिल के दौरान पुलिस बल को एंटी राइट गन, रबर बुलेट, अश्रुगैस गोले, लाठी, हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर, केन शील्ड, हैंड गार्ड और लेग गार्ड सहित विभिन्न सुरक्षा उपकरणों के उपयोग का वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप अभ्यास कराया गया। अधिकारियों और कर्मचारियों को दंगा नियंत्रण के दौरान इन उपकरणों की उपयोगिता और उनकी भूमिका के संबंध में विस्तृत जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने यूपी-112 की पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर उनमें उपलब्ध संचार उपकरणों, आपातकालीन संसाधनों तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का परीक्षण किया। उन्होंने पीआरवी कर्मियों को निर्देशित किया कि आमजन की सहायता और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित पुलिस प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए वे हर समय सतर्क रहे।

# एसपी का एक्शन! नाबालिग को भगाने का आरोपी थाने से फरार, थानाध्यक्ष लाइन हाजिर

बिजनौर। नाबालिक किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने के मामले में गिरफ्तार आरोपी पुलिस को चकमा देकर मंडावली थाने से फरार हो गया। फरार आरोपी को पकडने के लिए उसकी तलाश में पुलिस की कई टीमों ने दबिश दी। लेकिन आरोपी का कोई सुराग नही लगा सका। मांमला उजागर होने के बाद एसपी बिजनौर अभिषेक झा ने बड़ी लापरवाही मानते हुए थाना प्रभारी राकेश कुमार को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना मंडावली क्षेत्र के एक गांव में अपनी रिश्तेदारी में आई किशोरी कुछ दिन पहले एक युवक के साथ चली गई थी। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू की थी। गुरुवार को पुलिस ने किशोरी और आरोपी नितिन कश्यप पुत्र जय भगवान निवासी ग्राम भोगपुर, थाना लक्सर, जिला हरिद्वार उत्तराखंड को बरामद कर लिया था। गुरुवार को पुलिस किशोरी को न्यायालय में बयान दर्ज कराने के लिए बिजनौर ले गई थी। जबकि आरोपी नितिन मंडावली थाने में पुलिस हिरासत में था। पुलिसकर्मियों की लापरवाही का फायदा उठाकर आरोपी नितिन मौका देखकर थाने से फरार हो गया। आरोपी के फरार होने की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। आरोपी को पकडने के कई थानों की पुलिस ने संभावित ठिकानों, गांवों और जंगलों में घंटों तक सर्च अभियान चलाया, लेकिन देर रात तक आरोपी का कोई सुराग नहीं लग सका। एसपी अभिषेक झा ने प्रथम दृष्टा थाना स्तर पर गंभीर लापरवाही मानते हुए थाना प्रभारी मंडावली राकेश कुमार को लाइन हाजिर कर जांच शुरू करा दी है।

## फर्जी आरटीओ, माइंस अधिकारी, एसडीएम गिरफ्तार

बांदा। थाना कोतवाली नगर पुलिस ने फर्जी आरटीओ, माइंस अधिकारी, एसडीएम बनकर वाहन चालकों से रंगदारी व अवैध वसूली करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में गश्त, अपराध नियंत्रण एवं संदिग्ध व्यक्तियों-वाहनों की चेकिंग के दौरान पुलिस टीम को एक ई-रिक्शा चालक ने सूचना दी कि कुछ व्यक्ति चार पहिया वाहन में बैठकर स्वयं को सरकारी अधिकारी बताकर ई-रिक्शा चालकों से अवैध रूप से रंगदारी वसूल रहे हैं। सूचना पर कोतवाली नगर पुलिस टीम ने सौरभ पुत्र तेज प्रकाश निवासी रिसदा थाना जनेहा जनपद रीवा म0प्र0, कमल पुत्र मान सिंह निवासी चितरा गोकुलपुर



थाना कोतवाली नगर कर्वी जनपद चित्रकूट,. राजकुमार पुत्र भैयालाल निवासी सीतापुर थाना कोतवाली नगर कर्वी जनपद चित्रकूट, संतोष कुमार पुत्र दादूलाल निवासी भैरों पागल द्वारकापुरी थाना कोतवाली नगर कर्वी जनपद चित्रकूट को मवई बाईपास से पकड लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर विभिन्न जनपदों में फर्जी सरकारी अधिकारी बनकर अवैध वसूली करते है। गिरोह के सदस्य सुनसान अथवा कम भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर ई-रिक्शा, ट्रक एवं अन्य वाहनों को रोककर वाहन चालकों के फोटो खींचकर उन्हें चालान, वाहन सीज किए जाने अथवा अन्य कानूनी कार्यवाही का भय दिखाकर अवैध रूप से धनराशि वसूलते हैं। इस प्रकार प्राप्त अवैध धनराशि को चारों लोग आपस में बराबर-बराबर बांट लेते हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से रंगदारी वसूली से प्राप्त रकम 5400 रुपए नगद, एक चार पहिया वाहन, एक लैपटॉप, एक फाइल जिसमें विभिन्न दस्तावेज, चार मोबाइल फोन बरामद किया है। इस संबंध में बलराम सिंह प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर, चैकी प्रभारी विश्वविद्यालय श्री दीपक कुमार सैनी ने बताया कि गहनता से जांच की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि आरोपियों ने अन्य किन-किन स्थानों पर इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम दिया है। साथ ही आरोपियों के आपराधिक इतिहास, अन्य संभावित आपराधिक गतिविधियों के संबंध में भी विस्तृत जानकारी की जा रही है।

# राज्य मंत्री ने बूथ कमेटी एवं मंडल पदाधिकारियों में भरा उत्साह



बांदा। पैलानी तहसील के खप्टिहाकलां कस्बे में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में प्रवासी प्रमुख, मुख्य अतिथि के रूप में जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर बूथ कमेटी एवं मंडल के पदाधिकारियों का मार्गदर्शन करते हुए डिजिटल लैंडिंग प्लेटफार्म के बारे में चर्चा की। सभी बूथ कमेटी एवं मंडल पदाधिकारी के साथ-साथ वरिष्ठ कार्यकताओं को सभी बूथों को मजबूत किए जाने, पार्टी को आगे बढ़ाए जाने को कहा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष कृष्णाराम द्विवेदी, मंडल मंत्री रविंद्र सिंह कछवाह, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण शुक्ला, सेक्टर संयोजक महेंद्र सिंह गौतम, मंडल प्रभारी अरविंद सिंह चंदेल, मंडल उपाध्यक्ष प्रकाश सिंह सेंगर सहित बूथ अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, शिवबरन सिंह आदि उपस्थित रहे। सहदेव शुक्ला ने कालेश्वर विद्युत पावर हाउस की खराब व्यवस्था के साथ-साथ बस स्टैंड से मोती गोंडा तक सीसी रोड बनवाए जाने की भी मांग की।

## प्रभारी मंत्री ने समीक्षा बैठक में दिए आवश्यक निर्देश



महोबा। राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन उत्तर प्रदेश सरकार एवं जनपद के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल कोरी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिले के विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मंत्री जी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय सोलर लाइट योजना की समीक्षा की एवं ब्लॉक स्तर पर कैम्प लगाये जाने के निर्देश दिये। उन्होने खराब विद्युत ट्रान्सफार्मरों को शहरी क्षेत्र में 24 घंटे के अन्दर एवं ग्रामीण क्षेत्र में 48 घंटे के अंदर बदले जाने के निर्देश दिये। उन्होने अधिक आने वाले विद्युत बिलों के सुधार करने तथा निर्धारित अवधि में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। कृषि विभाग के अन्तर्गत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं फसल बीमा योजना की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक किसानों को बीमित कराये जाने के पश्चात फसल बीमा का लाभ दिलाये जाने के निर्देश दिए तथा बैठक में अनुपस्थित रहने पर ज्येष्ठ खान अधिकारी एवं मुख्य चिकित्साधिकारी का स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। स्वास्थ्य विभाग की जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों का समय से भुगतान कराये जाने एवं बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होनें लोक निर्माण विभाग द्वारा नई सड़कों के निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होनें चरखारी-मुस्करा रोड एवं गौरहारी सड़क की मरम्मत शीघ्र कराये जाने के निर्देश दिए ।उन्होनें जल निगम द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जलापूर्ति गांवों में सुनिश्चित करने तथा खोदी गयी सड़कों को तत्काल मरम्मत कराये जाने के निर्देश दिए। पर्यटन विकास के अंतर्गत गुरू गोरखनाथ की मूर्ति लगाये जाने एवं अन्य विकास कार्यों को पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होने समस्त विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि समीक्षा बैठक में विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ही उपस्थित रहेंगे ।उन्होनें कहा कि हर गौशाला में वृक्षारोपण करवाया जाए और गौशालाओं का निर्माण कार्य कराया जाये तथा सभी गौशालाओं में हरा चारा पानी भूसा की व्यवस्था की जाए तथा दैवीय आपदा से पीड़ित लोगों को तत्काल राहत दी जाए।

## रजिस्ट्री में वसूली के आरोप



फतेहपुर। जनपद के पुरानी तहसील परिसर स्थित उप निबंधन (रजिस्ट्री) कार्यालय की कार्यप्रणाली को लेकर आम लोगों के बीच लगातार असंतोष की चर्चा सुनाई दे रही है। जमीन, मकान और प्लॉट की रजिस्ट्री कराने आने वाले कुछ लोगों का आरोप है कि सरकारी प्रक्रिया की बजाय कथित रूप से बिचौलियों दलालों का प्रभाव अधिक दिखाई देता है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है ।शिकायतकताओं का कहना है कि कार्यालय पहुंचने वाले लोगों को सबसे पहले कथित दलाल घेर लेते हैं और दावा करते हैं कि बिना उनके माध्यम से काम कराए फाइल आगे बढ़ने में समय लगेगा। आरोप है कि रजिस्ट्री प्रक्रिया को तेज कराने के नाम पर अतिरिक्त धनराशि की मांग की जाती है। लोगों का कहना है कि सरकारी शुल्क के अतिरिक्त कथित तौर पर अलग-अलग मदों के नाम पर पैसा मांगा जाता है, जिससे आम नागरिक आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान होते हैं ।कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि कार्यालय परिसर में वर्षों से सक्रिय कथित दलालों का ऐसा नेटवर्क तैयार हो गया है, जो दस्तावेज तैयार कराने से लेकर रजिस्ट्री पूरी कराने तक की पूरी प्रक्रिया अपने हाथ में लेने का दावा करता है। इससे पहली बार रजिस्ट्री कराने आने वाले लोग भ्रमित हो जाते हैं और सरकारी प्रक्रिया के बजाय बिचौलियों पर निर्भर होने को मजबूर महसूस करते हैं ।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि कोई व्यक्ति सीधे कार्यालय में अपना कार्य कराना चाहता है, तो उसे कई प्रकार की औपचारिकताओं और देरी का सामना करना पड़ता है। दूसरी ओर, आरोप है कि कथित सेटिंग के माध्यम से कुछ मामलों में काम अपेक्षाकृत तेजी से हो जाता है। इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन ऐसी शिकायतें लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई हैं ।संपत्ति से जुड़े मामलों में पारदर्शिता बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है। यदि किसी भी स्तर पर फर्जी दस्तावेज, नियमों की अनदेखी या अवैध वसूली जैसी शिकायतें सही पाई जाती हैं, तो इसका सीधा असर आम नागरिकों की संपत्ति और उनके कानूनी अधिकारों पर पड़ सकता है। इसलिए लोगों का कहना है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच आवश्यक है।

## धर्म छिपाकर कोर्ट मैरिज करने के बाद युवती को फोन पर दिया तलाक, आरोपी गिरफ्तार

धामपुर, बिजनौर। धर्म छिपाकर युवती से कोर्ट मैरिज करने के बाद में फोन पर तीन तलाक देकर उसे बच्चों सहित घर से निकालने का मांमला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीडित युवती की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार उसका चालान कर दिया है। जानकारी के अनुसार पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि तीन वर्ष की उम्र में उसके माता-पिता का निधन हो गया था। इसके बाद वह स्योहारा में अपने ताऊ के घर रहकर बड़ी हुई। युवती के अनुसार वह स्योहारा में एक व्यक्ति के घर घरेलू काम करती थी। उस व्यक्ति की शादी एक मुस्लिम युवती से हुई थी और उसका भाई भी अक्सर घर आता-जाता था। इसी दौरान उसकी पहचान भूरा नाम बताने वाले युवक से हुई। युवती का आरोप है कि वर्ष 2020 में भूरे ने बिजनौर में उससे कोर्ट मैरिज की। शादी के बाद उसे पता चला कि युवक मुस्लिम है उसका वास्तविक नाम सुभान है। पीडिता ने इसके बावजूद अपना परिवार छोडकर उसके साथ रहना जारी रखा। इस दौरान उनके तीन बच्चे भी हुए। पीड़िता के अनुसार, आरोपी पहले धामपुर में सैलून का काम करता था, लेकिन कुछ समय पहले दुकान बंद कर अकेले दिल्ली चला गया। आरोप है कि 12 जुलाई 2026 को उसने फोन पर तीन तलाक देकर उसे घर छोड़ने के लिए कहा। इसके बाद ससुराल पक्ष ने भी उसे घर से निकाल दिया। कई दिनों तक बच्चों के साथ भटकने के बाद उसने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर आरोपी सुभान उर्फ भूरा पुत्र सिराजुद्दीन निवासी धामपुर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## माध्यमिक शिक्षा परिषद की लापरवाही के चलते हाईस्कूल की छात्रा 4 साल से काट रही चक्कर

नगीना, बिजनौर। माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड बरेली द्वारा हाईस्कूल के अंक पत्र में गलत अंकित की गई जन्म तिथि को सही न करने पर मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई गई शिकायत को लखनऊ से बरेली जोन न भेजकर दूसरे जोन मेरठ भेज दिया गया। मेरठ जोन के अपर सचिव ने शिकायत को बरेली जोन का मामला बताकर अपना पल्ला झाडकर निस्तारित कर दिया। माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड बरेली की लापरवाही से बच्ची का भविष्य अधर में लटका हुआ है। बतातें चलें कि नगीना के वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी अफसार हुसैन सिद्दीकी की पुत्री जन्नत निशा ने बीती 13 जुलाई को हाईस्कूल परीक्षा 2021 रोल नं 0210672809 के अंकपत्र में जन्मतिथि संशोधन हेतु जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। नगीना बरेली जोन के अन्तर्गत आता है, परन्तु उक्त शिकायत को गलती से मेरठ जोन को प्रेषित कर दिया गया। मेरठ जोन के अपर सचिव ने 15 जुलाई को इसे बरेली जोन का मामला बताकर अपना पल्ला झाडते हुए निस्तारित कर दिया। माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड बरेली की लापरवाही के कारण अफसार हुसैन सिद्दीकी की पुत्री जन्नत निशा का 4 वर्षों से भविष्य अधर में लटका हुआ है। अफसार सिद्दीकी ने उपरोक्त शिकायत के सम्बन्ध में पुनः 16 जुलाई को मुख्यमंत्री पोर्टल पर नई शिकायत दर्ज कराई है। अफसार सिद्दीकी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की है कि उपरोक्त शिकायत को मेरठ जोन से हटाकर सम्बन्धित बरेली जोन/प्रयागराज मुख्यालय को तत्काल अग्रसारित कर 7 दिवस के अन्दर निस्तारित कराया जाए।

संक्षेप

## जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर ने एमजी एडाप्ट का किया अनावरण

नई दिल्ली। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने आज एमजी एडाप्ट (एडवांस ड्राइव आर्किटेक्चर प्लेटफॉर्म टेक्नोलॉजी) का अनावरण किया है। यह भारत का पहला मल्टी-न्यू एनर्जी व्हीकल (एनईवी) प्लेटफॉर्म है। फ्यूचर रेडी मॉड्यूलर आर्किटेक्चर के रूप में डिजाइन किया गया एमजी एडाप्ट, इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी), हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों (एचईवी), प्लग-इन हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों (पीएचईवी) और रेंज एक्सटेंडर इलेक्ट्रिक वाहनों (आरईईवी) का प्रयोग करता है, जो सिंगल इंटेलीजेंट प्लेटफॉर्म पर कई ऊर्जा समाधानों को एक साथ लाता है। एमजी एडाप्ट हमारी न्यू एनर्जी व्हीकल यात्रा में एक निर्णायक मील का पत्थर है और भारतीय ग्राहकों की बदलती जरूरतों के लिए प्रासंगिक विश्व स्तर पर उन्नत प्रौद्योगिकियों को लाने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। एक अत्यंत लचीले प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म के रूप में डिजाइन किया गया एमजी एडाप्ट, सिंगल इंटेलीजेंट आर्किटेक्चर पर कई ऊर्जा समाधानों को एक साथ लाया है, जिससे हम ऐसे वाहन देने में सक्षम बने हैं जो अधिक कुशल, अधिक एडॉप्टेबल और भविष्य के लिए इंजीनियर किए गए हैं।

## एसएएमआईएल और अशोक लेलैंड में साझेदारी की

चेन्नई। श्रीराम ऑटोमॉल इंडिया लिमिटेड ने हिंदूजा ग्रुप की प्रमुख भारतीय कंपनी और देश की अग्रणी कमर्शियल वाहन निमार्ता अशोक लेलैंड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करके रणनीतिक साझेदारी की है। इस सहयोग का मकसद सर्टिफाइड पुराने अशोक लेलैंड कमर्शियल वाहनों के लिए एक व्यवस्थित, पारदर्शी और कुशल मार्केटप्लेस बनाना है, जिससे देश भर के ग्राहकों के लिए क्वालिटी मोबिलिटी समाधान ज्यादा आसानी से उपलब्ध हो सकें। लॉजिस्टिक्स की बढ़ती मांग, इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार और किफायती फ्लीट समाधानों की बढ़ती जरूरत के कारण भारत का कमर्शियल वाहन उद्योग तेजी से विकसित हो रहा है। जैसे-जैसे बिजनेस और ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर क्वालिटी और भरोसे से समझौता किए बिना भरोसेमंद पुराने वाहन चाहते हैं।

## भारत-यूके एफटीए ने किया प्रीमियम एल्कोबेव मार्केट को मजबूत

नई दिल्ली। भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) द्विपक्षीय व्यापार को मजबूत करने और एल्कोहलिक बेवरेज (एल्कोबेव) सेक्टर के लिए ज्यादा संतुलित फ्रेमवर्क बनाने की दिशा में उल्लेखनीय पड़ाव है। एक बार यह समझौता लागू हो जाने के बाद इससे निवेश आने तथा प्रीमियम मार्केट, उपभोक्ताओं के पास विकल्प और लंबी अवधि में रेवेन्यू बढ़ने की उम्मीद है। साथ ही वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बाजार बनने के भारत के लक्ष्य को भी इससे समर्थन मिलेगा। आईएसडब्ल्यूएआई के अनुसार भारत यूके मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) केवल शुल्क (टैरिफ) में कटौती तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक रणनीतिक अवसर है।

## मोटोरोला ने लॉन्च किया स्मार्टफोन मोटोरोला 70 मैक्स

नई दिल्ली। मोटोरोला ने आज अपना फ्लैगशिप परफॉर्मेंस स्मार्टफोन मोटोरोला 70 मैक्स लॉन्च किया है। यह फोन उन लोगों के लिए डिजाइन किया गया है जिन्हें शानदार स्पीड, बेहतरीन एंटरटेनमेंट, लंबी चलने वाली बैटरी और स्मार्ट एआई फीचर्स की जरूरत होती है। नए स्नैपड्रैगन 8 जेन 5 चिपसेट द्वारा संचालित मोटोरोला एज 70 मैक्स अपने सेगमेंट की सर्वश्रेष्ठ डिस्प्ले तकनीक, एक विशाल 7100एमएएच सिलिकॉन कार्बन बैटरी, प्रीमियम डिजाइन, एआई-संचालित इमेजिंग और सहज मल्टी-डिवाइस इंटेलिजेंस का एक बेहतरीन संयोजन पेश करता है, जो फ्लैगशिप स्मार्टफोन के अनुभव को नए सिरे से परिभाषित करता है।

## नीति आयोग के निवेश अनुकूल सूचकांक में गुजरात शीर्ष पर

नयी दिल्ली। नीति आयोग के निवेश अनुकूल सूचकांक में गुजरात पहले स्थान पर है। वहीं महाराष्ट्र और तमिलनाडु क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर है। राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के शुक्रवार को जारी निवेश अनुकूल सूचकांक रिपोर्ट के अनुसार बुनियादी ढांचे, वित्तीय स्थिति और नियामकीय सुगमता के क्षेत्र में मजबूत प्रदर्शन के दम पर गुजरात शीर्ष स्थान पर रहा।

# सेंसेक्स 965 अंक उछला



मुंबई। रिलायंस इंडस्ट्रीज, बैंक और आईटी शेयरों में खरीदारी आने से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार जोरदार तेजी के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 965 अंक उछल गया जबकि निफ्टी ने 262 अंक की छलांग लगाई।

विश्लेषकों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर प्रमुख कंपनियों के अनुकूल तिमाही नतीजों और आईटी कंपनियों में लिवाली आने से निवेशक धारणा को समर्थन मिला। हालांकि व्यापक बाजार में नकारात्मक रुझान रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 964.58 अंक यानी 1.25 प्रतिशत उछलकर 78,151.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह l,095.68 अंक चढ़कर 78,282.55 अंक तक पहुंच गया। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 261.55 अंक यानी 1.09 प्रतिशत बढ़कर 24,334.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल शेयरों में टेक महिंद्रा का शेयर अनुकूल तिमाही नतीजों के बाद करीब 3.91 प्रतिशत उछला। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज का भी शेयर तिमाही नतीजों की घोषणा के पहले करीब तीन प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। कोटक महिंद्रा बैंक, टीसीएस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और बजाज फाइनेंस भी बढ़त में रहे। दूसरी तरफ, सन फार्मा, ट्रेंट, भारती एयरटेल और अल्ट्राटेक सीमेंट नुकसान में रहे। "बाजार की दिशा बड़े शेयरों की ओर झुकती दिख रही है, जिसमें आईटी और बैंकिंग क्षेत्र के शेयर अगुवाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि घरेलू संस्थागत निवेशक महंगे मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों से निकलकर अपेक्षाकृत आकर्षक भाव पर उपलब्ध बड़ी कंपनियों के शेयरों में निवेश कर रहे हैं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच 1.79 प्रतिशत चढ़कर 85.52 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.32 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.07 प्रतिशत की नरमी रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में निजी बैंक सचूकांक 1.81 प्रतिशत चढ़ गया जबकि शीर्ष 10 बैंक खंड में 1.78 प्रतिशत, आईटी खंड में 1.38 प्रतिशत और वित्तीय सेवा खंड में 1.20 प्रतिशत की तेजी रही। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में आई मजबूती ने भी निवेशक धारणा को समर्थन देने का काम किया। भारतीय शेयर बाजारों ने कारोबारी सप्ताह का समापन मजबूती के साथ किया।

# रुपया 14 पैसे मजबूत होकर 96.28 प्रति डॉलर पर बंद



मुंबई। रुपया शुक्रवार को 14 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 96.28 (अस्थायी) पर बंद हुआ। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संभावित हस्तक्षेप के बाद घरेलू मुद्रा में लगातार चार कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट थमी।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच वैश्विक कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से स्थानीय मुद्रा पर दबाव है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 96.35 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 96.27 से 96.41 के दायरे में रहा। अंत में 96.28 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 14 पैसे की तेजी है। रुपया बृहस्पतिवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट के साथ 17 पैसे कमजोर होकर 96.42 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। संभवतः आरबीआई के हस्तक्षेप से शुक्रवार को रुपये में स्थिरता रही और इसकी चार सत्र की गिरावट थमी। आगे की दिशा तय करने के लिए बाजार की नजर वैश्विक घटनाक्रम, कच्चे तेल की कीमतों और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की गतिविधियों पर रहेगी। रुपया 96.00 से 96.55 के दायरे में कारोबार कर सकता है। कुल मिलाकर रुख अब भी कमजोरी की ओर संकेत करता है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.01 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 100.75 पर रहा। घरेलू शेयर बाजार में बीएसई सेंसेक्स 964.58 अंक उछलकर 78,151.45 अंक पर जबकि एनएसई निफ्टी 261.55 अंक की तेजी के साथ 24,334.30 अंक पर बंद हुआ।

## सेबी ने डिमैट में रखी म्यूचुअल फंड यूनिट के लिए नियमित निकासी सुविधा दी

नयी दिल्ली। बाजार नियामक सेबी ने शुक्रवार को म्यूचुअल फंड निवेशकों के लिए प्रक्रिया को आसान बनाते हुए कहा कि अब डिमैट खाते में रखी गई म्यूचुअल फंड यूनिट यानी निवेश से भी नियमित निकासी (एसडब्ल्यूपी) और निवेश स्थानांतरण (एसटीपी) के लिए पहले से निर्देश दिए जा सकेंगे।

अभी तक यह सुविधा केवल उन निवेशकों को मिलती थी, जिनकी यूनिट स्टेटमेंट ऑफ अकाउंट (एसओए) रूप में होती थीं और वे म्यूचुअल फंड योजनाएं संचालित करने वाली परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमसी) या उनके एजेंटों के जरिए यह सुविधा लेते थे। अभी तक डिमैट में म्यूचुअल फंड यूनिट रखने वाले निवेशकों को हर बार अलग से प्रक्रिया पूरी करनी पड़ती थी। सेबी ने अपने परिपत्र में कहा कि कारोबारी सुगमता के लिए यह तय किया गया है कि डिमैट में रखी गईं म्यूचुअल फंड यूनिट के लिए भी एसडब्ल्यूपी और एसटीपी का स्थायी निर्देश देने की सुविधा शुरू की जाए। सेबी के इस फैसले से अब निवेशक पहले से तय कर सकेंगे कि वे एसडब्ल्यूपी यानी हर महीने या तय समय पर कितनी यूनिट बेचकर पैसा निकालना चाहते हैं या एसटीपी यानी एक योजना से दूसरी योजना में निवेश स्थानांतरित करना चाहते हैं।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार 96.4 करोड़ डॉलर बढ़ा



मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 96.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 675.15 अरब डॉलर पर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 7.26 अरब डॉलर बढ़कर 674.19 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। इस साल 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में पश्चिम एशिया संघर्ष शुरू होने से पहले देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 728.49 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि, संघर्ष के कारण रुपये पर दबाव बढ़ा और रिजर्व बैंक को विदेशी मुद्रा बाजार में डॉलर बेचकर हस्तक्षेप करना पड़ा। इसके बाद कई सप्ताह तक विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट दर्ज की गई। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 10 जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 93 करोड़ डॉलर बढ़कर 546.51 अरब डॉलर हो गई। डॉलर के संदर्भ में दर्शाई जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखी गई यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में होने वाली बढ़ोतरी या गिरावट का प्रभाव भी शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह में देश के स्वर्ण भंडार का मूल्य 2.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 105.22 अरब डॉलर हो गया। केंद्रीय बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 30 लाख डॉलर बढ़कर 18.63 अरब डॉलर हो गया। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित कोष भी 70 लाख डॉलर बढ़कर 4.79 अरब डॉलर हो गया।

## चांदी 1258 रुपये टूटकर 2.14 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर

नयी दिल्ली। कारोबारियों की बिकवाली के बीच वायदा कारोबार में शुक्रवार को चांदी का भाव l,258 रुपये की गिरावट के साथ 2,14,755 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सितंबर में आपूर्ति वाले चांदी के अनुबंधों का भाव l,258 रुपये यानी 0.58 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,14,755 रुपये प्रति किलोग्राम रहा। इसमें l,563 लॉट का कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने बताया कि कारोबारियों की बिकवाली से चांदी की कीमतों पर दबाव पड़ा। वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में चांदी का भाव 0.11 प्रतिशत टूटकर 58.46 डॉलर प्रति औंस रह गया। वहीं हाजिर मांग में कमजोरी के बीच वायदा कारोबार में शुक्रवार को सोने का भाव 248 रुपये की गिरावट के साथ l,40,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अगस्त में आपूर्ति वाले सोने के अनुबंधों का भाव 248 रुपये यानी 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ l,40,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। इसमें l,026 लॉट का कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने बताया कि हाजिर बाजार में कमजोर मांग सोने की कीमतों में गिरावट की वजह रही। वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में सोने का वायदा भाव 0.23 प्रतिशत टूटकर 3,985.52 डॉलर प्रति औंस रह गया।

# पीएम-एनएपीएस के तहत पूर्वोत्तर के युवाओं को मिलेगा प्रशिक्षण

नयी दिल्ली। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षुता संवर्धन योजना (पीएम-एनएपीएस) के तहत पूर्वोत्तर क्षेत्र में युवाओं को हुनरमंद बनाने के लिए इस कार्यक्रम को वित्त वर्ष 2026-27 तक बढ़ा दिया गया है।

मंत्रालय ने कहा कि भारतीय उद्यमिता संस्थान (आईआईई), गुवाहाटी द्वारा लागू किए जाने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्वोत्तर क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण अप्रेन्टिसशिप के अवसरों का विस्तार करना और युवाओं की रोजगार क्षमता को मजबूत करना है। मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि मई 2025 में शुरू की गई प्रायोगिक पहल की सफलता के आधार पर इस विस्तारित कार्यक्रम का लक्ष्य पूर्वोत्तर के सभी आठ राज्यों में अप्रेन्टिसशिप के अवसरों को बढ़ाना, उद्योगों और सरकारी प्रतिष्ठानों की भागीदारी बढ़ाना तथा कौशल भारत मिशन के तहत युवाओं के लिए स्थायी आजीविका के अवसर तैयार करना है। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए कार्यक्रम का दायरा बढ़ाते हुए अप्रेन्टिसशिप के लिए 30,000 युवाओं का लक्ष्य रखा गया है, जो प्रायोगिक चरण के मुकाबले करीब 15 प्रतिशत अधिक है। इनमें से 15,000 प्रशिक्षुओं को पूर्वोत्तर क्षेत्र से बाहर अवसर उपलब्ध कराने में सहायता दी जाएगी। इनमें सरकारी विभाग और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) शामिल हैं। वहीं, 15,000 प्रशिक्षुओं को पूर्वोत्तर क्षेत्र के भीतर अवसर दिए जाएंगे। सरकार ने इस पहल के लिए वित्त वर्ष 2026-27 में 57.58 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। यह राशि पीएम-एनएपीएस के पूर्वोत्तर क्षेत्र घटक के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री जयंत चौधरी ने कहा, "प्रायोगिक पहल की सफलता यह दिखाती है कि सही अवसर और समर्थन मिलने पर युवा अपनी पूरी क्षमता का उपयोग कर सकते हैं। पीएम-एनएपीएस के तहत इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाने से गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण के अवसरों तक पहुंच बढ़ेगी, स्थानीय व्यवस्था मजबूत होगी, उद्योगों की भागीदारी को प्रोत्साहन मिलेगा और क्षेत्र के युवाओं को पूर्वोत्तर के भीतर तथा देश के अन्य हिस्सों में काम का मूल्यवान अनुभव प्राप्त होगा।

# म्यूचुअल फंड उद्योग ने बनाया निवेश हस्तांतरण की प्रक्रिया को आसान




नयी दिल्ली। म्यूचुअल फंड निकाय एम्फी ने निवेशक के निधन के बाद निवेश हस्तांतरण की प्रक्रिया को आसान बनाते हुए नाम, पते एवं हस्ताक्षर में असंगति से जुड़े नियमों में ढील दी है। संशोधित प्रावधान तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं।

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि संशोधित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का उद्देश्य परिचालन संबंधी बाधाओं को कम करना और मृत यूनिटधारकों के नामित व्यक्तियों को म्यूचुअल फंड निवेश राशि का दावा करने की प्रक्रिया को सरल बनाना है। नए प्रावधानों के तहत, पते में अंतर होने की स्थिति में म्यूचुअल फंड योजनाएं संचालित करने वाली परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियां (एएमसी) संबंधित दस्तावेजों के आधार पर मृत निवेशक के उपलब्ध नवीनतम पते को स्वीकार कर सकती हैं। इसके अलावा, नाम और हस्ताक्षर में असंगति के मामलों के समाधान के लिए एकसमान ढांचा अपनाया गया है। एएमसी अब रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) के लिए निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप मामूली और बड़े अंतर के मामलों का निपटारा कर सकेंगी। एम्फी ने कहा कि यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब नामित व्यक्तियों एवं कानूनी उत्तराधिकारियों को दस्तावेजों में मामूली अंतर के कारण हस्तांतरण प्रक्रिया पूरी करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। उद्योग निकाय ने कहा कि संशोधित एसओपी सभी सदस्य एएमसी को भेज दी गई है और इसका पालन तुरंत शुरू हो गया है। समान रूप से क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण पहल भी की जाएगी। ये बदलाव निवेशकों के हितों की रक्षा और शोकग्रस्त परिवारों के लिए दावे की प्रक्रिया को कम जटिल बनाने के नियामकीय प्रयासों के अनुरूप हैं।

## नीट में एलन लखनऊ के क्लासरूम स्टूडेंट शिवांश को एआईआर -152

लखनऊ। मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2026 का रिजल्ट घोषित कर दिया। परिणामों में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट लखनऊ के स्टूडेंट्स ने एक बार फिर श्रेष्ठता साबित की है। एलन लखनऊ के क्लासरूम स्टूडेंट शिवांश आनंद ने 687 अंक प्राप्त कर आल इंडिया रैंक-152 हासिल की है। इसके साथ ही टॉप-1000 में एलन लखनऊ के 6 क्लासरूम स्टूडेंट्स रहे हैं। एलन के वाइस प्रसीडेंट पंकज अग्रवाल ने बताया कि एलन लखनऊ ने बेहतर परिणाम दिए हैं। इनमें एआईआर-152 पर शिवांस आनंद के साथ, एआईआर-157 पर यासिर अथर, एआईआर-345 पर सौम्या गुप्ता, एआईआर-550 पर मोहित श्रीवास्तव, एआईआर-569 पर चिन्मय कृष्ण एवं एआईआर-738 पर सावेज आलम रहे हैं। नेशनल रिजल्ट्स में आर्यन गुप्ता और पंशुल बंसल ने संयुक्त रूप से 720 में से 715 अंक हासिल किए हैं। टाइब्रेकर रूल की प्राथमिकता के आधार पर आर्यन गुप्ता को आल इंडिया रैंक-1 और पंशुल बंसल को ऑल इंडिया रैंक-2 घोषित किया गया है।

## पेज एक का शेष

### चढ़ावा चोरी

पर उच्चतम न्यायालय द्वारा सुनवाई किए जाने के कुछ दिन बाद हुआ है, जिसमें एसआईटी को जांच के संबंध में स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था। तीन सदस्यीय एसआईटी में लखनऊ मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, पुलिस महानिरीक्षक किरण एस और विशेष सचिव (वित्त) नील रतन शामिल हैं। इसका गठन 13 जून को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुरोध पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किया गया था। शुरुआत में इसे जांच पूरी करने के लिए 15 दिन का समय दिया गया था और बाद में 15 दिन का समय और दे दिया गया था। एसआईटी द्वारा 23 जून को राज्य सरकार को सौंपी गई नौ पन्नों की प्रारंभिक रिपोर्ट के बाद प्राथमिकी दर्ज करने, आठ आरोपियों की गिरफ्तारी, मंदिर के दान से कथित तौर पर निकाली गई नकदी की बरामदगी और पूर्व ट्रस्ट महासचिव चंपत राय तथा पूर्व ट्रस्टी अनिल मिश्रा के इस्तीफे जैसे घटनाक्रम हुए। अंतिम रिपोर्ट में मंदिर के प्रशासन और दान-गणना प्रणाली में सुधारों की सिफारिश किए जाने की उम्मीद है, जिसके निष्कर्षों और संभावित सुधारात्मक उपायों पर चर्चा के लिए ट्रस्ट 22 जुलाई को अयोध्या में बैठक करेगा।

### गुंडा व

को समय पर भुगतान मिल रहा है। अब विकास का पैमाना लखनऊ नहीं, बल्कि जनता द्वारा चुने गए सांसद, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि तय करते हैं। बिजनौर की समृद्धि, किसानों की मेहनत, युवाओं की ऊर्जा, व्यापारियों के नवाचार और नगीना के कारीगरों की उद्यमशीलता जनपद को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रही है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को बिजनौर एवं चांदपुर विधानसभा क्षेत्रों में 1003 करोड रुपए से अधिक लागत की 76 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास करने के उपरांत जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इसके साथ ही सीएम योगी ने विभिन्न लाभार्थियों को चेक/प्रमाण पत्र भी वितरित किए। कार्यक्रम स्थल में प्रदर्शनी का अवलोकन करने के दौरान सीएम ने दो खिलाड़ियों को मेडल भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लोगों को दंगायुक्त, गुंडायुक्त और माफियाराज वाला बिजनौर चाहिए था, वे बांटने वाले लोग हैं, जिन्हें जिन्ना पसंद हैं। हमें जिन्ना नहीं, हमें गन्ना पसंद है। इसी सोच के साथ सरकार ने गन्ना किसानों का मूल्य बढ़ाया है और प्रदेश को अपराध, दंगा, कर्फ्यू व माफिया से मुक्त बनाया है।

### 10 साल

स्वीकार नहीं होगी। पर्वों की मयार्दा को ध्यान में रखकर काम करेंगे तो परंपरा और अच्छे तरीके से बढ़ेगी।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को कैराना, शामली व थानाभवन विधानसभा क्षेत्र की 581 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 89 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास करने के उपरांत जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने लोकार्पण व शिलान्यास की गई योजनाओं का विवरण देते हुए गत 10 वर्ष में शामली, थानाभवन व कैराना में आए सकारात्मक बदलाव की भी चर्चा की। सीएम योगी ने कहा कि 5000 वर्ष पूर्व कुरुक्षेत्र के धर्मयुद्ध में जाने से पहले लीलाधारी प्रभु श्रीकृष्ण ने हनुमान टीले में आकर विश्राम किया था और यहां के पवित्र जल को ग्रहण किया था। शामली व कैराना ने 1857 के प्रथम स्वातंत्र्य समर में ब्रिटिश हुकूमत की चूलों को हिला दिया था। कैराना घराने से पं. भीमसेन जोशी ने शास्त्रीय संगीत की परंपरा को नई ऊंचाई दी। सीएम ने कहा कि 10 साल पहले लोग पूछते थे कि आतंक-भय का प्रतीक शामली जनपद कहां है। शामली, कैराना-कांधला से पलायन होता था, यहां गुंडागर्दी होती थी। कोई सुरक्षित नहीं था। शरारत के तहत डेमोग्राफी को बदलने की साजिश हो रही थी। अब यहां के गन्ने की मिठास प्रसिद्ध है। पीएम मोदी जी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार शामली की गति को प्रगति में बदल रही है।

### पीएम मोदी

डीजल, एलपीजी गैस और उर्वरकों की आपूर्ति होती है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन-चार महीनों से यह मार्ग लगातार संघर्ष का क्षेत्र बना हुआ है। मोदी ने कहा कि युद्ध और तेल संकट के बावजूद भारत की रेलवे और देश के विकास की रफ्तार नहीं रुकी है। उन्होंने कहा, यदि ऐसी स्थिति 2014 से पहले उत्पन्न हुई होती, तो भारतीय रेलवे का कामकाज पूरी तरह ठप हो गया होता। प्रधानमंत्री ने कहा कि जींद की उनकी यात्रा ने पुरानी यादों को ताजा कर दिया है। उन्होंने कहा, मुझे यहां जो स्नेह मिला है, उसे मैं कभी नहीं भूल सकता। उन्होंने कहा कि जींद का घी और घेवर वर्षों से नहीं बदले हैं, लेकिन इसके तेवर जरूर बदल गए हैं। उन्होंने कहा कि जींद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सुशासन का एक मॉडल बनता जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, जब भी हाइड्रोजन ट्रेन का जिक्र होगा, तब जींद, सोनीपत और हरियाणा का नाम लिया जाएगा। मैं इसके लिए पूरे देश को बधाई देता हूं। आसमानी और सफेद रंग की आकर्षक डिजाइन वाली यह ट्रेन हाइड्रोजन फ्यूल सेल प्रौद्योगिकी से संचालित होती है। इस तकनीक में हाइड्रोजन को बिजली में परिवर्तित किया जाता है, जिससे ट्रेन को चलाने के लिए आवश्यक ऊर्जा प्राप्त होती है। इस प्रक्रिया में अवशेष के तौर पर सिर्फ जल-वाष्प निकलती है।

### जालंधर में

दिखाई। इससे दो प्रमुख आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्रों के बीच सीधा रेल संपर्क स्थापित होगा। मोदी चंडीगढ़ और हरियाणा के जींद में परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद जालंधर पहुंचे। जींद में उन्होंने भारत की पहली हाइड्रोजन-चालित ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इस वर्ष फरवरी में डेरा सचखंड बल्लां के दौरे के बाद प्रधानमंत्री का यह जालंधर का दूसरा दौरा है। प्रधानमंत्री की इस यात्रा को महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि भाजपा वर्ष 2027 के पंजाब विधानसभा चुनावों को अकेले लड़ने की तैयारी कर रही है। प्रधानमंत्री ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 20 राज्यों में 75 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया। इन स्टेशनों को लगभग l,570 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया है, जहां आधुनिक और यात्रियों के अनुकूल सुविधाएं जोड़ी गई हैं।

### फिरोजाबाद : दो

के एक गांव की ओर भाग गए। पीछा किए जाने पर उन्होंने गिरफ्तारी से बचने के लिए एक बच्चे को कथित तौर पर बंधक बना लिया, लेकिन बाद में उसे छोड़कर मोटरसाइकिल से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा पीछा जारी रखने पर आरोपियों ने पुलिस की टीम पर कथित तौर पर गोलीबारी की, जिसमें एसओजी के सिपाही डेविड चौहान के पेट में तथा सिपाही पुष्पेंद्र के कंधे में गोली लगी। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। चौहान की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें आगरा रेफर किया गया। अधिकारी ने बताया कि बाद में पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी और इसके बाद हुई मुठभेड़ में दोनों आरोपी मारे गए।

### गुजरात में

मोहम्मद अय्यूब कडीवाल (22), पाटन निवासी और भरूच में दारुल उलूम मतलीवाला मदरसा में पढ़ाई कर रहे मोहम्मद अय्यूबभाई सुनसारा (20), बनासकांठा निवासी और दाभेल में जामिया इस्लामिया तालीमुद्दीन मदरसा में पढ़ने वाले शफी रईस मुखी और पाटन निवासी व भरूच में दारुल उलूम मतलीवाला मदरसा में पढ़ने वाले मोहम्मद हसन हनीफभाई करदिया को गिरफ्तार किया था।

### अग्निवीरों के

युवाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई नई पहल शुरू की जा रही हैं। पर्यटन विभाग की होमस्टे योजना में उन्हें विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा। वहीं सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले पूर्व सैनिकों, अग्निवीरों और स्थानीय युवाओं को उद्यम स्थापित करने के लिए आवश्यक आधारभूत सुविधाएं और अतिरिक्त वित्तीय सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ शीघ्र और सरल तरीके से उपलब्ध कराने के लिए एक समन्वित व्यवस्था विकसित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अग्निवीर अपने साथ केवल सैन्य प्रशिक्षण ही नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व, साहस, जिम्मेदारी और राष्ट्रसेवा की अमूल्य सीख भी लेकर आते हैं। इन गुणों का लाभ राज्य के विकास में मिले, इसके लिए पुलिस, वन तथा आपदा प्रबंधन जैसे विभागों में अग्निवीरों को 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण, आयु सीमा में रियायत और भर्ती प्रक्रियाओं में प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया है।

### अमेरिकी सीनेट

वाले शीर्ष पांच देशों में शामिल हैं। यह विधेयक अधिकतर यूरोपीय सहित उन देशों को छूट देता है, जो रूस से कुल प्राकृतिक गैस निर्यात का 15 प्रतिशत से भी कम आयात करते हैं और जो इस आयात को कम करने के लिए अहम कदम उठा रहे हैं।

### सहजन के

व्यक्त की। स्कोरिया वॉल्केनिक रॉक (छिद्रयुक्त ज्वालामुखीय पत्थर) और मोरिंगा (सहजन के बीज) प्राकृतिक जल शोधन में उपयोगी माने जाते हैं। मोरिंगा के बीजों का पाउडर पानी में मौजूद गंदगी और सूक्ष्म कणों को एकत्र कर नीचे बैठने में मदद करता है, जबकि स्कोरिया रॉक अपनी छिद्रयुक्त संरचना के कारण फिल्टर की तरह अशुद्धियों को कम करने में सहायक हो सकती है। हालांकि इसे पूर्ण रूप से लागू करने के लिए अन्य शोध की आवश्यकता है।

### बीबीडी यूनिवर्सिटी

और कानूनी बिरादरी के जाने-माने लोगों को एक साथ लाना है, ताकि उनके स्थायी योगदान पर चर्चा की जा सके और कानूनी शिक्षा में उत्कृष्टता का जश्न मनाया जा सके। इस प्रतियोगिता में पूरे भारत से नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज और अन्य प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटीज व कॉलेजों ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया, जो इसकी व्यापक पहुंच और प्रतिष्ठा को दर्शाता है। शुरुआती राउंड के लिए कुल 54 टीमों ने रजिस्ट्रेशन कराया, जिससे प्रतिभागियों में काफी दिलचस्पी और प्रतिस्पर्धा की भावना दिखी। प्रतियोगिता हाइब्रिड मोड में आयोजित की गई, जिसमें फिजिकल और वर्चुअल दोनों तरह से हिस्सा लेने की सुविधा थी, जिससे अलग-अलग टीमों के लिए समावेशिता और पहुंच सुनिश्चित हुई। प्रतियोगिता का आरंभ 2 जुलाई को शुरूआती राउंड के साथ हुआ, जो ऑनलाइन आयोजित किए गए, जिससे सभी 54 टीमें अपनी-अपनी जगहों से आसानी से हिस्सा ले सकीं। इन राउंड्स में प्रतिभागियों के बेहतरीन रिसर्च, तैयारी और वकालत के कौशल देखने को मिले। उनके प्रदर्शन के आधार पर, टॉप 16 टीमें ऑक्टा राउंड में पहुंचीं, जो 3 जुलाई को ऑनलाइन आयोजित किया गया। इससे प्रतियोगिता का स्तर और कड़ा हो गया, साथ ही निरंतरता और भागीदारी में आसानी भी बनी रही। ऑक्टा-राउंड से, सबसे अच्छी 8 टीमें क्वार्टर-राउंड के लिए चुनी गयीं। इसके बाद प्रतियोगिता कैंपस में (ऑफलाइन) स्टेज पर पहुंची, जहां शुक्रवार को क्वार्टर और सेमी-फाइनल राउंड हुए। सेमी-फाइनल राउंड में टॉप 4 टीमें शामिल थीं, जिन्होंने क्वार्टर-फाइनल राउंड पास किया था। इन राउंड्स में प्रतिभागियों ने बेहतरीन तर्क दिये, कोर्टरूम में शानदार बातचीत की और जबरदस्त वकालत का प्रदर्शन किया।

### जस्टिस डीपी

न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया एवं भारत के 23वें लॉ कमीशन के चेयरमैन मौजूद रहेंगे। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में जस्टिस एमएन भंडारी, पूर्व मुख्य न्यायाधीश मद्रास हाईकोर्ट एवं सेफमा एक्ट के तहत अपीलीय ट्रिब्यूनल के चेयरमैन, जस्टिस शमीम अहमद, न्यायाधीश, मद्रास हाईकोर्ट, जस्टिस प्रमोद कुमार श्रीवास्तव न्यायाधीश, इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ऑडिटोरियम, बीबीडी कैंपस में दिया जाएगा। इस अवसर पर कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।




# रोहित लॉर्ड्स में खेलेंगे अपने करियर का आखिरी मैच ?

## 'हिटमैन' का वर्ल्ड कप खेलने का सपना रह जायेगा अधूरा

नई दिल्ली। इंग्लैंड के खिलाफ पहले दोनों वनडे मैच में रोहित शर्मा संघर्ष करते हुए दिखाई दिए हैं। रोहित ने पहले मैच में 11 और दूसरे मुकाबले में 26 रन बनाए। इंग्लैंड के खिलाफ तीसरा वनडे मैच लॉर्ड्स में खेला जाना है। वो मैच रोहित के करियर का आखिरी मैच हो सकता है। सेलेक्टर्स ने शर्मा से आगे बढ़ने का फैसला कर लिया है। हाल ही में अफगानिस्तान के खिलाफ खेली गई वनडे सीरीज में भी रोहित का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा था।

उन्होंने तीसरे मैच में फिफ्टी लगाई थी लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ लगातार दो मैच में फ्लॉप हो गए। अब चयनकताओं ने उनसे आगे बढ़ने का फैसला कर लिया है और लॉर्ड्स वनडे के बाद उनका टीम में चयन मुश्किल हो सकता है। सेलेक्टर्स अब रोहित से आगे बढ़ने के बारे में सोच रहे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ इस सीरीज के बाद उनका अगली सीरीज में चयन बहुत मुश्किल है। शर्मा मौजूदा समय में 39 साल के हैं और विश्व कप तक वे 40 साल के हो जाएंगे। ऐसे में सेलेक्टर्स उनसे आगे बढ़ना चाहते हैं। विश्व कप 2027 के ध्यान में रखते हुए चयनकर्ता युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को मौका देना चाहते हैं। जायसवाल, जिन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ अपने आखिरी वनडे मैच में शतक



लगाया था, उन्हें इंग्लैंड की सीरीज में नहीं चुना गया था। ऐसे में अब सेलेक्टर्स जायसवाल को वर्ल्ड कप से पहले मौका देना चाहते हैं ताकि वे अपने आपको ढाल सकें और उन्हें इस फॉर्मेट का अनुभव मिले। रोहित ने अपनी कप्तानी में 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में भारत को जीत दिलाई थी। उसके बाद उन्हें कप्तानी से हटा दिया गया। बतौर बल्लेबाज उन्होंने 2025 में शानदार प्रदर्शन किया और टीम में अपनी जगह सुनिश्चित की। हालांकि, 2026 में उनका बल्ला नहीं चला है। न्यूजीलैंड के खिलाफ घर पर सीरीज और फिर अफगानिस्तान के खिलाफ भी एक ही मैच में वे 50 रनों के आंकड़े को पार कर सके। इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो मैचों में भी उनका बल्ला नहीं चला है।

### अगर रोहित का यह आखिरी मैच है, तो उम्मीद है कि वह यादगार पारी खेलेंगे: पार्थिव पटेल

नयी दिल्ली। अटकलें लगाई जा रही है कि इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में होने वाला तीसरा वनडे मैच रोहित शर्मा का आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच होगा और पूर्व भारतीय क्रिकेटर पार्थिव पटेल को उम्मीद है कि वह इस मैच में शतक जड़कर अपने आलोचकों को करारा जवाब देंगे। माना जा रहा है कि राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने रोहित को बता दिया है कि दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में 2027 में होने वाले विश्व कप के लिए उन्हें टीम में जगह नहीं मिलेगी। इससे रविवार को होने वाले मैच के बाद रोहित के संन्यास की घोषणा करने या उन्हें स्थायी रूप से टीम से बाहर किए जाने की संभावना पैदा हो गई है। वह पहले ही टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। अगर लॉर्ड्स में खेला गया वनडे मैच वाकई रोहित शर्मा के अंतरराष्ट्रीय करियर का आखिरी मैच है, तो वह शतक के साथ विदाई लेना चाहेंगे। वह ऐसा करने में पूरी तरह सक्षम हैं। हमने उनके पूरे करियर में देखा है कि दो-तीन मैच में कम स्कोर बनाने के बाद वह अक्सर बड़ा स्कोर बनाते हैं। रोहित ने दूसरे वनडे में 47 गेंद पर 26 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली। पटेल ने कहा कि विराट कोहली और रोहित शर्मा के बीच हमेशा से ही निरंतरता का अंतर रहा है। रोहित हर मैच में बड़ा स्कोर नहीं बनाते, लेकिन जब भी बनाते हैं तो दमदार पारी खेलते हैं। इस मैच में वह सहज नहीं दिखे। पटेल ने स्वीकार किया कि कार्डिफ में पिच की अनियमित उछाल से रोहित परेशान थे और किसी भी समय लय हासिल नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए अपने आलोचकों को चुप कराने का एक और मौका है। वह पहले भी कई बार ऐसा कर चुके हैं। अगर लॉर्ड्स वनडे वास्तव में उनका आखिरी मैच है तो मुझे उम्मीद है कि वह ऐसी पारी खेलेंगे जिसे लोग लंबे समय तक याद रखेंगे।

# सिंधू जापान ओपन के सेमीफाइनल में



एजेंसी

तोक्यो। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू करीब तीन साल में पहली बार सुपर 750 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गई जब शुक्रवार को जापान ओपन के महिला एकल क्वार्टर फाइनल से पहले पूर्व विश्व चैम्पियन नोजोमी ओकुहारा ने नाम वापिस ले लिया।

2019 विश्व चैम्पियन सिंधू आखिरी बार 2023 डेनमार्क ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के अंतिम चार में पहुंची थी। इस सत्र में वह मलेशिया ओपन सुपर 1000 और आस्ट्रेलिया ओपन सुपर 500 के सेमीफाइनल में भी पहुंची थी। ओकुहारा को प्री क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया की अन सि यंग के नाम वापिस लेने के बाद अंतिम आठ में प्रवेश मिला था। सिंधू का सामना अब तोक्यो ओलंपिक चैम्पियन चेन युफेइ से होगा जिन्होंने दक्षिण कोरिया की सिम यू जिन को 21 . 10, 21 . 12 से मात दी। चौथी वरीयता प्राप्त चीन की युफेइ का सिंधू के खिलाफ जीत हार का रिकॉर्ड 8 . 6 का है। उन्होंने 2019 विश्व चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में चेन को हराया था और खिताब जीतने वाली भारत की पहली बैडमिंटन खिलाड़ी बनी थी।

संक्षेप

### भारत की अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम के मुख्य कोच

बेंगलुरु। स्वीडन के जोआकिम अलेक्जेंडरसन को एक बार फिर भारत की अंडर-17 महिला राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। लगभग एक साल पहले यह जिम्मेदारी छोड़ने के बाद उनकी वापसी हुई है। भारतीय टीम अक्टूबर में होने वाले एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप 2027 क्वालीफायर की तैयारियों में जुट गई है। 24 खिलाड़ियों का दल बुधवार से बेंगलुरु में शुरू हुए ट्रेनिंग शिविर और चयन ट्रायल में शामिल हुआ। भारत को क्वालीफायर के ग्रुप-ई में मेजबान मलेशिया, सीरिया और इराक के साथ रखा गया है। यह प्रतियोगिता पांच से 11 अक्टूबर तक आयोजित होगी। इसमें एक जनवरी 2010 या उसके बाद जन्मीं खिलाड़ी भाग लेने के पात्र हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने एक बयान में कहा, मुख्य कोच जोआकिम अलेक्जेंडरसन ने नए क्वालीफिकेशन चक्र के लिए अंडर-17 महिला टीम की कमान संभाल ली है। एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप 2026 में टीम की कोच रहीं पामेला कोंटी का अनुबंध मई में समाप्त हो गया था और इसके बाद उन्होंने पद छोड़ दिया था।

### मेस्सी बनाम यमाल की प्रतिद्वंद्विता नहीं

मुंबई। जर्मनी के महान गोलकीपर ओलिवर कान ने इस बात को खारिज कर दिया कि रविवार को होने वाला फीफा विश्व कप फाइनल लियोनल मेस्सी और स्पेन के युवा स्टार लामिन यमाल के बीच प्रतिद्वंद्विता है। उनका कहना है कि दोनों खिलाड़ी अपने करियर के बिल्कुल अलग-अलग पड़ाव में हैं। गत चैंपियन अर्जेंटीना की टीम न्यूयॉर्क में होने वाले फाइनल में स्पेन से भिड़ेगी। अर्जेंटीना की नजरें अपने चौथे विश्व कप खिताब और लगातार दूसरी बार चैंपियन बनने पर होगी। जी5 के विश्व कप विशेषज्ञ पैनल के सदस्य कान ने पत्रकारों से कहा, इन दोनों खिलाड़ियों के बीच कोई प्रतिद्वंद्विता नहीं है क्योंकि एक खिलाड़ी 40 साल का है और दूसरा 19 साल का। मेस्सी तो यमाल के आदर्श हैं। दोनों बेहद दिलचस्प खिलाड़ी हैं और दोनों एक ही अकादमी से निकले हैं। यमाल कई वर्षों से मेस्सी की प्रशंसा करते आए हैं और उन्हीं के जैसा बनना चाहते हैं। यह युवा खिलाड़ी के लिए बेहद खास मौका है। यमाल ने दो साल पहले यूरो कप जीता था और अब उनके पास विश्व कप जीतने का मौका है। 19 साल की उम्र में यह बहुत बड़ी उपलब्धि हो सकती है, लेकिन इसके साथ आने वाले दबाव और भविष्य की अपेक्षाओं को संभालना भी आसान नहीं होता। स्पेन की राष्ट्रीय टीम में यमाल की भूमिका उनके क्लब बार्सीलोना की तुलना में अलग है, इसलिए उनसे अभी और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा सकती है।

# कोहली और गंभीर दिन में 10 बार बात करते हैं: कोटक

कार्डिफ। भारतीय बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने मुख्य कोच गौतम गंभीर और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के बीच बातचीत नहीं होने की खबरों को कोरी अपवाह करार देते हुए कहा कि अभ्यास सत्र के दौरान भले ही वे एक-दूसरे से दूर-दूर दिखाई दें, लेकिन वे दिन में 10 बार बात करते हैं।

ऐसी अटकलें हैं कि गंभीर और कोहली काफी समय से एक-दूसरे से बातचीत नहीं कर रहे हैं और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को सलाह दी गई है कि इन दोनों को एक साथ बिठाकर उनके मतभेदों को सुलझाने के लिए किसी मध्यस्थ की मदद ली जा सकती है। बर्मिंघम और कार्डिफ में अभ्यास सत्रों के दौरान भी दोनों को आपस में बातचीत करते नहीं देखा गया। कोहली को अभ्यास सत्र के बाद कोटक से बात करते हुए देखा गया। भारत की दूसरे वनडे में चार विकेट से हार के बाद जब कोटक से पूछा गया कि क्या वह कोहली और गंभीर के बीच सेतु का काम कर रहे हैं तो वह हंसने लगे। उन्होंने कहा कि विराट कोहली और गौतम गंभीर दिन में कम से कम 10 बार एक-दूसरे से बात करते हैं। मुझे नहीं लगता कि उन्हें



(कोहली को) मुख्य कोच से संवाद करने के लिए किसी माध्यम की जरूरत है। कोटक ने कहा कि आपने संवादहीनता की बात की है। मुझे नहीं पता कि आप ये बातें कहां से सुनते हैं लेकिन ये कोरी अफवाहें हैं। कोटक ने अपने पूर्ववर्ती अभिषेक नायर की हालिया टिप्पणी को दोहराया कि जब तक स्वयं दिग्गज बल्लेबाज अपनी बल्लेबाजी पर सलाह न मांगे, तब तक उन्हें कोई सलाह नहीं देनी चाहिए। उन्होंने कहा, जब विराट बल्लेबाजी करने मैदान पर उतरते हैं, तो बल्लेबाजी कोच के तौर पर मैंने यह महसूस किया है कि अगर वह सुझाव नहीं मांगते हैं या कोई ऐसी महत्वपूर्ण बात नहीं है जिस पर ध्यान देने की जरूरत हो तो उन्हें परेशान करने का कोई मतलब नहीं है। आपको उन्हें बिना मांगे सलाह नहीं देनी चाहिए।

# रूट की शानदार पारी से इंग्लैंड ने की भारत को हराकर शृंखला बराबर

कार्डिफ। जो रूट ने सूत्रधार की भूमिका निभाकर नाबाद 99 रन की शानदार पारी खेली जिससे इंग्लैंड ने दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भारत को चार विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। इस मैच में सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा के संघर्ष को देखते हुए उनके भविष्य को लेकर अटकलों का बाजार गर्म हो गया। रोहित ने 47 गेंद पर 26 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली।

रूट ने 133 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से नाबाद 99 रन बनाकर इंग्लैंड को जीत दिलाई। श्रृंखला का आखिरी मैच रविवार को लॉर्ड्स में खेला जाएगा और माना जा रहा है कि यह रोहित का आखिरी मैच हो सकता है। भारतीय बल्लेबाज दूसरे वनडे में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए और पूरी टीम 44 ओवरों में 233 रन पर आउट हो गई। विराट कोहली (65) और श्रेयस अय्यर (66) ने यह सुनिश्चित किया कि अन्य बल्लेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद भी गेंदबाजों के पास कुछ मौका बना रहे। इसके जवाब में रूट ने आदर्श पारी खेली। उन्होंने दिखाया कि तेज उछाल वाली पिच पर लक्ष्य का पीछा कैसे किया जाता है। भारतीय तेज गेंदबाजों ने इंग्लैंड को शुरू में झटके दिए और एक समय



उसका स्कोर पांच विकेट पर 125 रन था। लेकिन रूट की विल जैक्स (30) के साथ छठे विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी ने मैच को इंग्लैंड के पक्ष में कर दिया। इंग्लैंड ने 44.1 ओवर में छह विकेट पर 235 रन बनाकर जीत हासिल की। रूट शतक के बेहद करीब पहुंच गए थे, लेकिन गस एटकिंसन ने विजयी चौका लगाकर उन्हें शतक बनाने से रोक दिया। इससे पहले रोहित एक बार फिर कड़ी निगरानी में आ गए। हर डॉट बॉल से उन पर दबाव बढ़ता जा रहा था। विपक्षी टीमों ने उनकी तकनीक की खामियों को भांप लिया है और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज पूर्व भारतीय कप्तान के लिए परेशानी खड़ी करने के लिए तुरंत मैदान में उतारे जाते हैं। एटकिंसन की गेंद पर एक छक्का लगाने के अलावा रोहित ने कोई भी शॉट आत्मविश्वास से नहीं खेला। सैम करन की छह गेंदों पर एक भी रन न मिलने के बाद वह आदिल राशिद का सामना भी नहीं कर पाए। विल जैक्स ने उनकी पारी का अंत कर दिया, जब उनका स्वीप शॉट बल्ले के ऊपरी किनारे से लगकर जोस बटलर के लिए एक आसान कैच में बदल गया। जोफ्रा आर्चर (10 ओवर में 47 रन देकर तीन विकेट) के घातक स्पेल से भारतीय टीम का मध्यक्रम बुरी तरह लड़खड़ा गया जिसमें 26 गेंद में 15 रन के अंदर चार विकेट गिर गए। एटकिंसन ने 50 रन देकर तीन विकेट जबकि साकिब महमूद ने 52 रन देकर दो विकेट लिए।

कोहली की 66 गेंद की पारी में आठ चौके शामिल थे जिनमें आर्चर की गेंद पर लगाया गया बैक-ड्राइव सबसे खूबसूरत था। उप-कप्तान श्रेयस अय्यर भारत के लिए बल्लेबाजी के नायक साबित हुए जिन्होंने 71 गेंद में पांच चौके और दो छक्के लगाए। उन्होंने शॉर्ट पिच गेंदों का अच्छी तरह सामना किया, लेकिन दूसरे छोर से उन्हें ज्यादा साथ नहीं मिला। उन्होंने आर्चर की गेंद पर छक्के के साथ अर्धशतक पूरा किया। इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। भारतीय कप्तान शुभमन गिल (30 गेंद में 31 रन) ने छह चौके जड़े। एटकिंसन की गेंद को हवा में खेलकर गिल कैच आउट हो गए। ईशान किशन (एक) की तकनीक से जुड़ी कमियां फिर उजागर हुई जिसमें ज्यादा उछाल वाली गेंदों को खेलने में उनकी अक्षमता भी दिखी।

# 8 वर्षीय शब्द अग्रवाल ने बनाया होल-इन वन, द पाम्स गोल्फ क्लब का बढ़ाया मान




लखनऊ। द पाम्स गोल्फ क्लब एंड रिजॉर्ट, सुशांत गोल्फ सिटी, लखनऊ के होनहार जूनियर गोल्फर शब्द अग्रवाल (आयु 8 वर्ष) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एनसीआर कप 25वीं जूनियर एवं एमेच्योर गोल्फ टूर्नामेंट में होल-इन-वन का दुर्लभ कारनामा कर इतिहास रच दिया।

यह उपलब्धि उन्होंने 17 जुलाई 2026 को क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब, मानेसर (गुरुग्राम) में आयोजित प्रतियोगिता के दौरान होल नंबर-1 (100 यार्ड) पर 52ट गैप वेज से एक ही शॉट में गेंद को सीधे होल में डालकर हासिल की। शब्द अग्रवाल द पाम्स गोल्फ क्लब एंड रिजॉर्ट, लखनऊ के सदस्य हैं तथा जूनियर कैटेगरी 'ई' में खेलते हैं। उनके पिता श्री हिमांशु अग्रवाल एवं माता श्रीमती प्रियंका अग्रवाल ने उनकी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे उनके निरंतर अभ्यास और समर्पण का परिणाम बताया। द पाम्स गोल्फ क्लब एंड रिजॉर्ट मैनेजर गोल्फ ऑपरेशन राम मिलन एवं परिवार ने शब्द अग्रवाल को इस शानदार उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी हैं। इतनी कम उम्र में होल-इन-वन जैसा दुर्लभ कारनामा करना न केवल उनके परिवार, बल्कि लखनऊ और द पाम्स गोल्फ क्लब के लिए भी गर्व का विषय है।

# आईओए को जांच के निर्देश के बावजूद हॉकी इंडिया के आचार आयोग ने नोटिस भेजा

नयी दिल्ली। हॉकी इंडिया में चल रहा विवाद थमने का नाम ही नहीं ले रहा और अब खेल मंत्रालय के आईओए को जांच समिति के गठन के निर्देश के बावजूद हॉकी इंडिया के आचार आयोग ने असुंथा लाकड़ा को नोटिस भेज दिया है जिसे भारत की पूर्व कप्तान ने बदले की कार्रवाई बताया है। भारतीय हॉकी में उत्पीड़न और धमकी के लाकड़ा के आरोपों की जांच के लिये खेल मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को भारतीय ओलंपिक संघ को तटस्थ समिति के गठन का निर्देश दिया था।

हॉकी इंडिया के आचार आयोग के प्रमुख जस्टिस (सेवानिवृत्त) राघवेंद्र कुमार ने झारखंड की खिलाड़ी अलबेला रानी टोप्पो द्वारा कथित तौर पर लाकड़ा के खिलाफ पांच अप्रैल और नौ जुलाई को की गई शिकायतों के आधार पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होंने नोटिस में कहा कि हॉकी इंडिया से दस जुलाई को मिले पत्र के आधार पर मुझे आपके खिलाफ लगाये गए आरोपों के तथ्यों की जांच करने के लिये कहा गया है। आपको 30 जुलाई तक जवाब जमा करना होगा और ऐसा नहीं करने पर यह माना जायेगा कि आपको अपने बचाव में कुछ नहीं कहना है और फिर प्रक्रिया तथा कानून के तहत जांच की जायेगी। लाकड़ा ने इसे बदले की कार्वाई बताते हुए भाषा से कहा कि जब आईओए को मामले की जांच के निर्देश दिये गए हैं तो अब ये नोटिस भेजने का मतलब मुझे परोक्ष रूप से धमकाना है। मैं अपना पक्ष आईओए द्वारा गठित समिति के सामने रखूंगी। मेरे खिलाफ शिकायतें फर्जी है और बदले की कार्वाई में की गई है। गौरतलब है कि हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने मंत्रालय को बुधवार को पत्र लिखकर लाकड़ा के आरोपों की स्वतंत्र जांच कराये जाने का अनुरोध किया था। इसके बाद बृहस्पतिवार को मंत्रालय ने आईओए को समिति के गठन के निर्देश दिये। हॉकी इंडिया के कार्यकारी बोर्ड की सदस्य और चयनकर्ता लाकड़ा ने इससे पहले हॉकी में यौन उत्पीड़न के आरोपियों को बचाने, महिला खिलाड़ियों के साथ दुव्यर्वहार और धमकाने के आरोप लगाते हुए खेल मंत्रालय को पत्र लिखकर तुरंत दखल का अनुरोध किया था। उन्होंने हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह पर उन्हें धमकाने का आरोप लगाया था। लाकड़ा ने यह भी कहा कि हॉकी झारखंड में हो रही करतूतों के खिलाफ आवाज उठाने के बाद से उन्हें चयन समिति की बैठकों में नहीं बुलाया जा रहा और एशियाई खेलों तथा विश्व कप जैसे अहम टूर्नामेंटों के लिये टीम चयन से भी उन्हें अलग रखा गया। अप्रैल में सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप मेरे शहर रांची में हुई थी लेकिन मुझे दरकिनार किया गया। मार्च में अर्जेंटीना दौरे के लिये टीम चयन के बाद से एक भी बैठक में नहीं बुलाया गया क्योंकि मैने गलत के खिलाफ आवाज उठाई। लाकड़ा ने एक बार फिर खेल मंत्रालय को हॉकी इंडिया को इस तरह की कार्वाई से रोकने के निर्देश देने का अनुरोध किया है जिससे जांच प्रभावित हो। उन्होंने पत्र में कहा कि भारतीय ओलंपिक संघ को मामले की निष्पक्ष जांच का जिम्मा सौंपा गया है और मैं अनुरोध करती हूं कि मेरे द्वारा या मेरे खिलाफ लगाये गए सभी आरोपों की जांच वही समिति करे ताकि बिना किसी डर या प्रभाव के इंसाफ हो सके।

मैं आपसे अनुरोध करती हूं कि इस तरह समांतर जांच प्रक्रिया पर रोक लगाई जाये जो मुझे धमकाने के लिये की जा रही है जबकि स्वतंत्र जांच के निर्देश दिये जा चुके हैं। मेरा भारत सरकार और खिलाड़ियों की गरिमा की सुरक्षा के लिये आपकी प्रतिबद्धता पर पूरा भरोसा है।

# एलपीएल के भारतीय सह मालिक खिलाड़ी को रिश्वत देने के प्रयास में श्रीलंका में गिरफ्तार

कोलंबो। लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) फ्रेंचाइजी जाफना किंग्स के सह-मालिक और भारत के एक पूर्व अंडर-19 क्रिकेटर को शुक्रवार को श्रीलंका की खेल भ्रष्टाचार रोधी जांच इकाई ने एक खिलाड़ी को रिश्वत देने की कोशिश के आरोप में गिरफ्तार किया।

यह गिरफ्तारी टूर्नामेंट के छठे चरण के शुरू होने से कुछ घंटे पहले हुई। इसमें संदिग्ध मनजोत कालरा हैं जिन्होंने 2018 अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में शतक जड़ा था जिससे टीम यह मैच जीत गई थी। उन्हें खेलों से जुड़े अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस विशेष जांच इकाई ने गिरफ्तार किया और बाद में मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया। सत्ताईस साल के कालरा ने खेल उद्यमिता में कदम रखते हुए इस साल की शुरुआत में जाफना किंग्स फ्रेंचाइजी में निवेश किया था। श्रीलंकाई पुलिस के अनुसार कालरा पर टूर्नामेंट के सिलसिले में पैसे का लालच देकर एक खिलाड़ी को प्रभावित करने की कोशिश करने का आरोप है। जांचकर्ताओं ने बताया कि खिलाड़ी ने लगभग 10 दिन पहले संपर्क किए जाने के बाद अधिकारियों को सूचित किया था जिसके बाद शुक्रवार को यह गिरफ्तारी हुई। पुलिस ने बताया कि श्रीलंका के खिलाड़ियों भानुका राजपक्षे, अविष्का फर्नांडो और डुनिथ वेलालगे ने शिकायत दर्ज कराई थी। ये तीनों खिलाड़ी जाफना किंग्स फ्रेंचाइजी के लिए खेलते हैं। यह गिरफ्तारी एलपीएल 2026 के पहले दिन हुई जब जाफना किंग्स की टीम गॉल गैलेंट्स से मैच खेल रही थी। पांच टीम वाले इस टूर्नामेंट में 24 मैच खेले जाएंगे और यह आठ अगस्त को खत्म होगा। एलपीएल में पिछले कुछ समय से मैच फिक्सिंग, रिश्वत देने और भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं। इस साल की शुरुआत में श्रीलंका की एक अदालत ने एक अन्य एलपीएल फ्रेंचाइजी के मालिक को चार साल की जेल की सजा सुनाई थी और उन पर जुर्माना भी लगाया गया था, जब उन्होंने एक खिलाड़ी को सट्टेबाजी की गतिविधियों के लिए शामिल करने की कोशिश करने की बात स्वीकार की थी। श्रीलंका क्रिकेट ने कहा कि टूर्नामेंट बिना किसी रुकावट के तय कार्यक्रम के अनुसार जारी रहेगा।

# सीतारमण ने बांटे 3216 करोड़ के ऋण



पलनाडु (आंध्र प्रदेश)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को पलनाडु जिले में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के ज ण पहुंच कार्यक्रम के दौरान केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत एक लाख से अधिक लाभार्थियों को 3,216 करोड़ रुपये के कर्ज वितरित किए।

सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कल्याण एवं विकास कार्यक्रमों का उद्देश्य लोगों के जीवन स्तर में सुधार करना है। स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), उद्यमियों, उद्योगपतियों और रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को शामिल करने वाली यह ऋण पहुंच पहल संस्थागत ऋण तक आसान पहुंच सुनिश्चित करेगी। नायडू ने कहा कि पहले लोगों को ऋण के लिए बैंकों के पास जाना पड़ता था। आज बैंक खुद लोगों तक पहुंचकर उन्हें ऋण उपलब्ध करा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि कृषि क्षेत्र के लिए 2,363 करोड़ रुपये, सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए 325 करोड़ रुपये और आवास, शिक्षा, वाहन तथा सौर ऊर्जा के लिए 624 करोड़ रुपये के ऋण मंजूर किए गए। नायडू ने कहा कि संस्थागत ऋण किसानों के भविष्य, युवाओं की आकांक्षाओं, महिलाओं के सशक्तीकरण और उद्यमियों के निवेश की नींव हैं। साथ ही ये लोगों को ऊंची ब्याज दर वसूलने वाले साहूकारों के कर्ज के जाल में फंसने से भी बचाते हैं। मुख्यमंत्री ने सीतारमण की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) से सख्ती से निपटा और डिजिटल बैंकिंग में क्रांति लाई जबकि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों के युक्तिकरण से सरकार के राजस्व में वृद्धि हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र ने अमरावती, पोलावरम परियोजना और विशाखापत्तनम इस्पात संयंत्र के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई। इससे राज्य को 2019 से 2024 के बीच पिछली युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) सरकार से विरासत में मिली वित्तीय कठिनाइयों से उबरने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि राज्य को वीबी-जी राम जी पहल के तहत केंद्र सरकार से 7,707 करोड़ रुपये मिलेंगे और रायलसीमा को बागवानी केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए 40,000 करोड़ रुपये दिए जाएंगे जिससे निजी निवेश भी आकर्षित होगा। नायडू ने कहा कि राज्य ने केंद्र के सहयोग से पिछली सरकार से विरासत में मिले ऊंची ब्याज दर वाले ऋणों का पुनर्निर्धारण किया जिससे l,538 करोड़ रुपये की बचत हुई। उन्होंने सीतारमण को महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि आंध्र प्रदेश के 10 लाख ग्रामीण क्षेत्रों में महिला एवं बाल विकास (डीडब्ल्यूसीआरए) समूहों ने 29,000 करोड़ रुपये की बचत की है और उनके ऋण चुकाने की दर 99.5 प्रतिशत रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए एक परिवार, एक उद्यमी पहल शुरू की है।

साथ ही 2047 तक आंध्र प्रदेश को स्वस्थ, समृद्ध एवं खुशहाल समाज में बदलने के अपने दृष्टिकोण को दोहराया। एक अलग कार्यक्रम में नायडू और सीतारमण ने यूनियन बैंक की कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पहल के तहत उपलब्ध कराई गई एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाई तथा छात्राओं को साइकिल वितरित की। इससे पहले यहां आगमन पर सीतारमण का मुख्यमंत्री आवास पर नायडू और राज्य के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री नारा लोकेश ने स्वागत किया।

# स्थानीय समुदाय होंगे हिस्सेदार तो वन संरक्षण प्रयास होंगे और सरदार व दीर्घकालिकः मुर्मू



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि समाज को वनों की सुरक्षा के कार्य में भागीदार बनाने से संरक्षण के प्रयास अधिक प्रभावी एवं दीर्घस्थायी बनेंगे।

राष्ट्रपति मुर्मू ने यहां राष्ट्रपति भवन में भारतीय वन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी प्रगति, जनसांख्यिकीय बदलाव और बढ़ती आकांक्षाएं उनके सामने नयी चुनौतियां पेश करती रहेंगी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के तौर पर आपको हालात के हिसाब से ढलने वाला और भविष्य की सोच रखने वाला होना चाहिए। आपको लगातार सीखते रहना चाहिए और नयी सोच को अपनाना चाहिए तथा संवैधानिक मूल्यों से भी मजबूती से जुड़े रहना चाहिए। राष्ट्रपति ने उनसे संरक्षण, वन-पुनर्स्थापन तथा सतत आजीविका से जुड़ी पहल में जनभागीदारी को बढ़ावा देने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदायों, वनवासियों, महिलाओं, किसानों तथा स्थानीय संस्थाओं के विचारों और चिंताओं को समझने से अधिकारियों को बहुमूल्य दृष्टिकोण प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि समाज को वनों की सुरक्षा के कार्य में भागीदार बनाने से संरक्षण के प्रयास अधिक प्रभावी एवं दीर्घस्थायी बनेंगे। मुर्मू ने कहा कि स्थानीय लोगों के पारंपरिक ज्ञान ने पीढ़ियों से जंगलों को बचाकर रखा है। आपको प्रशासन और स्थानीय लोगों के बीच भरोसा कायम करना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि वन सेवा के अधिकारियों की ज़िम्मेदारिया सिर्फ संरक्षण तक सीमित नहीं हैं। उन्होंने कहा, जंगलों में और उनके आस-पास रहने वाले लोगों की वैध आकांक्षाओं और पर्यावरण की सुरक्षा के बीच तालमेल जरूरी है। विकास और संरक्षण को एक-दूसरे के विरोधी के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए। आपको ऐसे समाधानों पर काम करना चाहिए जिनसे प्रकृति और समुदाय, दोनों एक साथ फल-फूल सकें। राष्ट्रपति ने अधिकारियों से कहा कि वे न केवल वनों के प्रशासक हैं, बल्कि भारत की प्राकृतिक धरोहर के संरक्षक भी हैं।

## संक्षेप

### सऊदी अरब ने पाकिस्तान के तीन अरब डॉलर के ऋण की अवधि बढ़ायी

इस्लामाबाद। सऊदी अरब ने पाकिस्तान को दिए गए तीन अरब डॉलर के ऋण की अवधि बढ़ा दी है। इससे अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की कड़ी शर्तों को पूरा करने के प्रयास में जुटे पाकिस्तान को राहत मिली है। पाकिस्तान के दैनिक अखबार द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर में यह जानकारी दी गई। आईएमएफ ने वर्ष 2024 में पाकिस्तान को सात अरब डॉलर का ऋण मंजूर किया था। इसके साथ यह शर्त रखी गई थी कि देश पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार बनाए रखकर वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करेगा। सऊदी अरब ने इसी वर्ष अप्रैल में पाकिस्तान को तीन महीने के लिए तीन अरब डॉलर का ऋण दिया था, ताकि वह संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का बकाया ऋण चुका सके। ईरान युद्ध के कारण क्षेत्र में बढ़े तनाव के बीच यूएई ने अपने ऋण की वापसी की मांग की थी। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के अनुसार, पाकिस्तान के वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने बृहस्पतिवार को कहा कि तीन अरब डॉलर के ऋण को आगे बढ़ाने के मामले में सब कुछ ठीक है। उन्होंने यह टिप्पणी उस सवाल के जवाब में की कि क्या इस सप्ताह परिपक्व हुए सऊदी अरब के तीन अरब डॉलर के नकद जमा की अवधि बढ़ा दी गई है। वित्त मंत्री औरंगजेब और ऊर्जा मंत्री सरदार अवैस लेघारी ने पिछले सप्ताहांत सऊदी अरब की यात्रा की थी।

# कमजोर मानसून देश की वृद्धि के लिए जोखिम



नयी दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि पश्चिम एशिया संकट और कमजोर मानसून की आशंका आर्थिक वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण जोखिम हैं।

हालांकि, उन्होंने कहा कि मजबूत व्यापक आर्थिक आधार के चलते भारत ने पिछले कुछ वर्षों में सात प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर दर्ज की है। मल्होत्रा ने डीडी न्यूज को दिए साक्षात्कार में कहा कि पिछले वित्त वर्ष में देश की वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रही जबकि चालू वित्त वर्ष के लिए आरबीआई ने विभिन्न चुनौतियों के बावजूद 6.6 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि का अनुमान लगाया है। उन्होंने कहा कि मौद्रिक और राजकोषीय नीतियां मजबूत हैं, जिसके कारण हमारी वृद्धि दर उच्च बनी हुई है। मुद्रास्फीति पर उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए महंगाई का अनुमान 4.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत कर दिया है। मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ने से जून में खुदरा महंगाई बढ़कर 4.38 प्रतिशत हो गई जबकि खाद्य मुद्रास्फीति 5.32 प्रतिशत रही। आरबीआई गवर्नर ने मानसून को एक अन्य जोखिम कारक बताते हुए कहा कि देश की एक बड़ी आबादी कृषि पर निर्भर है और इसका सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में करीब 17 प्रतिशत योगदान है, इसलिए मानसून की स्थिति पर नजर बनाए रखना होगा। रुपये में गिरावट पर उन्होंने कहा कि मजबूत डॉलर और वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद अन्य देशों की तुलना में भारतीय मुद्रा का प्रदर्शन स्थिर रहा है। पश्चिम एशिया में युद्ध के बाद डॉलर मजबूत हुआ है। कई देशों की मुद्राएं कमजोर पड़ी हैं। अगर हम वैश्विक परिप्रेक्ष्य में देखें तो भारतीय रुपये की स्थिति सामान्य मानी जा सकती है। मल्होत्रा ने प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) पर कहा कि पिछले वर्ष सकल एफडीआई लगभग 95 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर रहा, जबकि चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों में शुद्ध एफडीआई करीब सात अरब डॉलर रहा है। आरबीआई मुद्रास्फीति पर नियंत्रण को प्राथमिकता देते हुए वृद्धि को भी समर्थन देता रहेगा।

# अमित शाह बंगाल के तीन दिवसीय दौरे पर, सीमा सुरक्षा और कानून-व्यवस्था की समीक्षा करेंगे

कोलकाता। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार रात तीन दिवसीय पश्चिम बंगाल दौरे पर उत्तर बंगाल पहुंचेंगे।

इस दौरान वह सीमा सुरक्षा, कानून-व्यवस्था और नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगे तथा सिलीगुड़ी और कोलकाता में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। केंद्रीय गृहमंत्री का रात करीब नौ बजे सिलीगुड़ी के निकट बागडोगरा हवाई अड्डे पर पहुंचने का कार्यक्रम है, जहां पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी उनकी अगवानी करेंगे। इसके बाद शाह कदमतला स्थित सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के सीमावर्ती मुख्यालय जाएंगे, जहां वह रात्रि विश्राम करेंगे।

शनिवार को वह बांग्लादेश सीमा के निकट जुमागाछ स्थित बीएसएफ की 18वीं बटालियन की सीमा चौकी का दौरा करेंगे। इस दौरान शाह बीएसएफ जवानों से संवाद करेंगे, प्रहरी सम्मेलन को संबोधित करेंगे, पौधारोपण अभियान में हिस्सा लेंगे तथा बीएसएफ से जुड़ी कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसके बाद केंद्रीय गृह मंत्री सिलीगुड़ी स्थित उत्तर कन्या में एक बैठक की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें पश्चिम बंगाल में सीमा प्रबंधन और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों की समीक्षा की जाएगी।


वह राज्य में लागू किए गए तीन नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन का भी आकलन करेंगे और जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण से जुड़े मामलों पर अलग से बैठक करेंगे। केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा कि शाह के इस आधिकारिक दौरे का मुख्य केंद्रबिंदु सीमा सुरक्षा और सीमा प्रबंधन रहेगा।

# यूरोप में भीषण गर्मी से हुई 10 हजार की मौत

लंदन। यूरोप ने इस साल अप्रत्याशित रूप से भीषण गर्मी का सामना किया और पूरे महाद्वीप से संकलित आंकड़ों के मुताबिक तापमान में बेतहाशा वृद्धि से जुड़ी घटनाओं में सामान्य से कहीं अधिक करीब 10 हजार लोगों की जान गई है।

अध्ययनकर्ताओं के अनुसार जून के आखिर में इसमें तेजी से तब वृद्धि हुई जब यूरोप के कुछ हिस्सों में तापमान ने रिकॉर्ड तोड़ दिया। जानकारों का कहना है कि पूरी स्थिति समझने में समय लगता है और गर्मी से होने वाली कई मौतों को आधिकारिक तौर पर उस तरह दर्ज नहीं किया जाता। उदाहरण के लिए, भीषण गर्मी से दिल का दौरा पड़ सकता है, खासतौर पर उन लोगों को जो उम्रदराज हैं और पहले से किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त हैं। लेकिन उनकी मौत होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र में मौत की वजह दिल का दौरा लिखा जा सकता है। अध्ययनकर्ताओं के मुताबिक गर्मियों की शुरुआत चिंताजनक रही है। पिछले कुछ सालों में यूरोप में कई बार भीषण गर्मी पड़ी जिसकी वजह से हजारों लोगों की मौत हुई है। फिर भी, गर्मी के कारण यूरोप में 2003 का साल सबसे जूयादा जानलेवा रहा, जिसमें लगभग 70,000 लोगों की मौत हुई थी। जलवायु परिवर्तन की वजह से भीषण गर्मी की आवृत्ति बढ़ रही है और यह बदलाव कोयला, तेल और गैस जैसे ईंधन दहन से होता है। यूरोएमओएमओ मृत्यु निगरानी केंद्र है, जिसे दो दर्जन देशों से आंकड़े प्राप्त होते हैं। इन आंकड़ों के मुताबिक 28 जून को समाप्त हुए हफ्ते में सभी वजहों से करीब 14,260 अधिक मौतें हुईं। इनमें से 12,000 से जूयादा मौतें 65 साल और उससे जूयादा उम्र के लोगों की थीं। यह उस हफ्ते हुई कुल 84,583 मौतों में से था। उससे पहले और बाद के हफ्तों में ये आंकड़े काफी कम थे। हम इसका कारण यूरोप के कई देशों में पड़ रही भीषण गर्मी को मानते हैं, और ऐसा इसलिए है क्योंकि इस अवधि में इतनी अधिक मौतों की कोई और साफ वजह समझ नहीं आती।

# यूक्रेन में रूसी हमले में चार लोगों की मौत



कीव। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि यूक्रेन पर रात भर हुए रूसी हमलों में कम से कम चार आम नागरिकों की मौत हो गई और 20 अन्य लोग घायल हो गए।

जेलेंस्की अपने लोकप्रिय रक्षा मंत्री को हटाये जाने के बाद राजनीतिक संकट से जूझ रहे हैं। बृहस्पतिवार को जेलेंस्की ने अपनी सरकार में बड़े बदलाव किए, जिसमें नए प्रधानमंत्री की नियुक्ति भी शामिल है। इस कदम से देश के सैन्य नेतृत्व में बेचैनी फैल गई और जनता में भी नाराजगी देखी गई। चार साल से जूयादा समय से चल रहे रूसी हमले के ख़िलाफ लड़ाई में यूक्रेन को जब कुछ कामयाबी मिल रही थी, तब यह एक अनचाही मुश्किल खड़ी हो गई। सरकार के युवा और लोकप्रिय सदस्य मिखाइलो फेडोरोव के रक्षा मंत्रालय से अचानक हटने के बाद, बृहस्पतिवार को यूक्रेन के कई शहरों में हज़ारों लोगों ने उन्हें हटाए जाने के विरोध में प्रदर्शन किया। फ़ेडोरोव (35) इस पद पर सिर्फ़ छह महीने रहे। उन्हें यूक्रेन में तेजी से हुए सफल प्रौद्योगिकी नवोन्मेष और दूसरे कदमों जैसे कि सेना में भ्रष्टाचार के ख़िलाफ लड़ाई के पीछे मुख्य ताकत माना जाता है। इन कदमों ने यूक्रेन के लोगों में युद्ध को लेकर नई उम्मीद जगाई। जेलेंस्की के अनुसार, फेडोरोव और यूक्रेन की सेना के कमांडर जनरल ओलेक्जेंडर सिरस्की के बीच रिश्ते खराब हो गए थे। इन खराब रिश्तों की वजह से फ़ेडोरोव का पद पर बने रहना मुश्किल हो गया था। क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन के प्रमुख ओलेह किपर ने बताया कि यूक्रेन के दक्षिणी बंदरगाह शहर ओडेसा पर रात भर हुए रूसी मिसाइल हमले में दो लोगों की मौत हो गई और बच्चों समेत 10 अन्य घायल हो गए। जेलेंस्की के अनुसार, जापोरिझिया इलाके में एक हमले में दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। उत्तर-पूर्वी खार्किव इलाके में रूसी गोलाबारी से तीन लोग घायल हुए। अधिकारियों ने बताया कि यूक्रेन के पांच अन्य इलाकों में रूसी हमलों में और भी लोग घायल हुए।

## इंटरटेनमेंट...

# एनिमेटिड फिल्म 'महाप्रभु जगन्नाथ' की रिलीज का रास्ता साफ




नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को एनिमेटिड फिल्म महाप्रभु जगन्नाथ को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का उत्सव समाप्त होने के बाद देशभर में 28 जुलाई या उसके पश्चात रिलीज करने की अनुमति दे दी।

न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि यह एनिमेटिड फिल्म उस वेब सीरीज पर आधारित है, जिसे पहले ही यूट्यूब पर जारी किया जा चुका है। पीठ ने यह भी उल्लेख किया कि केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) ने फिल्म के प्रदर्शन के लिए प्रमाणपत्र जारी कर दिया है। फिल्म के निर्माताओं ने ओडिशा उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें एले एनिमेशंस प्राइवेट लिमिटेड को फिल्म रिलीज करने से रोक दिया गया था। यह फिल्म आज सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने वाली थी। राज्य सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि ओडिशा और देश के अन्य हिस्सों में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा बृहस्पतिवार से शुरू हो चुकी है। पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने से इनकार करते हुए फिल्म को 17 जुलाई को रिलीज करने का निर्देश देने से भी मना कर दिया। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने फिल्म निर्माताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता देवदत्त कामत से कहा, रथ यात्रा समाप्त होने के बाद आप फिल्म रिलीज कर सकते हैं। कामत ने पीठ से मूल रूप से घोषित तारीख पर फिल्म की रिलीज की अनुमति देने का आग्रह करते हुए कहा कि इसी विषय पर आधारित वेब सीरीज दो वर्ष पहले यूट्यूब पर जारी की गई थी और उससे किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न नहीं हुई थी। हालांकि, पीठ ने उनसे रथ यात्रा के उत्सव के दौरान फिल्म रिलीज नहीं करने को कहा। कामत ने दलील दी कि फिल्म पर करोड़ों रुपये का निवेश किया गया है और सिनेमाघरों की बुकिंग पहले ही हो चुकी है। यदि रथ यात्रा के 10 दिनों के दौरान फिल्म रिलीज नहीं हो पाती है, तो निर्माताओं को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) ने फिल्म को प्रमाणित किया है। यह बच्चों के लिए बनाई गई फिल्म है और बाल गणेश पर आधारित एनिमेटिड फिल्म की तरह पूरी तरह काल्पनिक है। इसके बाद पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ फिल्म निर्माताओं द्वारा दायर याचिका का निस्तारण कर दिया।

# रानी मुखर्जी को मिलेगी डॉक्टरेट की उपाधि

मुंबई। अभिनेत्री रानी मुखर्जी को भारतीय सिनेमा में उनके योगदान और मानवीय कार्यों के लिए ऑस्ट्रेलिया का ला ट्रोब विश्वविद्यालय डॉक्टर ऑफ लेटर्स (डीलिट) की मानद उपाधि देगा। भारतीय फिल्म महोत्सव मेलबर्न (आईएफएफएम) ने बुधवार को यह घोषणा की। अपने तीन दशक के करियर में ब्लैक, नो वन किल्ड जेसिका, हिचकी, मर्दानी और मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे जैसी फिल्में कर चुकीं रानी मुखर्जी को यह सम्मान 14 अगस्त को मेलबर्न के फेडरेशन स्क्वायर में आयोजित एक विशेष समारोह में दिया जाएगा। यह समारोह 13 से 23 अगस्त तक चलने वाले आईएफएफएम 2026 के दौरान आयोजित होगा। आईएफएफएम ने एक बयान में कहा कि यह सम्मान महिलाओं, बच्चों और हाशिए पर रहने वाले समुदायों से जुड़े मुद्दों के लिए उनके समर्थन को भी मान्यता देता है।

# तुम्बाड-2 में सोहम शाह के साथ नजर आयेंगी आलिया



नयी दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट फिल्म तुम्बाड 2 में अभिनेता सोहम शाह के साथ नजर आएंगी। फिल्म का निर्देशन आदेश प्रसाद कर रहे हैं जबकि इसका निर्माण सोहम शाह फिल्म्स ने पेन स्टूडियोज के साथ मिलकर किया है। यह वर्ष 2018 में रिलीज हुई फिल्म तुम्बाड का अगला भाग है। सोहम शाह ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर आलिया भट्ट के साथ अपनी तस्वीरें साझा करते हुए यह जानकारी दी।

उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, एक नया अध्याय शुरू होता है। आलिया भट्ट, तुम्बाड 2 में आपका स्वागत है। तीन दिसंबर, 2027 को सिनेमाघरों में मिलते हैं। यह फिल्म तीन दिसंबर, 2027 को सिनेमाघरों में प्रदर्शित की जाएगी। अभिनेत्री ने भी इस पोस्ट को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर साझा किया। वर्ष 2018 में रिलीज हुई फिल्म तुम्बाड का निर्देशन राही अनिल बर्वे ने किया था।

# सोनम वांगचुक पर आधारित नही थी '3 इडियट्स'



नयी दिल्ली। अभिनेता आमिर खान ने कहा कि फिल्म 3 इडियट्स में उनका किरदार सोनम वांगचुक पर आधारित नहीं था। उन्होंने इसे गलत धारणा बताया, वहीं कार्यकर्ता के अनशन को लेकर चिंता जताई। खान लंदन इंडियन फिल्म फेस्टिवल में सवाल-जवाब सत्र में शामिल हुए थे, जहां एक पत्रकार ने उनसे वांगचुक के विरोध प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देने को कहा। इसका वीडियो इंटरनेट पर प्रसारित हो रहा है। फिल्म 3 इडियट्स का निर्देशन राजकुमार हिरानी ने किया था और यह फिल्म 2009 में रिलीज हुई थी। इसमें आमिर ने फुनसुख वांगडू (रैंचो) की भूमिका निभाई थी। खान ने कहा कि फिल्म बनाने के दौरान न तो उन्हें और न ही फिल्म के लेखकों को वांगचुक के बारे में जानकारी थी। उन्होंने कहा, नहीं, यह सही नहीं है। वास्तव में यह एक गलत धारणा है। जब हम फिल्म 3 इडियट्स बना रहे थे, उस समय मुझे सोनम वांगचुक के बारे में जानकारी नहीं थी। मैं आपको बताना चाहता हूं कि न तो राजू (राजकुमार हिरानी) और न ही फिल्म के लेखक अभिजात, और न ही मुझे वांगचुक के बारे में पता था। हम उन्हें नहीं जानते थे। हालांकि, सोनम जो काम कर रहे हैं, वह किसी भी स्थिति में अच्छा काम है। उनका सम्मान करने और उनके काम की सराहना करने के लिए यह जरूरी नहीं है कि वह 3 इडियट्स के किरदार पर आधारित हों। वांगचुक से जुड़ी एक खबर मंगलवार को उस समय सुर्खियों में आई, जब फिल्म में नजर आए ओमी वैद्य ने अपने एक्स अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया। उन्होंने दावा किया कि फिल्म में खान का किरदार इस कार्यकर्ता पर आधारित था। उन्होंने लोगों से वांगचुक की बिगड़ती सेहत की ओर ध्यान देने की अपील की।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com